




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 235 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष कृ.2 2081 रविवार, 17 नवंबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये


### 'जिनके बच्चे नहीं वो बच्चों का दर्द क्या जानें'

नागपुर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के झांसी अस्पताल में 10 नवजात बच्चों की मौत को लेकर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला बोला है, कांग्रेस ने कहा जिसे बच्चा नहीं है वो क्या जाने से खोने का दर्द क्या होता है।


झांसी की घटना को लेकर नागपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को झांसी हादसे को लेकर घेरा है। सुरजेवाला ने कहा, 10 नवजात बच्चों की मौत हो गई। उस मां के आंसू और भावना को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता जिसने अपनी औलाद को खो दिया है। ये हादसा नहीं ये संस्थागत हत्या है।

## पीएम नाइजीरिया दौरे पर रवाना

### 17 साल बाद भारतीय पीएम का दौरा

अबुजा, 16 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार लगभग डेढ़ बजे नाइजीरिया दौरे के लिए रवाना हो गए हैं। वे राष्ट्रपति अहमद टिनूबू के न्योते पर पहली बार नाइजीरिया जा रहे हैं। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री का 17 साल में पहला नाइजीरिया दौरा होगा। मोदी से पहले साल 2007 में तत्कालीन पीएम डॉ. मनमोहन सिंह नाइजीरिया के दौरे पर गए थे। पीएम मोदी रविवार को राष्ट्रपति टिनूबू से मुलाकात करेंगे। उनके बीच भारत-नाइजीरिया के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा होगी। इसके बाद मोदी राजधानी अबुजा में भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित करेंगे। नाइजीरिया में 150 से ज्यादा भारतीय कंपनियां हैं, जिनका 2 लाख करोड़ से ज्यादा का कारोबार है।

# आतंकी अपने घरों में भी डरते हैं : पीएम मोदी




नई दिल्ली, 16 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा है और कहा कि अब आतंकी अपने घरों में भी असुरक्षित महसूस करते हैं, जबकि पिछली सरकारों में आतंकवाद के चलते लोग असुरक्षित महसूस करते थे। एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने ये भी कहा कि पिछली सरकारों ने वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति की, लेकिन अब हम ये सुनिश्चित कर रहे हैं कि लोगों का विश्वास सरकार में बहाल हो।

**✲ अब आतंकी अपने घरों में भी डरते हैं**

कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने शनिवार को एक प्रदर्शनी के दौरान 26/11 के मुंबई हमले से जुड़ी रिपोर्ट्स को देखा। उस समय आतंकवाद लोगों को डराता था और लोग असुरक्षित महसूस करते थे, लेकिन अब समय बदल गया है और अब आतंकवादी ही अपने घरों में असुरक्षित महसूस करते हैं।

**✲ लोगों की आकांक्षाएं हमारी नीति का आधार**

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने वोटबैंक की राजनीति की, जबकि मौजूदा सरकार लोगों का विश्वास सरकार में बहाल करने की कोशिशों में जुटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का मंत्र जनता की सरकार, जनता के लिए है। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत अभूतपूर्व आकांक्षाओं से भरा हुआ है और हमने इन आकांक्षाओं को अपनी नीतियों का आधार बनाया है। हमने 10 वर्षों में बीते 70 साल से ज्यादा गैस कनेक्शन दिए हैं।

**✲ देश का युवा जोखिम लेने के लिए तैयार**

पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के बाद की सरकारें लोगों में उस उत्साह का संचार नहीं कर पाईं, जो जोखिम लेने के लिए जरूरी था। बीते 10 वर्षों में हमने देश के युवाओं में जोखिम लेने की क्षमता विकसित की है। इसी का नतीजा है कि देश में अब 1.25 लाख पंजीकृत स्टार्टअप हैं।

### 'एमवीए झूठ फैला रहा है'

मुंबई, 16 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव की वोटिंग से 4 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा, एक हैं तो सेफ है जन-जन तक पहुंचाना है। महाविकास अघाड़ी महाराष्ट्र में झूठ फैला रही है।

भाजपा के 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम में मोदी वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लिया। उन्होंने भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं से कहा, महाराष्ट्र में भाजपा शासित महायुति मराठाओं के गौरव को बढ़ाने का काम कर रही है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सभी 288 विधानसभा सीटों पर सिंगल फेज में 20 नवंबर को वोटिंग है। इसके नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। भाजपा महायुति गठबंधन में सबसे ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने 148 उम्मीदवार घोषित किए हैं।

## भाजपा और कांग्रेस की ओर से की गई शिकायतों पर चुनाव आयोग सख्त

### दोनों दलों को पत्र लिखकर मांगा जवाब

नई दिल्ली, 16 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। दोनों राज्यों में राजनीतिक दल जमकर प्रचार कर रहे हैं और पार्टी के नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज चली है। वहीं इस जुबानी जंग में आपत्तिजनक बयानों को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने एक-दूसरे की शिकायत चुनाव आयोग से की थी।

इस पर चुनाव आयोग ने दोनों दलों के राष्ट्रीय अध्यक्ष से जवाब मांगा है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर कांग्रेस की ओर से की गई शिकायत पर जवाब मांगा है। जबकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भी भाजपा की ओर से की गई शिकायत पर जवाब देने के लिए कहा है। चुनाव आयोग ने दोनों पार्टी अध्यक्षों से 18 नवंबर को दोपहर एक बजे तक औपचारिक जवाब मांगा है। साथ ही उन्हें लोकसभा चुनाव के दौरान 22 मई 2024 को जारी किए गए चुनाव आयोग के पूर्व परामर्श की याद दिलाई है। इसमें स्टार प्रचारकों और नेताओं पर नियंत्रण रखने के लिए कहा गया था। ताकि सार्वजनिक शिष्टाचार का उल्लंघन न हो और चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन किया जा सके। कांग्रेस ने 14 नवंबर को चुनाव अभियान के दौरान झूठे, विभाजनकारी, दुर्भावनापूर्ण और निंदनीय बयान देने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। विपक्षी दल ने आयोग से महाराष्ट्र और झारखंड में शेष चुनाव अभियान के लिए पीएम मोदी और शाह को चुनाव संबंधी किसी भी गतिविधि से प्रतिबंधित करने, मामले की गहन जांच कराने की मांग की थी।

## वेदांता समूह को 'सुप्रीम' झटका : तमिलनाडु में प्लांट बंद करने के खिलाफ रिव्यू याचिका खारिज



नई दिल्ली, 16 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के थूथुकुडी में वेदांता समूह की तरफ से अपने तांबा गलाने वाले संयंत्र को बंद करने के खिलाफ दायर समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने 29 फरवरी को स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य और पर्यावरण के महत्व को रेखांकित करते हुए थूथुकुडी में अपने तांबा गलाने वाले संयंत्र को फिर से खोलने के लिए वेदांता की याचिका को खारिज कर दिया था, जो मई 2018 से प्रदूषण संबंधी चिंताओं के कारण बंद है। यह संयंत्र मई 2018 से बंद है, जब पुलिस ने कथित प्रदूषण के कारण विरोध प्रदर्शन को दबाने के लिए गोलीबारी की थी, जिसमें 13 लोग मारे गए थे। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ (अब सेवानिवृत्त) और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने समीक्षा याचिका को खुली अदालत में सूचीबद्ध करने के लिए वेदांता के आवेदन को भी खारिज कर दिया। पीठ ने 22 अक्टूबर के अपने आदेश में कहा, समीक्षा याचिकाओं का अवलोकन करने के बाद, रिकार्ड में कोई त्रुटि नजर नहीं आती।

## विधानसभा चुनाव से पहले शरद पवार की जनता को चिट्ठी

### कहा-गद्दारों से सवाधान रहें



मुंबई, 16 नवंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने महाराष्ट्र की जनता को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले लिखे गए पत्र में लोगों से गद्दारों से सवाधान रहने की अपील की है।

इससे पहले शरद पवार ने शनिवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उनके भाजपा सहयोगियों पर आगामी विधानसभा चुनावों को 'वोट जिहाद' का मुद्दा उठाकर धार्मिक रंग देने की कोशिश करने का आरोप लगाया। पुणे में पत्रकारों से बात करते हुए 83 साल के राजनेता ने उपमुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजित पवार की टिप्पणी पर जवाब देने का काम लोगों पर छोड़ दिया। दरअसल, अजित ने कहा था कि शरद पवार के बाद नेतृत्व की अगली पंक्ति में वे होंगे। इससे पहले भाजपा नीत महायुति सरकार के खिलाफ एक इस्लामिक नेता की ओर से 'वोट जिहाद' की कथित अपील का जिक्र करते हुए फडणवीस ने शुक्रवार को इसका मुकाबला करने के लिए 'वोटों का धर्मयुद्ध' करने का आह्वान किया था। मतदाताओं से फडणवीस की अपील के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा कि यह भाजपा नेता ही थे, जिन्होंने 'वोट जिहाद' का मुद्दा उठाया था। 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले पुणे के खड़कवासला में शुक्रवार को एक रैली के दौरान फडणवीस ने इस्लामिक नेता सज्जाद नोमानी का एक वीडियो का हवाला देकर दावा किया कि 'वोट जिहाद' का नारा लगाया गया था। इस पर उन्होंने कहा था कि अगर 'वोट जिहाद' होने वाला है, तो हमें वोटों का 'धर्मयुद्ध' भी लड़ना होगा। इससे पहले भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए जारी चुनाव-प्रचार अभियान के दौरान उनकी पार्टी द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा नारा 'बंटेंगे तो कटेंगे' एक हकीकत है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने चुनावी भाषणों में अक्सर इस नारे का इस्तेमाल किया है।

## मासिक धर्म स्वच्छता नीति लागू करने से पहले स्पष्ट करें जमीनी स्थिति

### केंद्र से बोला सुप्रीम कोर्ट


नई दिल्ली, 16 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह स्कूलों में मासिक धर्म स्वच्छता के लिए नीति लागू करने से पहले याचिकाकर्ता की ओर से उठाए गए मुद्दों को स्पष्ट करे। कोर्ट ने कहा कि नीति लागू करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि नीति का आधार सही है और वह सही तरीके से लागू होगी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने 12 नवंबर को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एश्वर्या भाटी से कहा कि वह याचिकाकर्ता की ओर से उजागर किए गए पहलुओं को देखें और अगली सुनवाई तक स्थिति स्पष्ट करें। मामले की अगली सुनवाई तीन दिसंबर को होगी।

इस नीति का मुख्य उद्देश्य स्कूल जाने वाली लड़कियों में मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देना है, ताकि वह अपनी शिक्षा और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए मासिक धर्म से सही तरीके से निपट सकें। एएसजी भाटी ने बताया कि नीति को सही और प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

एएसजी ने कोर्ट को बताया कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ मिलकर संबंधित कार्य योजना तैयार करेगा, ताकि मासिक धर्म स्वच्छता नीति के सभी पहलुओं को पूरी तरह से लागू किया जा सके और सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाली लड़कियों के लिए इस नीति का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन हो सके।

याचिकाकर्ता जय ठाकुर ने अदालत में यह याचिका दायर की है कि भारत सरकार द्वारा बनाई गई नीति स्कूल जाने वाली लड़कियों के मासिक धर्म स्वच्छता के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीति में कई आंकड़े गलत हैं और ये आंकड़े इस समस्या का सही समाधान करने में बाधा डाल सकते हैं।

## बाइडन बातें भूल जाते थे, शायद हमारे पीएम की भी याददाश्त कमजोर : राहुल




मुंबई, 16 नवंबर (एजेंसियां)। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के अमरावती में राज्य की भाजपा नीत महायुति और केंद्र की एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी आड़े हाथों लिया। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मेरी बहन मुझे बता रही थी कि उसने मोदी जी का भाषण सुना। उस भाषण में, जो भी हम कहते हैं, मोदी जी आजकल वही बात कह रहे हैं। मुझे नहीं पता, शायद उनकी याददाश्त चली गई है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति भूल जाते थे, उन्हें पीछे से याद दिलाना पड़ता था। यूक्रेन के राष्ट्रपति आए और अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन आए हैं। उनकी याददाश्त चली गई थी, वैसे ही हमारे प्रधानमंत्री की याददाश्त चली जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए संविधान की किताब देश का डीएनए है, जबकि संघ और भाजपा के लिए यह कोरी है। क्या भाजपा तब संविधान की रक्षा कर रही थी, जब उसने विधायकों की खरीद-फरोख्त कर महाराष्ट्र की सरकार ही चुरा ली थी। उनका यह पलटवार पीएम मोदी और भाजपा की ओर से हाल ही में किए गए उस दावे के बाद आया है, जिसमें कांग्रेस नेता अपनी चुनावी रैलियों में खाली पन्नों वाली संविधान की प्रति दिखा रहे थे।

### झांसी अग्निकांड-10 नवजात जिंदा जले, 8 का पता नहीं

झांसी, 16 नवंबर (एजेंसियां)। झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई सरकारी मेडिकल कॉलेज में स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) में शुक्रवार रात भीषण आग लग गई। हादसे में 10 बच्चों की मौत हो गई। वार्ड की खिड़की तोड़कर 39 बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अभी तक 8 बच्चों की सूचना नहीं मिल पाई है। इधर, बच्चों को बचाने वाले युवक ने कहा- आग लगी तो डॉक्टर भागने लगे। मैंने 4-5 बच्चों को बचाया। अब मीडिया में बयान देने पर अस्पताल प्रशासन ने धमकी मिल रही है। कहा जा रहा है कि तुम ऐसे कैसे बयान दे रहे हो। हादसा रात करीब साढ़े 10 बजे हुआ। ऑक्सीजन कंसंट्रेटर में स्पार्किंग के चलते आग लगी, फिर धमाका हो गया।

पूरे वार्ड में आग फैल गई। वार्ड बॉय ने आग बुझाने के लिए अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) चलाया, मगर वह 4 साल पहले ही एक्सपायर हो चुका था, इसलिए काम नहीं किया।

## आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायुडू के भाई राममूर्ति नायुडू का निधन, हृदय रोग से पीड़ित थे



हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायुडू के छोटे भाई और तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के पूर्व विधायक एन. राममूर्ति नायुडू का शनिवार दोपहर को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह हृदय रोग से पीड़ित थे। उन्होंने 72 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। अस्पताल के मुताबिक 14 नवंबर को राममूर्ति नायुडू को हार्ट अटैक पड़ा था। इसके बाद उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

वह वेंटिलेटर पर थे। राममूर्ति नायुडू वर्ष 1994 से 1999 तक आंध्र प्रदेश के चंद्रगिरि से विधायक रहे। इसके अलावा उन्होंने तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उनके बेटे नारा रोहित एक प्रसिद्ध तेलुगु अभिनेता हैं। राममूर्ति नायुडू के निधन पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शोक जताया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

वहीं आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने भी राममूर्ति नायुडू के निधन पर शोक जताया और श्रद्धांजलि दी।

## लोकतंत्र में लगातार तीन बार सरकार बनाना आम बात नहीं : विदेश मंत्री

### भारत पर दुनिया की नजरें



नई दिल्ली, 16 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर का कहना है कि जब पूरी दुनिया में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल है, ऐसे वक्त में भारत की राजनीतिक स्थिरता पर पूरी दुनिया की नजरें हैं। जयशंकर ने कहा कि एक लोकतांत्रिक देश में लगातार तीसरी बार सत्ता में आना आम बात नहीं है। एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में बोलते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ये बात कही।

जयशंकर ने कहा कि पूरी दुनिया भारत की राजनीतिक स्थिरता को देख रही है। खासकर ऐसे वक्त में जब अधिकतर देश राजनीतिक अस्थिरता का सामना कर रहे हैं। ऐसे वक्त में एक लोकतांत्रिक देश में लगातार तीसरी बार निर्वाचित होना कोई आम बात नहीं है। विदेश मंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया की नजरें भारत के आर्थिक विकास पर भी हैं क्योंकि अन्य देशों को 7-8 प्रतिशत की विकास दर को पाने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत में व्यापार को लेकर कई बड़ी कंपनियां उत्साहित हैं और देश में भारी निवेश हो रहा है। अमेरिकी चुनाव में ट्रंप की जीत पर जयशंकर ने कहा कि अमेरिकी चुनाव हमें अमेरिका के बारे में बहुत कुछ बताते हैं। ये बताते हैं कि डॉनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिकी जनता की जो चिंताएं और प्राथमिकताएं थी, वो अब और ज्यादा सघन हो गई हैं। अमेरिकी चुनाव नतीजे बताते हैं कि अमेरिकी लोग वैश्विकरण के प्रभावों से सहज नहीं हैं। चीन को लेकर विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के सैनिक जब आमने-सामने आ गए थे तो सरकार के स्तर पर बातचीत के जरिए ही तनाव को कम करने में मदद मिली।

गुरुवार को विदेश मंत्री संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर थे। वहां एक कार्यक्रम के दौरान विदेश मंत्री ने कहा कि भारत को आज वैश्विक कार्यस्थल के लिए तैयार होने की जरूरत है।

## हमारे बनाए कॉलेज में पढ़कर पूछते हैं क्या किया : खड़गे



जामताड़ा/खिजरी, 16 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को झारखंड के जामताड़ा में चुनावी सभा की। उन्होंने कहा, हमारे (कांग्रेस सरकार) बनाए कॉलेज में पढ़कर आज हमसे ही पूछते हैं कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया?

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, आज के सारे भाजपाई नेहरू जी के बनाए स्कूलों में पढ़े हैं। अगर हम ये नहीं करते तो मोदी जी आज उस कुर्सी पर नहीं बैठते। इस देश का संविधान हमने दिया। इसलिए आप प्रधानमंत्री बने। मेरे पिता भी मिल मजदूर थे। मैंने वकालत की। आज कांग्रेस का प्रेसिडेंट हूं। किसकी वजह से, संविधान की वजह से। उन्होंने कहा, वे (भाजपा) कांग्रेस से पूछते हैं देश के लिए क्या किया?

हमने देश में इतना अनाज भर दिया कि गोदाम भर गए। तुम कहते हो कि कांग्रेस पार्टी ने 70 साल में देश को बर्बाद किया। और तुमने तो 11 साल में बर्बाद कर दिया। हम 55 साल में सब कुछ लाए। आईआईटी, एम्स। हमारे बनाए कॉलेज में भाजपा के लोग हैं। खड़गे बोले- मोदी साहब आप संविधान की वजह से चाय बेचते-बेचते प्रधानमंत्री बने। इसलिए हम कहते हैं संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ। संविधान बचा, तभी सबको अधिकार मिलेगा। संविधान नहीं बचा तो किसी को कोई अधिकार नहीं मिलेगा।




# 'धर्मयुद्ध' वाले बयान पर राउत ने फडणवीस को कहा धर्मद्रोही



## > मराठों पर टिप्पणी कर घिरे भाजपा विधायक

मुंबई, 16 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में सियासी माहौल गरमाया हुआ है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के धर्मयुद्ध वाले बयान पर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने पलटवार किया। उन्होंने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम को धर्मद्रोही बताया। मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए शिवसेना(यूबीटी) नेता ने कहा कि जब भाजपा को हार का सामना करना पड़ता है तब वे धर्मयुद्ध की बातें करते हैं। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे और भाजपा का एक अलग धर्म है। वे केवल हिंदू मुस्लिम विभाजन पर ध्यान केंद्रित करते हैं। डिप्टी सीएम पर निशाना साधते हुए संजय राउत ने कहा कि फडणवीस ने यह भी दावा किया था कि वे पाकिस्तान में भारतीय ध्वज फहराएंगे, लेकिन महाराष्ट्र चुनाव में पाकिस्तान का क्या लेना-देना।

**फडणवीस के धर्मयुद्ध वाले बयान पर संजय राउत का पलटवार**

मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा, महाराष्ट्र चुनाव में वे झारखंड जाकर धर्मयुद्ध की बात करते हैं। महाराष्ट्र में केवल एक ही धर्म है और वह छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत है। संजय राउत ने बताया कि देवेंद्र फडणवीस ने पाकिस्तान में भारतीय ध्वज फहराने का दावा किया था। उन्होंने आगे कहा, महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुनाव हो रहा है और यह महाराष्ट्र में हो रहा है, पाकिस्तान का इससे क्या लेना-देना है? पहले पीओके में जाकर झंडा फहराओ। आपलोगों ने बहुत वादें किए। आपने धर्म पर बात की, लेकिन आप वास्तव में उसके साथ विश्वासघात कर रहे हैं। आप धर्मद्रोही हैं। बता दें कि चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने विपक्ष पर वोट जिहाद करने का आरोप लगाया। उन्होंने मतदाताओं से वोटों के धर्मयुद्ध से इसका मुकाबला करने की अपील की। फडणवीस ने कहा, राज्य में वोट जिहाद हो रहा है। वोट जिहाद का नारा दिया गया और आपलोगों ने वीडियो में सुना होगा कि इस वोट जिहाद का नेता कौन है। मैं आपलोगों को बताना चाहता हूं कि अगर वे वोट जिहाद करते हैं तो हम वोट का धर्मयुद्ध करेंगे। एक हैं तो सेफ हैं।

**घिरे भाजपा विधायक**

चुनाव प्रचार के दौरान अपनी टिप्पणियों के कारण भाजपा सांसद और पूर्व राज्य मंत्री बाबनराव लोनिकर मराठों के निशाने पर आ गए। 12 नवंबर को जालना के परतूर विधानसभा क्षेत्र में प्रचार के दौरान उनकी टिप्पणी ने मराठा कोटा के कार्यकर्ता मनोज जरांगे को गुस्सा दिला दिया। इस निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के बाबनराव लोनिकर, शिवसेना (यूबीटी) उम्मीदवार आसाराम बोराडे और कांग्रेस के बागी सुरेश जेठलिया के बीच मुकाबला है। बता दें कि जालना मराठा आरक्षण आंदोलन केंद्र रहा है। रैली के दौरान लनिकर ने कहा कि मराठा समुदाय की ताकत उंगलियों पर गिनी जा सकती है। उनके भाषण का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

## टीएमसी पार्षद को मारने आया शूटर गोली नहीं चली-पार्षद ने दौड़ाकर पकड़ा

**आरोपी बोला-किसी ने पैसा नहीं दिया, सिर्फ फोटो दी थी**

कोलकाता, 16 नवंबर (एजेंसियां)। कोलकाता के कासबा इलाके में तृणमूल पार्षद के मर्डर की साजिश नाकाम हो गई। वार्ड 108 के पार्षद सुशांत घोष शाम को अपने घर के बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान दो लोग स्कूटर पर आए। पीछे बैठे व्यक्ति ने घोष पर 2 बार फायर किया, लेकिन गड़बड़ी के चलते गोली नहीं चली।

घोष शूटर को पकड़ने के लिए दौड़ा। शूटर ने स्कूटर पर भागने की कोशिश की, पर फिसल गया। आखिरकार उसे पकड़ लिया गया। घोष के घर पर सीसीटीवी लगा था और इसी में घटना कैद हो गई। इसका वीडियो सामने आया है। पकड़े जाने के बाद शूटर से कैमरा के सामने पूछा गया कि उसे किसने हायर किया है। इस पर शूटर ने कहा कि उसे किसी ने पैसा नहीं दिया, सिर्फ फोटो दी गई और कहा कि इसका मर्डर करना है।

पुलिस ने बताया कि इसके पीछे स्थानीय लोगों का हाथ हो सकता है। आशंका है कि दुश्मनी के चलते किसी ने बिहार के शूटर को हायर किया होगा।

**पार्षद बोले-कभी नहीं सोचा ऐसा होगा**

घोष ने कहा कि उन्हें कोई आइडिया नहीं है कि मर्डर की प्लानिंग किसने की होगी। उन्होंने कहा, 12 साल से पार्षद हूं। कभी नहीं सोचा था कि मुझ पर कोई हमला कराएगा। मेरे इलाके में मेरे घर के सामने ऐसा होगा, ये तो कभी नहीं सोचा था।

## भारत को लौटाई गई 1440 प्राचीन वस्तुएं, तस्करी कर लाई गई थीं अमेरिका



नई दिल्ली, 16 नवंबर (एजेंसियां)। मैनहट्टन के अभियोजक एल्विन ब्रैग ने भारत को 1,440 प्राचीन वस्तुएं लौटा दी हैं। इनमें पवित्र मंदिर की मूर्तियां भी शामिल हैं, जिन्हें तस्करी कर अमेरिका लाया गया था। अभियोजक कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशन (एचएसआई) ग्रुप सुपरवाइजर एलेक्जेंड्रा डी अरमास ने भारत के महावाणिज्य दूतावास में आयोजित एक समारोह में इन कलाकृतियों को लौटा दिया। इस समारोह का प्रतिनिधित्व महावाणिज्य दूत मनीष कुल्हारी कर रहे थे। ब्रैग ने कहा, हम भारतीय सांस्कृतिक विरासत को निशाना बनाने वाले कई तस्करी नेटवर्कों की जांच जारी रखेंगे। अभियोजक कार्यालय के अनुसार, ये प्राचीन वस्तुएं आपराधिक तस्करी नेटवर्क की जांच के दौरान बरामद की गईं। इनमें प्राचीन वस्तुओं के तस्कर सुभाष कपूर और नैन्सी वीनर शामिल थे। बता दें कपूर को भारत में, जबकि वीनर को अमेरिका में दोषी ठहराया गया। एचएसआई न्यूयॉर्क के विशेष एजेंट इन चार्ज विलियम एस. वॉकर ने कहा, आज की वापसी कई वर्षों से जारी एक अंतरराष्ट्रीय जांच का प्रतीक है। यह जांच इतिहास के सबसे कुख्यात अपराधियों में से एक द्वारा तस्करी की गई प्राचीन वस्तुओं के बारे में है।

# 'अमित शाह ने देवेंद्र फडणवीस को मजबूत किया'

## महायुति में सीएम दावेदारी को लेकर खुलकर बोले एकनाथ शिंदे



मुंबई, 16 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर 20 नवंबर को वोटिंग होनी है और उससे पहले सबसे बड़ा सवाल दोनों गठबंधनों के बीच यही उठाया जा रहा है कि अगर उनकी सरकार बनती है तो सीएम कौन होगा। वहीं, हाल में एक रैली के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने देवेंद्र फडणवीस को मजबूत करने की बात करके यह संकेत दिया था कि फडणवीस को सीएम बनाया जा सकता है। अभी सीएम की कुर्सी पर एकनाथ शिंदे काबिज हैं और उन्होंने देवेंद्र फडणवीस के सीएम बनने की संभावनाओं और अमित शाह के बयान पर अपना तर्क दिया है।

दरअसल, सीएम एकनाथ शिंदे ने एक इंटरव्यू दिया, जिसमें एक बार फिर उनके सामने यही सवाल उठाया गया कि अगर महायुति गठबंधन की जीत होती है, तो क्या वे ही मुख्यमंत्री बनेंगे? वहीं एक बड़ा सवाल यह भी रहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पुणें में देवेंद्र फडणवीस को मजबूत करने की बात कही थी, तो एकनाथ शिंदे इस बयान को कैसे देखते हैं लेकिन इन सारे सवालों को लेकर अपना पक्ष रखा है। एकनाथ शिंदे ने अमित शाह के देवेंद्र फडणवीस को मजबूत किए जाने वाले बयान को लेकर कहा कि उन्होंने फडणवीस को वापस लाने की बात नहीं कही। उन्होंने कहा कि महायुति और फडणवीस की जीत सुनिश्चित करें। और एक अन्य रैली में उन्होंने कहा कि हम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे और चुनाव के बाद हम सीएम पद के बारे में फैसला करेंगे। एकनाथ शिंदे ने कहा कि देवेंद्र फडणवीस की जीत सुनिश्चित करने का मतलब है एक उम्मीदवार के रूप में उन्हें मजबूत किया जाए, क्योंकि वह चुनाव भी लड़ रहे हैं।

**सीएम के मुद्दे पर कोई सहमति नहीं**

एकनाथ शिंदे भले ही यह दावा कर रहे हो कि वे ही सीएम है लेकिन सीएम को लेकर महायुति में कुछ भी स्पष्ट नहीं दिखता है। एक तरफ जहां बीजेपी पर्दे के पीछे से देवेंद्र फडणवीस को मजबूत करने की प्लानिंग कर रही है, तो दूसरी ओर एनसीपी ने भी यह नहीं कहा है कि अगर राज्य में महायुति गठबंधन को बहुमत मिलता है, तो सीएम कौन बनेगा। एनसीपी ने तो एकनाथ शिंदे के नाम पर भी हामी नहीं भरी है और यह कहा है कि महायुति को बहुमत मिलता है तो सभी दल बैठकर डिसाइड करेंगे कि सीएम कौन होगा। मुंबई की कई सीटों पर उद्धव गुट से शिवसेना के होने वाले मुकाबले को लेकर भी एकनाथ शिंदे ने बड़ा बयान दिया है।

# कांग्रेस एमएलए से भिड़ीं लेडी एसपी इल्मा अफरोज

## ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में पढ़ीं, न्यूयॉर्क छोड़ आईपीएस बनीं

**कांग्रेस विधायक रामकुमार से टकराव**



**रामकुमार चौधरी** विधायक, दून | **इल्मा अफरोज** IPS

नालागढ़, 16 नवंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के बद्दी में कांग्रेस एमएलए की पत्नी की गाड़ियों का चालान काटने वाली लेडी एसपी इल्मा अफरोज (आईपीएस) खूब सुर्खियों में है। इल्मा ने कुछ दिन पहले विधायक से विवाद के बाद बद्दी एसपी ऑफिस से अपना सामान समेट लिया। इसके बाद वह मां के साथ उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में लौट आईं।

सरकार और हिमाचल पुलिस इस पर खुलकर कुछ नहीं कह रही है। खुद सीएम सुखविंदर सुक्खू ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि इल्मा अफरोज छुट्टी पर गई हैं, इसके अलावा कुछ नहीं है। चर्चा यह भी है कि इल्मा पर दबाव डाला जा रहा था। सरकार हाईकोर्ट में चल रहे एक यौन शोषण केस की वजह से उन्हें ट्रांसफर नहीं कर सकती, इसलिए लंबी छुट्टी पर भेज दिया। आईपीएस इल्मा अफरोज के सत्ता में बैठे कांग्रेस के एक विधायक से विवाद के बाद सरकार-पुलिस विभाग के आगे न झुकने के दबंग फैसले को देख हर कोई उनकी कहानी जानना चाहता है। किसान परिवार की बेटी इल्मा ने पिता के निधन के बाद मुश्किल हालात में पढ़ाई पूरी की। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की। न्यूयॉर्क में अच्छा पैकेज छोड़ भारत लौटकर सिविल सर्विस परीक्षा पास की।

**किसान परिवार की बेटी, 14 साल की उम्र पिता का निधन**

इल्मा उत्तर प्रदेश के जिला मुरादाबाद के गांव कुंदरकी की रहने वाली हैं। उनके पिता का जब देहांत हुआ तो इल्मा 14 साल की थी। इसके बाद उनकी मां ने अपने पैरों पर खड़े होकर उन्हें और उनके 12 साल के भाई को कठिन परिस्थितियों में पाला। उन्हें बड़ा किया और अच्छी शिक्षा दिलाई। फर्राटेदार अंग्रेजी बोलती थी इल्मा

इल्मा को शुरूआती दिनों से जानने वाले आस मोहम्मद कैफ बताते हैं कि इल्मा छोटी उम्र से ही फर्राटेदार अंग्रेजी बोलती थीं। पढ़ाई में वह बहुत अच्छी थी और छोटी उम्र में पिता के निधन के बाद इल्मा मां के साथ खेती में हाथ भी बंटाती रही है।

**सेंट स्टीफन कॉलेज में पढ़ीं, ऑक्सफोर्ड में हायर स्टडी की**

इल्मा ने शुरुआती पढ़ाई मुरादाबाद में की। इसके बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) के सबसे प्रतिष्ठित कॉलेजों में से एक सेंट स्टीफन से फिलॉसफी में ग्रेजुएशन किया। अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बलबूते स्कॉलरशिप हासिल की।

## दिल्ली में एक्यूआई-440 पार सरकारी ऑफिस की टाइमिंग बदली

**स्कूलों में छठी क्लास से मास्क अनिवार्य**

नई दिल्ली, 16 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली में शनिवार सुबह भी प्रदूषण बेहद खतरनाक स्तर पर रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली के 10 से ज्यादा स्टेशंस पर सुबह 7 बजे एक्यूआई 400+ दर्ज किया गया। जहांगीरपुरी में एक्यूआई सबसे ज्यादा 445 तक पहुंचा। प्रदूषण को देखते हुए मुख्यमंत्री आतिशी ने सरकारी ऑफिसों के लिए नए समय की घोषणा की। केंद्र सरकार के दफ्तर सुबह 9 से शाम 5:30, दिल्ली सरकार के दफ्तर 10 से शाम 6:30 और एमसीडी के दफ्तर 8:30 से शाम 5 बजे तक चलेंगे। दिल्ली के सभी प्राइमरी (5वीं क्लास तक) स्कूलों में ऑनलाइन क्लास चलाने का ऐलान शुक्रवार को ही कर दिया गया था।

अब छठी से 12वीं तक के स्कूलों के लिए मास्क अनिवार्य करने का फैसला लिया गया है। सरकार ने लोगों से निजी वाहन न चलाने की अपील की है। इसके लिए 106 अतिरिक्त क्लस्टर बसें और मेट्रो के 60 और फेरे बढ़ाए गए हैं, ताकि लोग प्राइवेट व्हीकल का कम इस्तेमाल करें। एयर कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) ने एनसीआर यानी हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से आने वाली बसों के दिल्ली आने पर भी रोक लगा दी है।

# मणिपुर में 2 बच्चों समेत तीन लोगों के शव मिले



मणिपुर में एक महिला और दो बच्चों के शव को जिरी नदी में बहते मिले। इन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। ये शव सोमवार को मुठभेड़ के बाद से लापता हुए लोगों के हो सकते हैं। सोमवार को वर्दी पहने हथियारबंद उग्रवादियों ने बोरोब्रेका थाना परिसर और सीआरपीएफ कैंप पर हमला किया था। इसमें 10 उग्रवादी मारे गए थे। इस दौरान जिरीबाम जिले के बोरोब्रेका थाना परिसर स्थित राहत शिविर से 6 लोग लापता हो गए थे। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई थी कि हमला करने वाले उग्रवादियों ने महिलाओं और बच्चों का अपहरण किया है। इनकी तलाश की मांग को लेकर राज्य के अलग-अलग हिस्सों में विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। अभियान की निगरानी के लिए शुक्रवार को इंफाल से आईजी और डीआईजी रैंक के अफसरों को जिरीबाम भेजा गया है। कुकी समुदाय से जुड़े लोग मुठभेड़ में मारे गए लोगों के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। शुक्रवार को चुराचांदपुर में सैंकड़ों लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया। उनकी मांग है कि मुठभेड़ की न्यायिक जांच हो।

**कुकी संगठन बोले-मरने वाले उग्रवादी नहीं, वॉलिंटियर्स थे**

कुकी संगठनों ने दावा किया है कि मरने वाले उग्रवादी नहीं थे। सभी कुकी गांव के वॉलिंटियर्स थे। साथ ही कहा था कि सीआरपीएफ को मंगलवार को हुई घटना को ध्यान में रखते हुए अपना कैंप नहीं छोड़ना चाहिए। संगठनों के इस दावे को आईजीपी ऑपरेशन आईके मुइवा खारिज किया। उन्होंने कहा कि मारे गए सभी लोगों के पास एडवांस हथियार थे। ये सभी यहां उपद्रव मचाने आए थे। इससे साबित होता है कि वे सभी उग्रवादी ही थे।

# आम आदमी पार्टी सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति करती है : वीरेंद्र सचदेवा



नई दिल्ली, 16 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी (आप) पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। इससे पहले आप ने भाजपा पर अपने फायदे के लिए रोहिंग्या मुस्लिमों का मुद्दा उठाने की बात कही थी। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "दिल्ली को सुरक्षित रखने के लिए दिल्ली के राज्यपाल ने कुछ एजेंसियों को निर्देशित किया है कि वे रोहिंग्या द्वारा किए जा रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करें, क्योंकि ऐसी शिकायतें विभिन्न व्यापारी संगठनों और नागरिकों द्वारा सामने आ रही हैं। जबकि आम आदमी पार्टी के नेता इसे राजनीतिक नजरिए से देखते हुए इस पर आपत्ति जता रहे हैं, यह समझना जरूरी है कि अगर दिल्ली और उसके निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है, तो इसमें गलत क्या है? दिल्ली को सुरक्षित और मजबूत बनाने के लिए जो भी कदम उठाए जा रहे हैं, उनका समर्थन किया जाना चाहिए।" उन्होंने आगे कहा, "आम आदमी पार्टी, जो एक विशेष वोट बैंक को ध्यान में रखते हुए तुष्टिकरण की राजनीति करती है, इस कार्रवाई से असहज महसूस कर रही है। लेकिन हमें यह समझना चाहिए कि दिल्ली की सुरक्षा और उसके निवासियों की भलाई सर्वोपरि है। ऐसे प्रयासों का स्वागत किया जाना चाहिए, ताकि दिल्ली सुरक्षित हाथों में रहे और इसके नागरिकों को शांति और सुरक्षा का अनुभव हो।"

बता दें कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राज्य में रोहिंग्या मुस्लिमों की उपस्थिति के शक में पुलिस आयुक्त को निर्देश दिए कि वे दिल्ली में अवैध प्रवासियों की पहचान करने के लिए एक महीने का विशेष अभियान चलाएं। साथ ही केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय करके अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई करें। साथ ही उन्होंने दिल्ली नगर निगम और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद व दिल्ली के मुख्य सचिव को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए थे।

इस पर आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा पर अपने फायदे के लिए रोहिंग्या मुस्लिमों का मुद्दा उठाने की बात कही थी। आप ने कहा था कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि अवैध प्रवासी हमारे देश में कैसे प्रवेश कर रहे हैं। आप ने यह भी आरोप लगाया था कि इसके लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और गृह मंत्रालय जिम्मेदार हैं।

# खबरें जरा हटके

## यहां मिला 'एलियन बेस'! एक्सपर्ट का दावा 100 से ज्यादा बार आ जा चुके हैं यूएफओ



अमेरिका में एलियन बेस होने का दावा किया गया है. यूएफओ व्हिसलब्लोअर्स से जुड़े एक शख्स का दावा है कि अमेरिकी सरकार एलियन एक्टिविटी और यूएफओ से संबंध रखने की बात को छिपाकर रख रही है. इस शख्स का नाम डैनी शीहान है, उनका कहना है कि यहां एलियन बेस देखे गए हैं. डैनी का दावा है कि यूएसएस निमित्ज को इन एलियन ठिकानों और यूएफओ की निगरानी के लिए उस जगह पर रखा गया है, जहां एलियन बेस होने का दावा किया जा रहा है. कहा जा रहा है कि जहां पर ये बेस है, वहां अब तक 100 से अधिक बार यूएफओ को आते-जाते देखा गया है. वे अंतरिक्ष से नीचे आते हैं और उस स्थान पर पानी के नीचे चले जाते हैं.

**100 से ज्यादा बार आ-जा चुके हैं यूएफओ**

इस ठिकाने की निगरानी के लिए यूएसएस निमित्ज को वहां रखा गया था और उन्होंने 100 से अधिक यूएफओ को आते-जाते, अंतरिक्ष से नीचे आते और उस स्थान पर पानी के नीचे जाते हुए देखा है. यूएसएस निमित्ज बैटल ग्रुप से जुड़ी परमाणु पनडुब्बियों द्वारा पानी के नीचे इनकी निगरानी की जा रही है. डैनी का दावा है कि उन्होंने इसका विश्लेषण किया है. उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि वहां नीचे एक ठिकाना है.

**शख्स ने यूएफओ आने-जाने का किया है दावा**

डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार डैनी शीहान हाल के वर्षों में यूएफओ व्हिसलब्लोअर्स को यूनाइटेड स्टेट्स कांग्रेस में लाने में शामिल रहे हैं.वे एलियन के साथ इंसानों की मुठभेड़ों के बारे में कथित सरकारी कवर-अप के सबूत प्रदान करने में मदद कर रहे हैं. न्यू पैराडाइम इंस्टीट्यूट की ओर से एक प्रेजेंटेशन में डैनी कहा कि हमारे ग्रह पर विभिन्न प्रजातियों के एलियंस के ठिकाने हैं. वे दूरदराज के पहाड़ी क्षेत्रों में सभी लोगों की नजरों से दूर रहते हैं. साथ ही वे हमारे ग्रह के समुद्र तल के नीचे भी हैं. इनमें से ही एक ठिकाना कैलिफोर्निया में लॉस एंजिल्स के दक्षिण में बाजा के ठीक नीचे, ग्वाडालूप द्वीप - या इस्ला ग्वाडालूप नामक स्थान पर है.

## उल्टी बाइक लेकर पेट्रोल भरवाने पहुंचा शख्स, हवा में टायर

**नीचे की ओर सीट! देखकर चकरा गया लोगों का दिमाग!**



आजकल लोगों को सीधे काम टेढ़े ढंग से करने में अच्छा लगता है. हाल ही में एक शख्स का वीडियो वायरल हो रहा है, जो ऐसी ही हरकत करता नजर आ रहा है. ये शख्स एक उल्टी बाइक चला रहा है. आप कहेंगे कि उल्टी बाइक का क्या मतलब? दरअसल, शख्स की बाइक का टायर हवा में है और सीट नीचे है. अब सोचिए कि ये बाइक बनी कैसे होगी और सीधे सादे से दिखने वाले काम को वो इतना पेचीदा बनाकर क्यों कर रहा है. इस वीडियो को देखकर लोगों का दिमाग चकरा गया.

हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया गया है, जिसमें एक शख्स बाइक में पेट्रोल भरवाने आया है. पर उसकी बाइक उल्टी है. आपने पहले कभी ऐसी बाइक नहीं देखी होगी. हालांकि, पेट्रोल पंप के कर्मचारी को शख्स की बाइक से कोई मतलब नहीं लग रहा है, उसने बाइक वाले को जरा भी भाव नहीं दिया और बिना कुछ बोले पेट्रोल भर दिया.

## रेंट पर बाइक या कार लेना सुना होगा, लेकिन इस शख्स ने रेंट पर बैल लिया है, वो भी 8 लाख में



गुजरात के अमरेली जिले के दामनगर तालुक के रभड़ा गांव में एक अनोखी सेवा शुरू हुई है, जहां लोग न केवल घर, गाड़ी और शादी के कपड़े किराये पर ले सकते हैं, बल्कि नंदी (बैल) भी किराये पर मिलते हैं. यह सुनकर आपको आश्चर्य हो सकता है, लेकिन यह सच है. रभड़ा गांव के चरवाहे प्रदीपभाई परमार ने पशुपालन का व्यवसाय शुरू किया है, जिसमें वह अपने नंदी और गायों को किराये पर देते हैं. प्रदीपभाई परमार ने स्नातक तक पढ़ाई की है और वह वंशानुगत रूप से पशुपालन का काम कर रहे हैं. उनके पास गिर नस्ल की 35 गायें और 2 नंदी हैं. वह केवल गायों का पालन नहीं करते, बल्कि गायों और नंदियों का व्यापार भी करते हैं. उनकी सबसे खास संपत्ति "कोहिनूर" नामक नंदी है, जिसे उन्होंने राणपुर के एक पशुपालक से 4 लाख रुपये में खरीदा था. कोहिनूर को अब गांधीनगर के पास एक गौशाला में किराये पर रखा गया है, और चार महीने का किराया 8.51 लाख रुपये तय किया गया है.

कोहिनूर नंदी की विशेषता यह है कि वह गिर नस्ल के प्रसिद्ध नंदी गोपाल के वंशज हैं. गोपाल नंदी पूरे देश में प्रसिद्ध हैं और उनका काला रंग बहुत आकर्षक माना जाता है. कोहिनूर का नाम इस खास वंश से जुड़ा हुआ है, और इसका काला रंग इसे और भी विशेष बनाता है. प्रदीपभाई कोहिनूर की देखभाल में विशेष ध्यान रखते हैं. उसे रोजाना 20 किलो चारा दिया जाता है, जिसमें 13 किलो हरा चारा और 7 किलो सूखा चारा शामिल है. इसके अलावा, उसे 6 से 7 किलो घी और 1 लीटर शुद्ध मूंगफली का तेल भी दिया जाता है. कुल मिलाकर, नंदी की देखभाल पर रोजाना 2500 रुपये खर्च हो रहे हैं. प्रदीपभाई के पास न केवल गायें हैं, बल्कि उनका नंदी कोहिनूर अब गायों के प्रजनन में भी मदद कर रहा है. कोहिनूर नंदी की वजह से तीन गायों ने बछिया को जन्म दिया है. इस नंदी का प्रजनन क्षेत्र में भी एक खास पहचान बन चुका है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद



सुविचार: भगवान में दृढ़ विश्वास रखना। जो होता है भगवान की इच्छा से ही होता है, जो सर्वदा मंगलमयी है।

## तेलंगाना को पाम ऑयल की खेती में अग्रणी बनाना : तुम्मला



हैदराबाद, 16 वंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने किसानों के लिए पाम ऑयल की खेती को लाभदायक उद्यम बनाने के लिए तेलंगाना सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया है। शनिवार को यहां पाम ऑयल कंपनियों की प्रगति पर एक समीक्षा बैठक में बोलते हुए, मंत्री ने तेलंगाना को पूरे भारत में पाम ऑयल की खेती में शीर्ष राज्य के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य की घोषणा की। उन्होंने अधिकारियों को इस मील के पत्थर को हासिल करने के लिए आवश्यक उपायों में तेजी लाने का निर्देश दिया। मंत्री ने खराब प्रदर्शन करने वाली पाम ऑयल कंपनियों पर असंतोष व्यक्त किया, उन्हें चेतावनी दी कि वे अपने संचालन में सुधार करें या उनकी अनुमति रद्द होने का सामना करें, जिसे बाद में टीएस ऑयल फेड को सौंप दिया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कंपनियों को अगले साल के अंत तक अपने आवंटित क्षेत्रों में प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने होंगे।

## पाम ऑयल फैक्ट्री के निर्माण में देरी से किसानों में असंतोष

महबूबाबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के थोरुर मंडल के तेल पाम किसान बेचैन हो रहे हैं, क्योंकि राज्य सरकार ने अभी तक मंडल के गोपालगिरी गांव में तेल पाम कारखाने के निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं की है। पिछले अक्टूबर माह में तत्कालीन पंचायती राज मंत्री एर्राबेल्ली दयाकर राव ने पलाकुर्ती विधानसभा क्षेत्र के गोपालगिरी गांव में पाम ऑयल फैक्ट्री की आधारशिला रखी थी, लेकिन उसके बाद सरकार की ओर से फैक्ट्री का निर्माण शुरू करने के लिए कोई पहल नहीं की गई। तेलंगाना राज्य सहकारी तिलहन उत्पादक संघ (टीजी-ऑयलफेड) को 82 एकड़ में फैक्ट्री का निर्माण करना था। हालांकि किसान जिला प्रशासन पर ऑयल पाम फैक्ट्री के निर्माण को आगे बढ़ाने के लिए दबाव बना रहे हैं, लेकिन उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है, जिससे किसानों में भ्रम और चिंता पैदा हो रही है।

प्रस्तावित फैक्ट्री की अनुमानित लागत 175 करोड़ रुपये है और इसकी क्षमता प्रतिदिन 30 से 60 टन तेल प्रसंस्करण की होगी। इस फैक्ट्री के लगने से करीब 300 लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। पाम ऑयल की खेती का क्षेत्र बढ़ने के साथ ही यह फैक्ट्री किसानों के लिए भी सुलभ होगी। किसानों को डर है कि यदि मंडल में शीघ्र ही ऑयल पाम फल प्रसंस्करण इकाई स्थापित नहीं की गई तो जिले में ऑयल पाम की खेती प्रभावित होगी, क्योंकि कई किसान इसकी खेती करना बंद कर देंगे।

एक किसान ने कहा कि ताड़ के तेल के फल बहुत जल्दी खराब हो जाते हैं और इन्हें कटाई के 48 घंटों के भीतर संसाधित करना पड़ता है, अन्यथा यह खराब होने लगते हैं और इनमें हानिकारक फैटी एसिड जमा होने लगते हैं, इसलिए मंडल में एक प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने की आवश्यकता है, ताकि ताड़ के तेल के फलों को जल्द से जल्द संसाधित किया जा सके। वर्तमान में, महबूबाबाद जिले में 6,535 एकड़ भूमि पर पाम ऑयल की खेती की जाती है और चालू वित्त वर्ष में 400 एकड़ और जोड़ने की योजना है। थोरुर, कुरावी और मरीपेडा मंडलों में फसल की कटाई के बाद उन्हें खम्मम जिले के अश्वरावपेट में तेल उद्योग में ले जाया गया। चूंकि जिले में कोई तेल पाम उद्योग नहीं है, इसलिए किसान तेल पाम की खेती करने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। गोपालगिरी गांव में पाम ऑयल फैक्ट्री का निर्माण दो वर्षों में पूरा होना था, लेकिन चूंकि सरकार इस परियोजना को शुरू करने में ज्यादा रुचि नहीं दिखा रही है, इसलिए किसानों में असंतोष फैल रहा है और उनमें से अधिकांश कथित तौर पर खेती के क्षेत्र में कटौती करने या पूरी तरह से खेती बंद करने की योजना बना रहे हैं।

पाम ऑयल भारतीय बाज़ार में उत्पादों का एक व्यापक घटक है- साबुन और टूथपेस्ट जैसे दैनिक उपयोग के उत्पादों से लेकर बिस्कुट, खाना पकाने के तेल, चॉकलेट और अन्य खाद्य उत्पादों तक। हालांकि, वैश्विक स्तर पर, पाम ऑयल का उपयोग विवादास्पद है क्योंकि आपूर्ति श्रृंखला आमतौर पर पर्यावरणीय मुद्दों से भरी होती है। भारत में सालाना नौ मिलियन मीट्रिक टन से ज़्यादा पाम ऑयल की खपत होती है और इसका खाद्य तेल आयात बिल खरबों रुपये में है।

## सड़क दुर्घटना में 2 लोगों की मौत, 2 घायल

संगारेड्डी, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग 65 पर जहीराबाद बाईपास रोड पर एक तेज रफ्तार कार के सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकरा जाने से दो लोगों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। पीड़ित सुरेश (25) और नरसिम्हा राव (42) हैदराबाद के कुतुबुल्लापुर के निवासी थे। सुरेश और नरसिम्हा राव तथा दो अन्य लोग कर्नाटक के गनुगापुर में तीर्थ यात्रा पर गए थे। वापसी के दौरान वे दुर्घटना का शिकार हो गए। शवों को पोस्टमार्टम के लिए जहीराबाद के सरकारी अस्पताल में भेज दिया गया। घायलों को जहीराबाद में प्राथमिक उपचार देने के बाद हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में भेज दिया गया।

## सड़क दुर्घटना में राजस्व अधिकारी की मौत

हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। महेश्वरम में राजस्व विभाग में वरिष्ठ सहायक के रूप में कार्यरत एक सरकारी अधिकारी की शनिवार को शहर के बाहरी इलाके शमशाबाद में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। यह घटना उस समय घटी जब महेश्वरम के पोसेटीगुडा गांव के मूल निवासी दर्शन कुमार अपनी बाइक से काम पर जा रहे थे।

जब वह शमशाबाद में फ्लाईओवर पर पहुंचा तो उसने बाइक पर से नियंत्रण खो दिया और एक कार से जा टकराया। उसे गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

## साइबर क्राइम पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में 2 लोगों को किया गिरफ्तार

हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन पार्ट टाइम नौकरी का वादा करके नौकरी के इच्छुक लोगों को धोखा देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति श्री कृष्ण बबनराव पवार (43) और रमाकांत जोवन धनावते (30) हैं, दोनों महाराष्ट्र के अहमदनगर के कोपरगांव के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, कृष्ण बबनराव पवार और रमाकांत जीवन ने अन्य साइबर जालसाजों के साथ मिलीभगत की और टेलीग्राम आईडी से संदेश भेजे और अंशकालिक नौकरी की पेशकश की और पीड़ितों को उनके निर्देशों का पालन करने और उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड के साथ उनकी वेबसाइट में पंजीकृत होने के लिए मजबूर किया और पीड़ितों को वेबसाइट में एक संस्थागत खाता बनाने के लिए कहा।

पीड़ितों ने शुरू में छोटी रकम का निवेश किया और रिटर्न प्राप्त किया। बाद में, उन्होंने लोगों से बड़ी रकम का निवेश करवाया और फरार हो गए। साइबर क्राइम की डीसीपी डी कविता ने बताया कि इन धोखेबाजों ने वेबसाइट/प्लेटफॉर्म डोमेन पर मुनाफा दिखाया, लेकिन पीड़ितों को उनके द्वारा निवेश किए गए धन को निकालने की अनुमति नहीं दी। वे पूरे भारत में 140 मामलों में शामिल हैं, जिनमें तेलंगाना के 9 मामले शामिल हैं। ठगे जाने का एहसास होने पर पीड़ितों ने पुलिस से संपर्क किया। नागरिकों को आगाह किया जाता है कि वे धोखाधड़ी वाले फोन कॉल और ऑनलाइन वेबसाइटों पर फर्जी व्यक्तियों पर विश्वास न करें और साथ ही अनधिकृत वेबसाइटों/डोमेन या किसी अन्य माध्यम से निवेश न करें, जो घर बैठे थोड़ी सी रकम निवेश करके उच्च रिटर्न का लालच देते हैं।

## कुख्यात चोर गिरफ्तार, 10 लाख रुपये के आभूषण बरामद

हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कारखाना पुलिस ने बीते 5 नवंबर को दिन के समय मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर सोने के आभूषण, चांदी के आभूषण, नकदी और मोबाइल फोन चोरी करने वाले एक एचबी अपराधी को गिरफ्तार किया और इस मामले में करीब 10 लाख रुपये की पूरी चोरी की संपत्ति बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी येरपुला गलवा कल्याण कुमार महात्मा नगर, बोवनपल्ली का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार बीते 29 अक्टूबर की शाम वह अपने वाहन होंडा शाइन पर मंदिर अलवाल क्षेत्र के श्रीनिवास नगर कॉलोनी में गया और दो मंजिलों वाली एक आवासीय इमारत देखी। वहां उसे इमारत के भूतल पर एक लोहे की रॉड मिली और



उसने वह रॉड ले ली।

आसपास के माहौल और लोगों की गतिविधियों को देखकर वह उक्त इमारत में दाखिल हुआ और एक घर मिला जिसका मुख्य दरवाजा बंद था। इसका फायदा उठाकर उसने उस लोहे की रॉड से मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर उक्त घर में प्रवेश किया और अलमारी से नकदी चोरी कर ली। बाद में वह पहली मंजिल पर गया और पाया कि दो घर भी बंद थे, दरवाजे के ताले तोड़कर उसने नकदी चोरी की और मौके से भाग गया।

इस घटना के एक सप्ताह बाद 5 नवंबर को लगभग दो बजे दोपहर वह लोहे की रॉड के साथ अपनी बाइक होंडा शाइन पर कारखाना क्षेत्र के ओल्ड वासवी नगर आया और चोलास रेजीडेंसी (जी+4) नामक चार मंजिलों वाले एक आवासीय अपार्टमेंट को देखा। इसका फायदा उठाकर उसने लोहे की रॉड से मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर उक्त घर में प्रवेश किया और अलमारी से सोने के आभूषण और नकदी चोरी कर मौके से फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य, स्थानीय इनपुट के आधार पर, आरोपी को वी. राम कृष्ण, पुलिस निरीक्षक कारखाना पीएस, डीएसआई रवि कुमार, जी. रमेश, सहायक पुलिस आयुक्त, टीआरजी डिवीजन की देखरेख में कारखाना पुलिस स्टेशन के अपराध स्टाफ एसआई रवि कुमार, एचसी रमेश, पीसी नवीन, थिरुमलेश और राजेश की सहायता से गिरफ्तार कर लिया गया।


## परीक्षा केंद्रों पर निषेधाज्ञा लागू

हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद आयुक्तालय की सीमा में कुछ पुलिस स्टेशनों द्वारा कवर किए गए क्षेत्रों में सार्वजनिक व्यवस्था, शांति बनाए रखने और किसी भी वैध रूप से नियोजित व्यक्ति को बाधा डालने या सार्वजनिक शांति में खलल डालने या दंगा होने से रोकने के उद्देश्य से, पुलिस आयुक्त, साइबराबाद अविनाश मोहंती 17 नवंबर और 18 नवंबर, 2024 को दो सत्रों (सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे और दोपहर 3 बजे से शाम 5.30 बजे) में समूह-III सेवा परीक्षा आयोजित करने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर 200 मीटर की परिधि के आसपास पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके अलावा, परीक्षा केंद्रों से 100 मीटर के दायरे में फोटोकॉपी (जेरॉक्स) और इंटरनेट केंद्र बंद रहेंगे। यह आदेश 17 और 18 नवंबर को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय के सभी परीक्षा केंद्रों पर लागू रहेगा।

## नए एसएचजी समूहों के गठन पर ध्यान दिया जाए : एम. दाना किशोर

### अधिकारियों के साथ लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समीक्षा बैठक

हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नगर शहरी विकास विभाग के प्रमुख सचिव दाना किशोर ने संबंधित अधिकारियों को नई स्वयं सहायता समितियों के गठन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि योग्य महिलाएं जो स्वयं सहायता समितियों की सदस्य नहीं हैं, उनकी पहचान की जानी चाहिए और नए एसएचजी समूहों का गठन किया जाना चाहिए। शनिवार को उन्होंने एमएयूडी कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में जीएचएमसी और एमईपीएमए के अधिकारियों के साथ बैंक लिंकेज लक्ष्य, लक्ष्यों की प्राप्ति, नए समूहों के गठन, उद्यमिता गतिविधियों के विकास आदि पर समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने सुझाव दिया कि नये महिला संघों के गठन के साथ-साथ पुराने संघों को मजबूत करने को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वयं सहायता समितियों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और जो महिलाएं अभी तक सदस्य नहीं हैं, उनकी पहचान की जानी चाहिए। वे डीसी और नगर निगम आयुक्तों के साथ बैठकें करना चाहते हैं और नए एसएचजी बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक और आर्थिक



विकास हासिल करने में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है और स्वयं सहायता समूहों के गठन से महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता और महिला विकास में मदद मिलेगी। टीएमसी, सामुदायिक आयोजकों, आरपी, जीएचएमसी पीडी और मेपमा परियोजना अधिकारियों के लिए अभिविन्यास आयोजित किया जाना चाहिए। दिसंबर, 2024 के अंत तक नये एसएचजी की स्थापना कर नये सदस्यों का पंजीकरण पूरा कर लिया जाये। नए एसएचजी को क्षेत्र स्तरीय संघों और नगर संघों से जोड़ने का सुझाव दिया गया है। स्व-सहायता समितियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप बैंक लिंकेज के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने को कहा गया है। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मासिक कार्ययोजना तैयार की जाए और जीएचएमसी बैंक लिंकेज के माध्यम से प्रति माह कम से कम 200 करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध कराया जाए। परिपक्व एसएचजी समूहों में व्यावसायिक अभिविन्यास लाने और महिलाओं को व्यवसायों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया गया है। उन्होंने कहा कि बैंकर्स के साथ एक कार्यशाला आयोजित की जाए। वे उद्यमिता के विकास के लिए स्थानीय गैर सरकारी संगठनों और नागरिक समाज संगठनों की पहचान करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि डीसी और पीडी के स्तर पर एनजीओ की मैपिंग करायी जाये। जीएचएमसी के क्षेत्रीय आयुक्तों, उपायुक्तों, नगर निगम आयुक्तों, सीएसओ, गैर सरकारी संगठनों, बैंकरों, एसीएलबी, पीडी को एक कार्यशाला आयोजित करने की सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा कि 7, 8 और 9 दिसंबर को टैंक बंड में आयोजित होने वाले कार्निवल की योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि नवगठित एसएचजी, मौजूदा टाउन लेवल और एरिया लेवल फेडरेशनों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जाना चाहिए, इसी प्रकार जिन बैंकों के पास अपने स्वयं के प्रशिक्षण केंद्र और मॉड्यूल हैं, उनसे संपर्क करके प्रशिक्षण प्रदान करने के उपाय किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि समुदाय आधारित संस्थाओं को प्रशिक्षण देने वाले विभागों के अधिकारियों में से 20 प्रशिक्षक चिन्हित किये जायें। डीसी और नगर निगम आयुक्तों को टीएलएफ और एएलएफ बैठकों में नियमित रूप से भाग लेने की सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा कि एमएयूडी की उप सचिव प्रियंका एसएचजी के लिए बैंक लिंकेज, धन वितरण और प्रशिक्षण की निगरानी करेंगी। प्रधान सचिव दाना किशोर ने सुझाव दिया कि जीएचएमसी में यूसीडी विभाग को मजबूत करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। इस कार्यक्रम में सीडीएमए निदेशक श्रीदेवी, एमएयूडी उप सचिव प्रियंका, जीएचएमसी के अतिरिक्त आयुक्त (यूसीडी) चंद्रकांत रेड्डी, संयुक्त आयुक्त वेंकटेश्वर राव, एमईपीएमए राज्य मिशन समन्वयक पद्मा, जीएचएमसी परियोजना निदेशक और अन्य ने भाग लिया।

## भोजन विषाक्तता से पीड़ित छात्रों का प्रदर्शन



हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। उस्मानिया विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिकंदराबाद परिसर में शनिवार को विरोध प्रदर्शन हुआ, क्योंकि शुक्रवार रात का खाना खाने के बाद तीन छात्रों को फूड पॉइजनिंग हो गई थी। कॉलेज गेट के पास बड़ी सख्या में छात्र एकत्र हुए, अपने साथ जले हुए खाने का एक बर्तन लेकर आए, जिससे उन्हें फूड पॉइज़निंग हो गई थी। उन्होंने न्याय और छात्रावास में बेहतर भोजन सेवा की मांग करते हुए नारे लगाए।

प्रदर्शनकारियों के अनुसार, रात खाने में जली हुई खिचड़ी खाने के बाद तीन छात्रों को फूड पॉइज़निंग हो गई। घटना के बाद, तीनों छात्रों को आपातकालीन देखभाल के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया। छात्रों ने कहा कि इस समस्या को देखते हुए हमने नाश्ता न करने का फैसला किया है। हम चाहते थे कि प्रिंसिपल मेस सुविधा का दौरा करें और समस्या का समाधान करें। लेकिन हमें बताया गया कि प्रिंसिपल ग्रुप-III सेवा भर्ती परीक्षा की व्यवस्था में व्यस्त हैं। चूंकि बड़ी संख्या में छात्र परीक्षा में शामिल हो रहे हैं, इसलिए हमने विरोध प्रदर्शन वापस ले लिया।

प्रदर्शनकारियों ने इस बात पर दुख जताया कि पिछले एक महीने से उन्हें घटिया गुणवत्ता वाला भोजन परोसा जा रहा है। दूसरे वर्ष के पीजी छात्र लक्ष्मण ने कहा कि हम कई दिनों से भोजन की गुणवत्ता से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इसके अलावा, कॉलेज में स्वच्छता संबंधी समस्याएं हैं और छात्रावास के पास असहनीय बदबू है।

### जाहीर नोटिस

**तदर्थ जिला जज-1, इनके न्यायालय में जलगांव (महाराष्ट्र)**

नियमीत दिवाणी अपील नं. 66/2023

निशाणी क्रमांक-- 69

शांतीलाल मोहनलाल तिवारी--- पार्थी अर्जदार रा.90, शनीपेठ, जलगांव

**विरुध्द**

राधाकिसन मोहनलाल तिवारी मयत तर्फे वारीस-- -प्रतिपार्थी/सा.वाली.

प्रतिपार्थी/सामनेवाले नं. 11

**श्रीमती अर्चना विनोद व्यास**

पता--14/3-179, जोशी वाडी, गोशामहल, हैद्राबाद

**प्रति,**

उपरोक्त लिखित अर्जदार/अपेलंट शांतीलाल मोहनलाल तिवारी इसने इस न्यायालय में नियमीत दिवाणी अपील/अर्जी दाखील किया हुआ है।

आप, उपर निर्लेखित किए हुए सामनेवाला को इस नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि, इस न्यायालय में दाखल किए हुए अर्जी के खिलाफ कोई हरकत हो तो उसने तारीख 19/12/2024 की सुबह 11.00 बजे तदर्थ जिला जज-1 साहब जलगांव इनके न्यायालय में स्वयं उपस्थित रहें अथवा किसी अभिभावक (वकील) के मार्फत उपस्थित रहें।

गैर हजर रहनेपर प्रकरण की सुनवाई आपकी अनुपस्थिती में की जाएगी और आपके विरुध्द एक पक्षी सुनवाई की जाएगी। इस न्यायाधिकरण के हस्ताक्षर एवं मुद्रा में आज दिनांक 14.11.2024 को जारी किया गया है।

**हस्ता./-**
**(आबाजी एस. पाटील)**
**कनिष्ठ लिपिक**
**तदर्थ जिल्हा न्यायालय-1, जलगांव, महा. जलगांव**

**हस्ता./-**
**(व्ही. टी. तायडे)**
**अधिक्षक**
**जिल्हा न्यायालय-1, जलगांव, महा. जलगांव**
(Round seal of Dist. Court, Jalgaon, MH)

## एससीआर ने की जम्मू से सिकंदराबाद तक विशेष ट्रेन की घोषणा



हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) ने विभिन्न मार्गों पर कुछ विशेष ट्रेनों की घोषणा की है। इसके तहत जम्मू तवी और सिकंदराबाद के बीच एकतरफा विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। एससीआर ने शनिवार को यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में यात्रियों को सूचित किया कि ट्रेन संख्या 07003 जम्मू तवी-सिकंदराबाद 17 नवंबर को सुबह 4.30 बजे रवाना होगी और अगले दिन रात 11.30 बजे पहुंचेगी।

रास्ते में यह विशेष ट्रेन जालंधर, लुधियाना, अंबाला, दिल्ली सफदरजंग, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, रानी कमलापति, नागपुर, बल्लारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचेरियल, पेद्दापल्ली और काजीपेट स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेनों में एसी III टियर कोच शामिल होंगे।

## वेनेला तेलंगाना संस्कृत सारती के अध्यक्ष नियुक्त

हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने शनिवार को डॉ. गुम्माडी वी. वेनेला को तत्काल प्रभाव से तेलंगाना संस्कृत सारती का अध्यक्ष नियुक्त किया।

वेनेला एक क्रांतिकारी गाथागीतकार और लोक गायक स्वर्गीय गदर की बेटी हैं, जिन्होंने अपने गीतों और सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ तेलंगाना आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। गदर की बेटी वेनेला, जिन्होंने 2023 के विधानसभा चुनाव में सिकंदराबाद छावनी निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था, हार गईं। तेलंगाना संस्कृत सारथी, जो एक अलग राज्य स्तरीय निकाय है, विभिन्न सरकारी प्रमुख कार्यक्रमों, नीतियों और योजनाओं के बारे में जानकारी प्रसारित करता है। इसका उद्देश्य तेलंगाना की अनूठी सांस्कृतिक पहचान के बारे में लोगों में जागरूकता और गर्व की भावना पैदा करना भी है। पिछली बीआरएस सरकार ने तेलंगाना संस्कृति सारथी का गठन किया था और तत्कालीन मनकोंदुर विधायक रसमयी बालकिशन को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया था।



# सरकार और प्रशासन की लापरवाही: झांसी हादसे पर राहुल से लेकर प्रियंका गांधी ने जताया दुख

झांसी, 16 नवंबर (एजेंसियां)। यूपी के झांसी में मेडिकल कॉलेज में दर्दनाक हादसा हुआ। मेडिकल कॉलेज के चिल्ड्रन वार्ड में देर रात भीषण आग लग गई। इस हादसे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी दुख जताया है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर कहा, झांसी मेडिकल कॉलेज में हुए दर्दनाक हादसे में कई नवजात बच्चों की मृत्यु और घायल होने की खबर से बेहद दुखी हूं। पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। मेडिकल कॉलेज के शिशु वार्ड में शुक्रवार रात साढ़े 10 बजे यह हादसा हुआ। चिल्ड्रन वार्ड में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इसके बाद ऑक्सीजन सिलिंडर ब्लास्ट कर गया। इस दर्दनाक हादसे में 10 बच्चों की मौत हुई और 16 गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।



**राहुल गांधी ने हादसे को लेकर उठाए सवाल**

राहुल गांधी ने आगे सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा, उत्तर प्रदेश में एक के बाद एक हो रही इस तरह की दुखद घटनाएं सरकार और प्रशासन की लापरवाही को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े करती हैं। सरकार सुनिश्चित करें कि घायल बच्चों का बेहतर से बेहतर इलाज हो। साथ ही इस दुखद घटना की तुरंत जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो।

**प्रियंका गांधी ने दर्दनाक हादसे पर जताया दुख**

प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी इस हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा, झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज से दहला देने वाली खबर आई है, जहां नवजात शिशुओं के वॉर्ड में आग लग जाने की वजह से दस बच्चों की मौत हो गई है। शोक और सांत्वना के शब्द इस महाविपत्ति के समय व्यर्थ हैं। हम लोग इस मुश्किल परिस्थिति में परिजनों और अभिभावकों के साथ खड़े हैं।

रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। पुलिस-प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंची हैं। मेडिकल कॉलेज में इस समय दर्द की एक तस्वीर सामने आ रही है। जहां एक रात पहले माता-पिता और परिवार बच्चों के जन्म की खुशी मना रहे थे, हर तरफ मिठाई बांट रहे थे। अब वहीं, परिवार गम में डूबे हैं और हर मां की नम आंखें अपने लाल को गोद में लेना चाहती हैं। इस हादसे को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने जांच के आदेश दिए हैं।

# छात्र आंदोलन को लेकर योगी ने कहा: इन कारनामों के लिए सपा-बसपा की जमानत जब्त होना चाहिए



फूलपुर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए राजनीति, सेवा का मिशन है, जबकि समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के लिए राजनीति अपने कारनामों को अंजाम देने, अराजकता, गुंडागर्दी फैलाने, दंगा कराने और कर्फ्यू लगाने का एक व्यवसाय है। प्रयागराज के फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के कसेरुआ में उपचुनाव के तहत एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, सपा और बसपा को इन कारनामों को करने का सर्टिफिकेट नहीं देना चाहिए। इनके प्रत्याशियों की जमानत जब्त होनी चाहिए। भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, समाजवादी पार्टी राम मंदिर का विरोध करती है, दीपोत्सव, देव दीपावली, परीक्षाओं की शुचिता, विकास कार्यों और यहां तक कि गरीब कल्याणकारी योजनाओं का विरोध करती है। यह केवल बांटने की राजनीति में विश्वास करती है। मुख्यमंत्री ने कहा, अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार हमें इसलिए करना पड़ा था क्योंकि हम बंटे थे। काशी और मथुरा में हमें अपमान इसलिए झेलना पड़ा क्योंकि हम बंटे थे। जब बंटे थे तो कटे थे। भारत में आज सबसे बड़ी चुनौती जाति के नाम पर बांटने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा, समाजवादी पार्टी का विकास से कोसों दूर तक रिश्ता नहीं है। इनका एक ही सिद्धांत है सबका साथ, सैफई परिवार का विकास। इससे ऊपर ये सोच भी नहीं सकते। योगी आदित्यनाथ ने कहा, हमने पहले ही दिन कहा था कि उत्तर प्रदेश की धरती को दंगामुक्त बनाएंगे, नकल माफिया, खनन माफिया, पशु माफिया आदि से सख्ती से निपटेंगे। इन पर कार्रवाई से सपा को बहुत पीड़ा होती है। सभी दुर्दांत माफिया सपा के गले के हार हैं। उन्हीं से इनकी आजीविका चलती है। उन्हीं के भरोसे ये जीते हैं।" यहां लोक सेवा आयोग के खिलाफ चले छात्र आंदोलन के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा, प्रतियोगी परीक्षाएं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न हों, इसके लिए माहौल सरकार भी बनाएगी और चयन बोर्ड और आयोग भी इसके लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे हैं। अच्छे नौजवान जब सेवा में आएंगे तो विकास की गति बढ़ाएंगे और गरीबों के लिए शासन की योजनाएं उन तक पहुंचाने में मदद करेंगे।

# क्या बिहार उपचुनाव में नीतीश सरकार ने की है गड़बड़ी

## सुधाकर सिंह के आरोप से मची खलबली

पटना, 16 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार में विधानसभा की चार सीटों पर उपचुनाव हुए हैं। इसको लेकर अभी भी खूब सियासी बयानबाजी हो रही है। आरजेडी के सांसद सुधाकर सिंह ने शनिवार को बिहार उपचुनाव में सत्ता पक्ष के लोगों पर गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि विधान सभा उपचुनाव में नीतीश सरकार ने धन बल का उपयोग किया है। इस बार चुनाव में लड़ाई एनडीए के धनबल और 'इंडिया' ब्लॉक के जन बल के बीच था।

**'सरकार ने जमकर सत्ता का दुरुपयोग किया'**

सुधाकर सिंह ने कहा कि सत्ता पक्ष के लोगों ने प्रशासन के साथ मिलकर सभी जगहों पर पैसे बांटे गए। शराब तक बांटी गईं। सरकार ने जमकर सत्ता का दुरुपयोग किया है, लेकिन उससे कुछ होने वाला नहीं है। जीत इस बार 'इंडिया' ब्लॉक के उम्मीदवार की हो रही है। उन्होंने कहा कि बिहार के इस उपचुनाव में एनडीए गठबंधन के



दर्जनों मंत्री, केंद्रीय मंत्री भी चुनाव प्रचार में आए, लेकिन जनता ने उनका साथ नहीं दिया है।

**आरजेडी ए टू जेड की है पार्टी- आरजेडी सांसद**

आरजेडी सांसद ने कहा कि जनता एनडीए नेताओं के बारे में जानती है कि वो सिर्फ भाषण दे सकते हैं। आम लोगों की समस्या को लेकर उनकी सोच कुछ हैं ही नहीं। आगे उन्होंने कहा कि आरजेडी सिर्फ एमवाई समीकरण की पार्टी नहीं है। ये ए टू जेड की पार्टी है। हम लोग समाज के सभी तबके को साथ लेकर आगे बढ़ते हैं।

# इंसानों को देख धबराया चीतल, हार्ट अटैक और किडनी फेल होने से मौत

भागलपुर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। चार दिन पहले बांका जिला मुख्यालय से सटी गारा पंचायत में पकड़े गए एक चीतल की मौत हार्ट फेल और किडनी खराब होने के कारण हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से इसकी जानकारी सामने आई है। लोगों की भीड़ देखकर चीतल के हार्ट और किडनी ने काम करना बंद कर दिया। गांव में चीतल कैसे पहुंचा, इसकी जांच वन विभाग के अधिकारी कर रहे हैं। उधर, एक अन्य मामले में जमुई जिले के मलयपुर रेंज के वन अधिकारियों ने बारहसिंहा का सींग बरामद किया है। इसकी जांच हैदराबाद की प्रयोगशाला में कराई जाएगी। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि यह सींग कब का है। जानकारी के अनुसार, चार दिन पहले एक चीतल भटककर बांका मुख्यालय से सटी गारा पंचायत में पहुंच गया। ग्रामीणों को जब वन्य जीव के आने की जानकारी मिली तो बड़ी संख्या में लोग उत्सुकतावश उसे देखने पहुंच गए। भारी भीड़ को देखकर चीतल घबरा गया। उसने इधर-उधर कूदना बंद कर दिया। लोगों ने उसे आसानी से पकड़कर वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग के अधिकारी मेडिकल टीम के साथ वहां पहुंचे। चीतल को अपने कब्जे में लेकर भागलपुर आ गए। मेडिकल टीम ने काफी कोशिश कीस लेकिन चीतल बच नहीं पाया। वन विभाग के चिकित्सक डॉ। संजीत कुमार का कहना है कि जीयर फैमली का कोई भी वन्य जीव जब लोगों की भीड़ के बीच घिर जाता है या फिर लोगों के संपर्क में आ जाता है तो वह वन्य जीव फैक्चर माओपैथी नामक रोग से ग्रस्त हो जाता है। ऐसी स्थिति में उस वन्य प्राणी की किडनी और हार्ट काम करना बंद कर देता है। चीतल के साथ भी यही हुआ। डॉ। संजीत कुमार ने बताया कि हाल के वर्षों में बांका के आसपास के जंगल में चीतल को नहीं देखा गया है। चीतल यहां कैसे पहुंचा, इसकी जांच की जाएगी। दूसरी ओर जमुई जिले के मलयपुर रेंज के वन्य अधिकारियों ने एक व्यक्ति पास से बारहसिंहा की सींग बरामद की है। उस व्यक्ति के पास सींग कहां से पहुंची, इसकी जांच-पड़ताल की जा रही है। वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि वन्य जीव अधिनियम को 1972 में लागू किया गया। ऐसी स्थिति में कोई भी व्यक्ति वन्य जीवों से जुड़ी सामग्री को अपने घर में नहीं रख सकता है। कायदे से इस सामग्री को वन विभाग को सौंप देना चाहिए। हैदराबाद की प्रयोगशाला में जांच के बाद पता चल पाएगा कि यह सींग कितना पुराना है।



# कार की तलाशी के दौरान सपा सांसद की बेटी भड़कीं, सीओ से कर ली बहस, वीडियो वायरल

अंबेडकरनगर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। यूपी के अंबेडकरनगर में सपा सांसद की बेटी और सीओ के बीच बहस का मामला सामने आया है। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दिख रहा है कि सीओ कार की तलाशी ले रहे हैं, इसी दौरान छाया वर्मा इस कार्रवाई का विरोध करती नजर आ रही हैं। सपा सांसद लालजी वर्मा की पुत्री छाया वर्मा और सीओ टाण्डा के बीच बहस का वीडियो वायरल हो रहा है। उपचुनाव को लेकर चल रही चेकिंग के दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख, सपा सांसद लालाजी वर्मा के करीबी लवकुश वर्मा की कार की तलाशी के दौरान ये बहस हुई है। लवकुश वर्मा की कार की तलाशी के दौरान छाया वर्मा पहुंची और सीओ टाण्डा से बहस की। बहस के दौरान सीओ द्वारा गाड़ी में मौजूद नामों की एक लिस्ट मांगने पर बहस की शुरुआत हुई। छाया वर्मा ने लिस्ट देने से इनकार किया और कहा कि इससे कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न होगा। बता दें कि छाया वर्मा सपा प्रत्याशी शोभावती वर्मा की पुत्री हैं। छाया वर्मा ने भी सीओ से बहस करते हुए यही कहा कि बाकी लोगों की गाड़ियां चेक नहीं हो रही हैं लेकिन हमारी हो रही हैं। हमारा समय भी महत्वपूर्ण है। अभी बसपा की गाड़ी निकली, उसे चेक नहीं किया गया। इस पर अधिकारी ने कहा कि बसपा की गाड़ी की काली पन्नी हटाई गई है और उसका चालान भी किया गया है। सभी की गाड़ियां चेक की जा रही हैं। बता दें कि अंबेडकरनगर के कटेहरी विधानसभा में उपचुनाव है।



जिसको लेकर सियासी चर्चा चालू हैं। दरअसल कटेहरी विधानसभा उपचुनाव में सांसद लालजी वर्मा की पत्नी चुनावी मैदान में हैं। ऐसे में विपक्ष तमाम तरह के आरोप लगा रहा है। जांच के दौरान पुलिस को कार से कुछ नंबर मिले। पुलिस का कहना है कि कई लोगों के खाते में यूपीआई के माध्यम से रुपया ट्रांसफर किया जा रहा है, इसलिए ये जांच की जा रही है।

# 3 साल बाद अपने पिता के कार्यालय में स्थापना दिवस मनाएंगे चिराग, एलजेपी आर. को मिला ऑफिस



पटना, 16 नवंबर (एजेंसियां)। दिवंगत रामविलास पासवान की पटना के वन व्हीलर रोड स्थिति लोक जनशक्ति पार्टी के कार्यालय पर अब चिराग पासवान की नई पार्टी एलजेपीआर का कब्जा हो गया है। 2021 में पार्टी के दो टुकड़े हुए और पशुपति पारस ने कार्यालय पर कब्जा जमा लिया, लेकिन अब भवन निर्माण विभाग ने उन्हें खाली करवा दिया है। हाई कोर्ट में 13 नवंबर तक स्टे आर्डर दिया था जिसके बाद पशुपति कुमार पारस की ओर से कार्यालय खाली कर दिया गया और भवन निर्माण विभाग में इस कार्यालय को चिराग पासवान की पार्टी लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास को दे दिया है।

**4 साल बाद पुराने कार्यालय में मनाया जाएगा स्थापना दिवस**

बीते शुक्रवार को चिराग पासवान इस कार्यालय में पहुंचे थे और विधवत पूजा भी की थी, लेकिन अभी भवन निर्माण विभाग को इसमें और कुछ काम करने हैं। विभाग तैयारी कर रहा है। पूरी तैयारी के बाद चिराग पासवान को यह कार्यालय सौंप दिया जाएगा, लेकिन सबसे बड़ी बात है कि चिराग पासवान अपने पार्टी का 28 नवंबर को स्थापना दिवस जो पटना के गांधी मैदान में होना था, उसे अब अपने पिता के पुराने कार्यालय में करेंगे। कहा जाए तो 4 साल बाद इस कार्यालय में चिराग पासवान पार्टी का स्थापना दिवस मनाएंगे। इसको लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह बहुत बड़ी बात है कि इस बार हम लोग अपने पुराने कार्यालय में आ जाएंगे और स्थापना दिवस मनाया जाएगा। हालांकि अभी तक पार्टी की ओर से इसकी घोषणा नहीं की गई है, लेकिन 3 दिन पूर्व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी के जरिए लेटर जारी करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को सूचित किया गया था कि पार्टी की स्थापना दिवस के मौके पर 28 दिसंबर को पटना के गांधी मैदान में बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट महारैली स्थगित की जाती है, क्योंकि बिहार में 26 नवंबर से 3 दिसंबर तक पैक्स चुनाव होने हैं।

**उम्मीद है पार्टी कार्यालय में मनाया जाएगा स्थापना दिवस**

लेटर में कहा गया है कि पैक्स चुनाव लेकर पार्टी ने यह निर्णय लिया है कि 'बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट महारैली' का आयोजन बाद में किया जाएगा। इसकी सूचना जल्द जारी होने की बात कही गई है, लेकिन स्थापना दिवस कहां मनाया जाएगा इसको लेकर अब चर्चा तेज हो गई है और कार्यकर्ताओं ने भी कहा है कि ज्यादा उम्मीद है कि नई पार्टी एलजेपीआर के कार्यालय में ही स्थापना दिवस मनाया जाएगा लेकिन इसके लिए आधिकारिक तौर पर प्रदेश अध्यक्ष सूचना देंगे।

## कार की टक्कर से दूल्हा-दुल्हन समेत 7 लोगों की मौत

बिजनौर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। जिले के धामपुर क्षेत्र में शनिवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां घने कोहरे के कारण हुए एक सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये हादसा धामपुर में देहरादून-नैनीताल नेशनल हाईवे पर हुआ है। यहां एक तेज रफ्तार कार ने ऑटो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक सहित सात लोगों की मौत हो गई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार ऑटो सवार सभी लोग झारखंड में शादी करके वापस अपने गांव तिबड़ी आ रहे थे। मृतकों में खुर्शीद (65), उसका बेटा विशाल (25), पुत्रवधू खुशी (22), मुमताज (45), रूबी (32) और बुशरा (10) शामिल हैं।

# ट्रंप सरकार में मंत्री बने कानपुर के दामाद



कानपुर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप की सरकार में भारतीय मूल के केरल निवासी विवेक रामास्वामी को सरकारी दक्षता विभाग का आयुक्त नियुक्त किया गया है। विवेक अपनी इस जिम्मेदारी के रूप में ट्रंप सरकार के सभी मंत्रियों व विभागों पर नजर रख सकेंगे। विवेक रामास्वामी का जिक्र यहां इसलिए भी किया जा रहा है, क्योंकि वह भारतीय होने के साथ-साथ कानपुर के दामाद भी हैं। रामास्वामी की शादी यहां के साकेतनगर निवासी और अमेरिका में रोबोटिक यूरो सर्जन डॉ। आशुतोष तिवारी की बेटी अपूर्वा तिवारी से हुई है।

**इन्वेस्टर्स अपूर्व अग्रवाल के दोस्त हैं विवेक**

अपूर्वा भी ईएनटी सर्जन हैं। विवेक की शादी अपूर्वा से वर्ष 2015 में हुई थी। दोनों की मुलाकात येल विवि में हुई थी, जब विवेक रामास्वामी कानून की पढ़ाई और अपूर्वा मेडिकल की पढ़ाई कर रही थीं। उनके दो बेटे हैं। विवेक रामास्वामी अमेरिका में इन्वेस्टर्स अपूर्व अग्रवाल के दोस्त हैं।

## निलंबित इंस्पेक्टर और साथी से जुआ खेलने वालों के नाम जानेगी पुलिस, आरोपियों की तलाश शुरू

वाराणसी, 16 नवंबर (एजेंसियां)। वाराणसी जिले के पहड़िया स्थित रुद्रा हाइट्स अपार्टमेंट के फ्लैट से व्यापारियों के 41 लाख रुपये लूटने के मामले में निलंबित इंस्पेक्टर परम हंस गुप्ता और उसके दोस्त छीतमपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार चौबे उर्फ पिंटू की सारनाथ थाने की पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, दोनों से अलग-अलग पूछताछ की जाएगी तो स्पष्ट होगा कि जुआ खेलने वाले लोग कौन थे और वहां से कितना पैसा उन्होंने समेटा था। फिलहाल, निलंबित इंस्पेक्टर और उसका दोस्त गिरफ्तारी के डर से भूमिगत हैं। पहड़िया स्थित रुद्रा हाइट्स अपार्टमेंट में गत सात नवंबर की आधी रात बाद एक फ्लैट में तत्कालीन सारनाथ थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर परम हंस गुप्ता अपने दोस्त धर्मेंद्र के साथ गया था। धर्मेंद्र ने खुद को मुख्यमंत्री का ओएसडी बताया था। दोनों ने फ्लैट में जुआ खेल रहे व्यापारियों को तगड़ी कानूनी कार्रवाई का भय दिखाया और मौके पर मिले 41 लाख रुपये दो बैग में समेट लिए।

# सेना भर्ती की दौड़ के लिए पहुंची 30 हजार युवाओं की भीड़ मौका नहीं मिलने पर किया हंगामा; पुलिस ने खदेड़ा



पटना, 16 नवंबर (एजेंसियां)। जिले के दानापुर में सेना भर्ती के लिए दौड़ का आयोजन किया गया है। इस दौड़ में शामिल होने के लिए शनिवार को युवाओं की भारी भीड़ पहुंच गई। बताया जा रहा है कि दानापुर में चल रही दौड़ में शामिल होने के लिए बिहार के अलग-अलग जिलों से करीब 30 हजार युवा पहुंच गए थे। हालांकि दौड़ के लिए युवाओं की क्षमता से अधिक भीड़ होने पर सभी को मौका नहीं मिल सका। वहीं दौड़ में शामिल होने का मौका नहीं मिलने पर युवकों ने हंगामा भी किया। इसके बाद पुलिस ने हंगामा कर रहे युवकों पर हल्का बल प्रयोग भी किया।

**क्षमता से ज्यादा संख्या में पहुंचे अभ्यर्थी**

दरअसल, पटना के दानापुर में सेना भर्ती के लिए दौड़ चल रही है। आज शनिवार को दौड़ का पांचवां दिन था। इस बीच सेना भर्ती के लिए पांचवें दिन भारी संख्या में युवा पहुंच गए। वहीं युवाओं की भारी भीड़ को देखते हुए ज्यादातर लोगों को दौड़ में शामिल होने से रोक दिया गया। दौड़ में शामिल नहीं किए जाने के बाद अभ्यर्थियों ने सैनिक चौक पर हंगामा करना शुरू कर दिया। यहां पर इकट्ठा हुए युवाओं ने दौड़ कराने की मांग की और चौक पर जाम लगा दिया। वहीं इसकी सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने युवाओं को हटाने के लिए हल्के बल का भी प्रयोग किया।

**पुलिस ने हल्के बल का किया प्रयोग**

वहीं दौड़ में शामिल हुए कुछ अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। हालांकि पुलिस ने इस मामले पर सफाई देते हुए कहा है कि ज्यादा भीड़ होने की वजह से यहां ऐसी स्थिति बन गई। दौड़ को कैंसिल नहीं किया गया है, रोज की तरह जितनी क्षमता थी, उतने लोगों की दौड़ कराई जा रही है। बाकी लोगों को प्रदर्शन करने से मना करते हुए वापस भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मौके पर स्थिति नियंत्रण में है और किसी तरह का हंगामा नहीं हुआ है।

## 'तुम्हारी दीदी की तबीयत खराब है' मदद करने पहुंची साली को जीजा से हुआ इश्क, फिर 6 महीने तक अब पुलिस ने क्या किया?

मैनपुरी, 16 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी से अजीबोगरीब मामला सामने आया है। मैनपुरी के बेवर में जीजा साली का प्यार इस कदर परवान चढ़ गया कि बात पुलिस स्टेशन तक पहुंच गई। मामला इतना बढ़ गया है कि पुलिस ने कोर्ट में दोनों के बयान दर्ज कराएं है, जिसके बाद आगे कि कार्रवाई की जाएगी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बेवर में युवती छह महीने पहले अपनी बीमार बहन के ससुराल उसकी देखभाल करने के लिए आई थी, जहां उसे जीजा से प्रेम हो गया। पुलिस ने बताया कि ससुराल में रहने के दौरान दोनों के बीच संबंध भी बन गए, लेकिन युवती के बहन को इसकी भनक तक नहीं लगी। ऐसे में जब युवती प्रेग्नेंट हुई तो घरवालों के सामने सच्चाई आई। युवती की बहन को जब इस बारे में पता चला तो उसके होश उड़ गए और उसने युवती को घर से निकाल दिया।

# गाजियाबाद की चार सहेलियों ने एक साथ छोड़ा घर शामली में मिलीं, क्राइम शो से मिला आइडिया



गाजियाबाद, 16 नवंबर (एजेंसियां)। पैरेंट्स की डांट से नाराज़ होकर 9वीं क्लास में पढ़ने वाली चार किशोरियों ने घर छोड़ दिया। 12 नवंबर को इस मामले में एक बच्ची के पिता ने लिंक रोड थाने में शिकायत दी थी। इसके बाद थाने के साथ ही स्वॉट टीम ने लड़कियों को शामली से ढूंढ निकाला। एसीपी साहिबाबाद ने बताया कि लापता हुई तीन लड़कियां लिंक रोड क्षेत्र और 1 दिल्ली की रहने वाली है। चारों दिल्ली आनंद विहार के एक स्कूल में पढ़ती थीं। सभी साथ में घर से निकली थीं। सूचना के बाद मामले में सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया। इसी के ज़रिये पुलिस उन तक पहुंची।

**एक सहेली ने पुलिस, लोगों से मांगी मदद**

पुलिस की जांच में सामने आया है कि चारों छात्राओं में से दो अपने पैरेंट्स के व्यवहार से नाराज थीं। वहीं, दो उनका साथ देने के लिए लिए प्लान में शामिल हुई थीं। 12 नवंबर को वह चारों स्कूल नहीं गईं। उन्होंने आनंद विहार मेट्रो स्टेशन पर कपड़े बदले और वहां से ट्रेन से शामली पहुंचीं। इस दौरान चार में से एक के पास मोबाइल था। एक किशोरी ने कहा कि उसने कई क्राइम शो में देखा है कि पुलिस मोबाइल से लोगों तक पहुंच जाती है तो उसने अपनी दोस्त का मोबाइल तोड़कर सड़क किनारे डाल दिया। इस दौरान कुछ लोगों ने उन्हें देखा तो उन्होंने परिवार के आने की बात कह दी। हालांकि उसमें से एक ने लोगों से मदद मांगी और इस मामले में पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद चारों किशोरियों को बरामद किया गया।

# सुखबीर सिंह बादल ने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

## > 14 दिसंबर को चुना जाएगा नया प्रधान



चंडीगढ़, 16 नवंबर (एजेंसियां)। सुखबीर सिंह बादल ने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। बादल ने पार्टी की वर्किंग कमेटी को इस्तीफा सौंप दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता दलजीत चीमा ने कहा कि अब पार्टी में नए अध्यक्ष का चुनाव 14 दिसंबर को होगा।

शिरोमणि अकाली दल के वर्किंग कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बलविंदर सिंह ने 18 नवंबर को दोपहर 12 बजे चंडीगढ़ स्थित पार्टी कार्यालय में वर्किंग कमेटी की बैठक बुलाई है। इस वर्किंग कमेटी की बैठक में सभी सदस्यों के समक्ष पार्टी के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल की ओर से दिए गए इस्तीफे को मंजूर किए जाने पर फैसला लिया जाएगा और पार्टी प्रधान की पद पर चुनाव कराए जाने को लेकर चर्चा होगी। पंजाब में चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव से पहले अकाली दल को एक बड़ा झटका लगा है। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल पर बागी अकालियों ने एक जुलाई को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाए थे कि अकाली दल की सरकार के दौरान विभिन्न धार्मिक गलतियां की गई हैं। इसके लिए अकाली दल का नेतृत्व पूरी तरह जिम्मेदार है।

सरकार में सुखबीर बादल डिप्टी सीएम थे। इसके बाद सुखबीर बादल 30 अगस्त को जत्थेदार रघबीर सिंह द्वारा तनखाहिया घोषित किए गए थे। वे धार्मिक सजा जल्दी सुनाने को लेकर अकाल तख्त साहिब से गुहार लगा चुके हैं। सुखबीर बादल ने अपने अपील पत्र में कहा कि उनके तनखाहिया घोषित होने के चलते पार्टी के कामकाज पर भी असर पड़ रहा है। सिंह साहिबानों के आदेशों के अनुसार वह पार्टी की गतिविधियों में भी भाग नहीं ले रहे हैं। सिख पंथ व पंजाब को इस समय गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन वह आदेशों के अनुसार पंजाब के लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं की कोई भी सहायता करने में असमर्थ हैं। इसलिए उनके मामले को लेकर जल्द ही कोई फैसला लिया जाए। वह दास के तौर पर सिंह साहिबानों का हर आदेश का पालन करने को तैयार हैं।

अभी बलविंदर सिंह भूंदड़ हैं कार्यकारी अध्यक्ष
तनखाहिया करार होने के कारण सुखबीर बादल चुनाव प्रचार व अन्य राजनीतिक गतिविधियों में शामिल नहीं हो सकते थे। सुखबीर सिंह बादल ने पार्टी के वरिष्ठ नेता बलविंदर सिंह भूंदड़ को शिरोमणि अकाली दल का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर दिया था।

## हरियाणा के आर्मी कैप्टन ने एक रुपया लेकर शादी की

रेवाड़ी, 16 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के रेवाड़ी में सेना के कैप्टन की शादी सुर्खियों में है। इसकी वजह यह है कि उनकी शादी बिना दहेज के असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ हुई। उन्होंने शगुन में सिर्फ एक रुपया लिया। कैप्टन ललित यादव (29) रेवाड़ी जिले के खालेटा गांव के रहने वाले हैं। वह कुमाऊं रेजिमेंट में बरेली में पोस्टेड हैं। ललित ने 12वीं के बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी में दाखिला लिया था। इसके बाद 2018 में कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज (सीडीएस) एग्जाम पहले ही अटेम्प्ट में क्लियर कर लिया। 2019 में पास आउट होने के बाद सेना में लेफ्टिनेंट बने। इसके बाद उनका कैप्टन के पद पर प्रमोशन हुआ। कैप्टन ललित यादव की एक बड़ी बहन भी हैं। जिनकी शादी हो चुकी है। ललित के पिता महेंद्र सिंह भी सेना में कैप्टन के पद से रिटायर्ड हैं।

### महाराष्ट्र चुनाव में बचे तीन दिन

# अधिकारियों ने ट्रक से पकड़ी 8 हजार किलो चांदी



मुंबई, 16 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने में महज चार दिन का टाइम बचा है। राज्य में 20 नवंबर को मतदान होना है। चुनाव से पहले सभी जांच एजेंसियां पूरी तरह से सतर्क हैं और राज्य में होने वाली सभी गतिविधियों पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए हैं। इसी बीच मुंबई पुलिस और चुनाव आयोग के अधिकारियों ने एक ट्रक से आठ हजार किलो चांदी बरामद की है। इसकी कीमत करीब 80 करोड़ रुपये बताई जा रही है। अधिकारियों ने ड्राइवर से पूछताछ करने के बाद हिरासत में ले लिया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मानखुर्द पुलिस ने वाशी चेक नाके के पास नाकाबंदी की हुई थी। पुलिस वालों की टीम वहां से गुजरने वाली गाड़ियों को चेक कर रही थी और यह ट्रक शुक्रवार की रात को चेक नाके के पास से ही जा रहा था। पुलिस की टीम को इस पर शक हुआ। इसके बाद उन्होंने इसे रोका और तलाशी लेना शुरू कर दी। जब चेकिंग की जा रही थी तो बहुत ही बड़ी मात्रा में चांदी देखकर सभी चौंक गए। टीम इतने पर ही नहीं रूकी बल्कि चांदी का वजन भी करवाया। चांदी का वजन करीब 8,476 किलो निकला।

**इनकम टैक्स की टीम को दी गई जानकारी**

8,476 किलो चांदी की कीमत लगभग 80 करोड़ रुपये है। मामले में पुलिस ने ड्राइवर से पूछताछ की और जब उसने संतोषनजक जवाब नहीं दिया तो उसे हिरासत में ले लिया गया। मामले की जानकारी इनकम टैक्स को भी दी गई। इनकम टैक्स की टीम यह पता लगाने की जुगत में है कि इसका मालिक कौन है और यह कहां पर ले जाई जा रही थी।

**पहले भी की बरामदगी**

बता दें महाराष्ट्र में आचार सहिंता लागू है और सुरक्षा एजेसियां पूरी तरह से सतर्क हैं। इससे पहले नागपुर में चेकिंग के दौरान एक स्कूटर की डिग्गी से 1.35 करोड़ रुपये नकद और एक बैग से 15 लाख रुपये बरामद किए गए। इसके अलावा विक्रोली में भी 6 दिन पहले एक कैश वैन से 65 करोड़ रुपये की चांदी जब्त की गई।

# 'कुछ मुस्लिम संगठन अपने समुदाय से इंडिया ब्लॉक के लिए मांग रहे वोट'-बीजेपी ने कार्रवाई की मांग की



नई दिल्ली, 16 नवंबर (एजेंसियां)। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कुछ मुस्लिम संगठन महाराष्ट्र और झारखंड में धर्म के आधार पर मुसलमानों से वोट देने की अपील कर रहे हैं, जिससे चुनावी माहौल खराब हो सकता है। भाजपा ने इस मामले में चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट से सख्त कार्रवाई की मांग की है। भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के मौलाना सज्जाद नोमानी ने महाराष्ट्र में महा विकास आघाड़ी को 269 सीटों पर और कुछ अन्य गैर-बीजेपी दलों को समर्थन देने की अपील की है। उन्होंने मुसलमानों से महा विकास आघाड़ी को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि महाराष्ट्र चुनाव का नतीजा केवल राज्य ही नहीं, पूरे देश के भविष्य को प्रभावित करेगा।

**'झारखंड में जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने जेएमएम-कांग्रेस के लिए मांगे वोट'**

इसके अलावा, झारखंड के लोहरदगा में जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने मुसलमानों से कांग्रेस-झामुमो-आरजेडी-सीपीआई (एमएल) गठबंधन को एकजुट होकर वोट देने की अपील की है। गौरव भाटिया ने इसे वोट जिहाद करार देते हुए कहा कि यह तुष्टीकरण की राजनीति की पराकाष्ठा है। जो महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी और झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस और राजद गठबंधन कर रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर वोट मांगना लोकतंत्र में एक भ्रष्ट प्रथा है।

**'सत्ता के लिए तुष्टीकरण की राजनीति कर रही एमवीए'**

उन्होंने कहा, चुनाव प्रक्रिया को गंगा की तरह पवित्र होना चाहिए। लेकिन कांग्रेस, शरद पवार और उद्धव ठाकरे जैसे नेता सत्ता के लिए तुष्टीकरण की राजनीति करने को तैयार हैं। गौरव भाटिया ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय एकता का नारा दिया, एक रहोगे तो, सेफ रहोगे, तो इंडिया गठबंधन ने इस पर आपत्ति जताई। उन्होंने चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट से अपील की कि ऐसे मामलों पर ध्यान देकर सख्त कार्रवाई करें, ताकि कोई भी चुनावी माहौल खराब न कर सके।

## 'बंटेंगे नहीं तो कटेंगे नहीं नारों से लोगों को भड़काया नहीं जा सकता'

मुंबई, 16 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को अब एक सप्ताह से भी कम समय शेष रह गया है। इस को लेकर राज्य में सियासी माहौल गरमाया हुआ है। कांग्रेस नेता राज बब्बर ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों को वोट जिहाद और बंटेंगे तो कटेंगे जैसे नारों से भड़काया नहीं जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक हैं तो सेफ हैं वाले नारे पर भी कांग्रेस नेता ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें समझ आ गया है कि महाराष्ट्र के लोगों को कोई अलग नहीं कर सकता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राज बब्बर ने कहा, महाराष्ट्र के लोग हमेशा से एक हैं। उन्हें वोट जिहाद और बंटेंगे तो कटेंगे जैसे नारों से भड़काया नहीं जा सकता है।

# प्रियंका गांधी ने मोदी-शाह को जाति जनगणना कराने की दी चुनौती

## आरक्षण पर 50% की सीमा हटाने की मांग



मुंबई, 16 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने शनिवार को शिरडी में रैली की। उन्होंने इस रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जाति जनगणना कराने के लिए सार्वजनिक रूप से प्रतिबद्ध होने की चुनौती दी। बता दें कि राज्य की 288 सदस्यीय विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को चुनाव होने वाला है। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनके भाई राहुल गांधी ने जाति जनगणना की वकालत के लिए ही भारत जोड़ो यात्रा की थी।

शिरडी में रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा, मैं पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को एक मंच पर खड़े होकर यह घोषणा करने की चुनौती देती हूं कि वे जाति जनगणना कराएंगे और आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटा देंगे। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, वे दावा करते हैं कि मेरा भाई आरक्षण के खिलाफ है। यह वही व्यक्ति है जिसने न्याय की मांग करते हुए मणिपुर से मुंबई पैदल यात्रा की थी। जाति जनगणना की मांग करते हुए उसने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल यात्री की। वे डरे हुए हैं, इसलिए झूठ फैला रहे हैं। हम प्रत्येक जाति की जनसंख्या संरचना को जाने बिना प्रभावी ढंग से आरक्षण कैसे आवंटित कर सकते हैं? झारखंड में रैली के दौरान जाति जनगणना को लेकर राहुल के रुख पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आलोचना की थी। राजनाथ की प्रतिक्रिया के एक दिन बाद प्रियंका गांधी ने महाराष्ट्र में भाजपा को घेरा। राहुल गांधी के रुख पर राजनाथ सिंह ने कहा था कि उन्हें लगता है कि वे (राहुल) देश के लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुनाव 20 नवंबर को एक ही चरण में होंगे, जबकि विधानसभा चुनाव के मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

## सड़क हादसा : दूल्हा-दुल्हन समेत 7 की मौत

बिजनौर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। यूपी के बिजनौर में झारखंड से शादी कर लौट रहे दूल्हा-दुल्हन समेत 7 लोगों की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार देर रात 2 बजे नेशनल हाईवे-74 पर हुआ। परिवार झारखंड से आ रही ट्रेन से लौट रहा था। सभी लोग मुरादाबाद स्टेशन पर उतरे और वहां से ऑटो में बिजनौर के धामपुर जा रहे थे। इसी दौरान एक कार ने ऑटो में पीछे से टक्कर मार दी। ऑटो सड़क किनारे खाई में जा गिरा। हादसे की जगह से दूल्हे का घर सिर्फ 5 किलोमीटर दूर है। एसपी अभिषेक ने बताया- घने कोहरे के कारण हादसा हुआ है। बिजनौर के तिबड़ी गांव निवासी खुर्शीद अपने बेटे विशाल की शादी करने झारखंड के जिला मधुपुरा गांव परोहाबाद गए थे। शादी 14 नवंबर को थी। शादी करके शुक्रवार को परिवार के साथ गांव लौट रहे थे। उनके साथ विशाल, उसकी पत्नी खुशी, मौसी रूबी, मौसा मुमताज, मौसेरी बहन बुशरा के अलावा परिवार के दो लोग थे।

# देश में सड़क हादसों में रोज 26 बच्चे मर रहे

## इनमें से 7 की जान ड्राइविंग करते गई; 2023 में हेलमेट न पहनने से 54,568 मौतें हुईं

### 2023 में सड़क हादसे

देश में कुल सड़क हादसे
**4,80,583**

मारे गए लोग **1,72,890** | गंभीर जख्मी **4,62,825**

**ओवरस्पीडिंग से सबसे ज्यादा मौतें**

| कारण | मौतें |
|---|---|
| ओवरस्पीडिंग | 1,17,682 |
| रांग साइड | 9,432 |
| ड्रंक ड्राइविंग | 3,674 |
| मोबाइल पर | 2,884 |
| रेडलाइट जंप | 818 |
| अन्य वजह | 38,400 |

नई दिल्ली, 16 नवंबर (एजेंसियां)। बिना लाइसेंस 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाने के लिए थमाने वाले माता-पिता के लिए यह महज खबर नहीं, बल्कि एक अलर्ट है। 2023 के दौरान हुए सड़क हादसों में 18 वर्ष से कम आयु के 9,489 बच्चों की मौत हुई यानी देश ने हर दिन 26 बच्चों को खो दिया। ये साल भर के हादसों में जान गंवाने वाले कुल लोगों का 5.49% है।

दुखद पहलू यह है कि इनमें से 2,537 बच्चों की मौत ड्राइविंग (बिना लाइसेंस) करते हुए हुई यानी हर दिन करीब 7 'नाबालिग चालकों' ने जान गंवाई। हादसों में 4,242 बच्चों की मौत बतौर सवारी हुई, जबकि 2,232 बच्चों को पैदल चलते हुए सड़कों पर रौंद दिया गया। सड़क परिवहन मंत्रालय की रोड एक्सीडेंट्स इन इंडिया-2023 रिपोर्ट के लिए जुटाए गए आंकड़ों में यह तस्वीर सामने आई। रिपोर्ट जल्द ही जारी होने वाली है। अलग-अलग राज्यों से ये आंकड़े संकलित किए। इन आंकड़ों के मुताबिक, 2023 में हेलमेट न पहनने के कारण 54,568 मौतें हुईं।

**2023 में बच्चों की मौतों की संख्या 2022 से कम**

सड़क हादसों में बच्चों की मौतों की संख्या 2022 की तुलना में 39 कम है। 2022 के दौरान सड़क हादसों में 9,528 बच्चों की जान चली गई थी। देश में अब भी हर घंटे औसतन 55 सड़क हादसे हो रहे हैं। इनमें 20 लोगों की जान जा रही है। 2022 की तुलना में 2023 में सड़क हादसे 4.2% और मौतें 2.6% बढ़ी हैं। देश में सबसे अधिक 13.7% मौतें यूपी में हुईं और लगातार छठे वर्ष सड़क हादसों की संख्या में तमिलनाडु नंबर-1 रहा। वर्ष 2023 के दौरान सड़क हादसों में उम्र के हिसाब से देखें तो सबसे अधिक 66.4% मौतें 18-45 के आयु वर्ग में हुईं। कुल मौतों में 35 वर्ष से कम आयु वाले लोग 50.5% थे। सड़क हादसों में मारे गए लोगों में 31.5% शहरी और 68.5% ग्रामीण थे। 85.8% पुरुष और 14.2% महिलाएं थीं।

**सड़क के गड्ढों से होने वाली मौतें सालभर में 16% तक बढ़ीं**

2023 के दौरान देशभर में हुए सड़क हादसों में 33,827 (7%) ऐसे लोगों की मौत हुई, जिनके पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था।

> हादसों में 44,841 मौतें (26%) ऐसे वाहनों में हुईं, जो 10 साल से पुराने थे।

> सड़कों पर गड्ढों की मरम्मत के सरकारी दावों के बीच सालभर में इनसे हुए हादसों में 2,161 लोगों की जान चली गई, जो वर्ष 2022 (1,856) की तुलना में 16.4% ज्यादा है।

> ओवरलोडेड वाहनों की वजह से 27,810 हादसे हुए, जिनमें 12,154 मौतें हुईं।

> वर्ष 2023 के दौरान हिट एंड रन के 68,783 मामले दर्ज हुए, जिनमें 31,209 लोगों की जान गई और 54,574 लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए।

> दिल्ली में हादसों से सर्वाधिक 1,457 मौतें हुईं। बेंगलुरु (915) दूसरे, जयपुर (849) तीसरे पर।

# हिमाचल के संजौली मस्जिद केस में निगम कोर्ट में सुनवाई

## कमेटी-वक्फ बोर्ड से 2 मंजिल को लेकर मांगा जवाब; रिकॉर्ड नहीं होने फैसला टला



शिमला, 16 नवंबर (एजेंसियां)। शिमला की संजौली मस्जिद को लेकर शनिवार को नगर निगम (एमसी) आयुक्त कोर्ट में सुनवाई हुई। एमसी आयुक्त कोर्ट ने मस्जिद को निचली 2 मंजिल को लेकर मस्जिद कमेटी और वक्फ बोर्ड से जवाब मांगा है। वहीं नगर निगम द्वारा मस्जिद से जुड़ा सारा रिकॉर्ड जिला अदालत को देने की वजह से इस केस में आज फाइनल आदेश नहीं आ सका, क्योंकि जिला कोर्ट ने नगर निगम से मस्जिद से जुड़ा रिकॉर्ड मांग रखा है।

बता दें कि हिमाचल हाईकोर्ट ने नगर निगम आयुक्त को यह मामला 8 सप्ताह के भीतर निपटाने के आदेश दे रखे है। क्योंकि संजौली के लोकल रेजिडेंट ने कोर्ट में अर्जी डालकर जल्द फैसले देने का आग्रह किया था। इसके पीछे दलील दी गई कि नगर निगम की कोर्ट में यह केस 2010 से चल रहा है। लोकल रेजिडेंट की याचिका पर हाईकोर्ट ने बीते 21 अक्टूबर को फैसला सुनाया और इस केस को निपटाने के लिए 8 सप्ताह का वक्त दिया।

**आयुक्त कोर्ट में मस्जिद की दो मंजिल को लेकर सुनवाई**

उम्मीद की जा रही थी कि एमसी आयुक्त आज इस केस में दो मंजिल को लेकर फैसला सुनाएंगे। मगर यह केस जिला अदालत में भी चल रहा है। जिला अदालत के आदेशों पर नगर निगम ने संजौली मस्जिद से जुड़ा सारा रिकॉर्ड कोर्ट को दे रखा है। इस आज एमसी आयुक्त कोर्ट में रिकॉर्ड पेश नहीं किया जा सका।

**मस्जिद कमेटी और वक्फ बोर्ड से दो मंजिल को लेकर मांगा जवाब**

एमसी आयुक्त ने आज की सुनवाई में कहा कि, मस्जिद कमेटी और वक्फ बोर्ड को नोटिस देकर दो मंजिल को लेकर जवाब मांगा जाएगा। इसके बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि ऑल हिमाचल मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी के प्रवक्ता नजाकत अली ने संजौली मस्जिद को तोड़ने के नगर निगम आयुक्त के आदेशों को जिला कोर्ट में चुनौती दे रखी है। उन्होंने आयुक्त कोर्ट क फैसले को डिफैक्टेड बताते हुए मस्जिद तोड़ने पर स्टे मांग रखा है। इस पर जिला कोर्टल में सोमवार को सुनवाई होनी है।

# तमिलनाडु में भारी बारिश, 18 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी

चेन्नई, 16 नवंबर (एजेंसियां)। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने शनिवार (16 नवंबर) और रविवार (17 नवंबर) के लिए तमिलनाडु के 18 जिलों को भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। आरएमसी के एक बयान के अनुसार, सप्ताहांत में कन्याकुमारी थूथुकुडी तिरुनेलवेली, रामनाथपुरम, तेनकासी, विरुधुनगर, मदुरै, थेनी, डिंडीगुल, शिवगंगा, पुदुकोट्टई, तंजावुर, तिरुवरूर, नागपट्टिनम, मयिलादुथुराई, कुड्डालोर, विल्लुपुरम और चेंगलपट्टू जिलों में भारी बारिश की आशंका है। भारी बारिश का कारण दक्षिण तमिलनाडु और उसके आसपास के इलाकों में साइक्लोनिक सर्कुलेशन है। आने वाले दिनों में राज्य के बाकी हिस्सों में गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। चेन्नई में आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है, शाम और रात के समय कुछ इलाकों में मध्यम बारिश का अनुमान है। आरएमसी ने 22 नवंबर से चेन्नई, तिरुवल्लूर, चेंगलपट्टू और कांचीपुरम सहित उत्तरी तटीय जिलों में भी भारी बारिश की आशंका जताई है। इन जिलों में 22 से 28 नवंबर तक सामान्य से अधिक बारिश की चेतावनी जारी की गई है, जबकि इसी अवधि में राज्य के बाकी हिस्सों में सामान्य से कम बारिश की संभावना है।

पूर्वोत्तर मानसून के दौरान अब तक 1 अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच तमिलनाडु में 276 मिमी बारिश हुई। कोयंबटूर में सबसे अधिक 418 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य स्तर से 67 प्रतिशत अधिक है। चेन्नई सहित 17 जिलों में अधिक बारिश हुई। मानसून की शुरुआत के बाद से ही कई जिलों में बिजली की खपत में भी उल्लेखनीय कमी आई है।

तमिलनाडु उत्पादन एवं वितरण कंपनी (टैंगेडको) ने बताया कि राज्य में दैनिक बिजली की खपत घटकर 302 मिलियन यूनिट रह गई, जबकि 1 अक्टूबर को बारिश कम होने के कारण यह 380 मिलियन यूनिट थी। सितंबर में बिजली की खपत 400 मिलियन यूनिट प्रतिदिन से अधिक हो गई थी। टैंगेडको के अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण एयर कंडीशनिंग की आवश्यकता कम हो गई है, जिससे आवासीय और कृषि दोनों क्षेत्रों में बिजली की खपत में उल्लेखनीय गिरावट आई है। इस बीच राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने वायरल रोगों के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता जताई है।

चेन्नई और कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और तिरुवल्लूर जैसे आस-पास के जिलों में बुखार, इन्फ्लूएंजा और अन्य वायरल बीमारियों में वृद्धि की सूचना मिली है। इसके अलावा, राज्य के विभिन्न हिस्सों से मलेरिया और लेप्टोस्पायरोसिस के मामले सामने आए हैं। तमिलनाडु के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से विशेष रूप से बच्चों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतने का आग्रह किया है। विभाग ने लोगों को तेज बुखार, ठंड लगना, खांसी, गले में खराश, शरीर में दर्द और सिरदर्द जैसे लक्षणों पर नजर रखने और इन लक्षणों के दिखने पर डॉक्टर से परामर्श लेने की सलाह दी है।

# दिग्विजय ने महायुति को बताया चोरी की सरकार



मुंबई, 16 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीतने का भरोसा जताते हुए कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने महायुति को चोरी की सरकार बताया। उन्होंने बताया कि जनता ने पहले कांग्रेस, शिवसेना और राकांपा गठबंधन को चुना था। उन्होंने महायुति पर झारखंड सरकार को भी गिराने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने कहा कि महायुति बिना किसी वजह के मौजूदा मुख्यमंत्रियों को जेल भेज रही है।

**महायुति को बताया चोरी की सरकार**

मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा, यह चोरी की सरकार है। यह सार्वजनिक रूप से चुनी हुई सरकार नहीं है। जनता ने कांग्रेस, शिवसेना और राकांपा गठबंधन को चुना था। वे झारखंड में भी सरकार को गिराने की कोशिश कर रहे हैं। वे मौजूदा मुख्यमंत्रियों को जेल भेज रहे हैं। अदालत भी उनसे सवाल करती है कि उन्हें जेल क्यों भेजा गया। मुझे यकीन है कि झारखंड और महाराष्ट्र में हमारी सरकार बनेगी।

महाराष्ट्र में 288 संसदीय सीटों पर 20 नवंबर को चुनाव होने वाला है। पीएम मोदी के एक रहो सेफ रहो और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के बटेंगे तो कटेंगे वाले नारे पर दिग्विजय सिंह ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, पीएम मोदी का कहना है एक रहो सेफ रहो। राहुल गांधी ने सही कहा है कि कुछ लोग भारतीय अर्थव्यवस्था पर एकाधिकार चाहते हैं और वे एकजूट होकर ही सुरक्षित हैं। जहां तक यूपी के सीएम आदित्यनाथ की बात है तो बुल्डोजर कल्चर पर जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट से आदेश दिया था, कोई और होता तो इस्तीफा दे देता। जाति जनगणना को दिग्विजय सिंह ने राहुल गांधी का समर्थन किया। उन्होंने कहा, भाजपा बांटने वाली है और राहुल गांधी का कहना है कि समस्याओं का समाधान विस्तृत शोध के आधार पर ही किया जा सकता है। सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए जाति आदारित जनगणना कराई जानी चाहिए। भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि वे उन्हें जाति जनगणना से दिक्कत क्यों है?

# उद्योग जगत के युगदृष्टा : रतन टाटा



**अतुल कुमार**

भारतीय उद्योग़ जगत के दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का पिछले दिनों देहांत हो गया. उनकी गणना देश के सिरमौर उद्योगपतियों में होती थी . इंडस्ट्रीस की दुनिया में उनकी क्रेडिबिलिटी को इसी से समझा जा सकता है कि जिस भी उत्पाद से उनका नाम जुडता उस पर ग्राहक आंख़ मूंद भरोसा कर उसे अपनाते .उच्चस्तरीय ब्रांड के रूप में टाटा की ख्याति शुरु से रही लेकिन रतन टाटा ने इसमें जो इज़ाफा किया वह उल्लेखनीय है .अपने पूर्वजों की उम्मीदों से अधिक कारोबार कर उद्योग़ जगत में माइल स्टोन स्थापित किया .ऐसे इंट्रप्यूनर रहे जो हमेशा ज़मीन से जुड आम लोगों की जेब को ध्यान में रख वस्तुओं का निर्माण किया . कार खरीदना जब आम लोगों का सपना होता तब नैनो कार लांच कर आटोमोबाइल की दुनिया में धूम मचायी उसे कोई कार प्रेमी कैसे भुला सकता है .इसको पा निम्न और मध्यम वर्ग में खुशी की लहर दौड गयी .अपनी दूर ड्रष्टि से कारोबार जगत में ऐसा अनूठा कार्य करते जो लोगों को लुभाता



व्यवसाय की दुनिया लोगों की नब्ज़ को देख चलती है लेकिन रतन टाटा ने इस विचार को बदला वो लोगों की इच्छानुसार न चल उसमें ऐसा अनोखा कार्य करते जिससे कि लोग उनकी मर्ज़ी के अनुसार चलने को आकर्षित होते क्यों कि उसमें नवीनता का पुट होता .कहा भी कि " बिज़नेस सिर्फ पैसा कमाने के लिये मत करो ,बल्कि इसके माध्यम से

कुछ नया करने की सोचो जिससे कि ब्रांड वैल्यू बडे पैसा अपने आप आयेगा " व्यापार जगत के रचनात्मक व्यक्ति थे इसलिये आजीवन लोगों से जुड आखरी वक्त तक जनमानस के इंडसट्रियलिस्ट कहे गये .ऐसा कहां होता है ! लेकिन रतन टाटा के सरल ,साधारण और सादगी भरे जीवन से यही सामने आया .

उद्योगपतियों को ले जन साधारण में अजीब सी धारणा और नज़रिया बना हुआ है ? ऐसा क्यों ? जबकि देश की अर्थ व्यवस्था के वह मुख्य वाहक और अगुआ होते हैं . रोज़गार प्रदान करने में उनकी भूमिका प्रमुख हैं !उनके स्थापित किये व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की साख को देख दुनिया का व्यापार जगत इकनामी का आकलन करता है टाटा समूह के पूर्व अध्यक्ष रतन टाटा देश के जाने माने बिज़नेस लीडर्स में से एक थे जिन्होंने ग्लोबल पापुलैरिटी पायी और भारतीय उद्योग जगत को दुनिया में मान सम्मान दिलवाया . उनकी विज़नरी लीडरशिप में टाटा समूह एक वैश्विक शक्ति के रूप में विकसित हुआ . उनका योगदान इंजीनियरिंग से ले प्रौद्योगिकी के विविध क्षेत्रों मे फैला हुआ है .टाटा उद्योग की अपार सफलता को इसी से समझा जा सकता है कि कुछ महीनों पहले तेलंगाना सरकार ने आई आई टी के 50 साल पुराने सिलेबस को बदलने के लिये टाटा को पाठ्यक्रम में आज की ज़रूरतों के अनुसार बदलाव की ज़िम्मेदारी दी .

कारोबारी दुनिया में टाटा की जमी हुई साख को रतन टाटा ने व्यापक विकास के पंख दिये उससे उसकी साख बडी और जन सामान्य का भरोसा और बडा . दिलचस्प तथ्य है सन 1991 में जब जे आर डी टाटा ने समूह के नेतृत्व का दायित्व रतन टाटा को सौंपा तो कई लोगों को हैरत हुई और सवाल उठे कि क्या रतन टाटा इतनी भारी भरकम ज़िम्मेदारी को संभाल पायेंगे?अपने दृढ इरादों और संकल्प से सारी आशंकाओं को निराधार सिद्ध कर सफलता की ऐसी गाथा लिखी जो उद्योग जगत में सुनहरी मिसाल बनी . उनकी लीडरशिप में समूह ने सीमेंट ,कपडा और सौंदर्य प्रसाधनों जैसे व्यवसाय से बाहर निकल साफ्ट वेयर जैसे अन्य व्यवसायों पर अपना ध्यान फोकस किया दूर संचार व्यवसाय , और खुदरा व्यापार में प्रवेश किया .

वैश्विक स्तर पर कारोबार बढाने के लिये दुनिया की प्रसिद्ध कंपनियों का अधिग्रहण किया जिनमें मुख्य हैं टेटली टी , देवू मोटर्स की टृक विनिर्माण इकाई , और कोरस ग्रुप इकाई इत्यादि . जिसने भारतीय औद्योगिक क्षेत्र को वैश्विक उपस्थिति को विस्तार देने में मदद की .सन 2015 में निम्न और मध्यम वर्ग के लिये किफायती वाहन नैनो को डिज़ाइन किया जिसमें पांच लोगों के बैठने की व्यवस्था कर लोगों का दिल जीता जो " पीपल्स कार' कहलायी . स्वाभिमान कूट कूट कर भरा था रोचक प्रसंग है जब सन 1998 में टाटा इंडिका

कार बनायी तब नहीं चली तब दुनिया की मशहूर कार बनाने वाली कंपनी ने तंज कसा कि " जब आपको यात्री कारों के बारे में कुछ भी पता नहीं है तो आपने व्यवसाय क्यों शुरु किया " कुछ समय बाद रतन टाटा ने इसका करारा जवाब दिया वर्ष 2008 के दौरान जगुआर – लैंड रोवर इकाई खरीद कर फोर्ड को दिवालिया होने से बचाया इसके लिये उनको 2500 करोड का नुकसान उठाना पडा लेकिन फोर्ड को झुक कर उनके स्वाभिमान की दाद देनी पडी .

हमेशा ईमानदारी के साथ कारोबार किया और कर्मचारियों ,ग्राहकों और समुदायों सभी हित धारकों का सम्मान किया .टाटा समूह में विश्वास की संस्कृति को बढावा देने के लिये टीम वर्क को बढावा दिया और लोगों को नवाचार करने के लिये स्वतंत्र रूप से काम करने की छूट दी .जिससे लोगों में जवाब देही की भावना बडी . परोपकारी गतिविधियों में सदा आगे रहे . शिक्षा स्वास्थ्य सेवाओं और आपदा की परिस्थितियों में सदा हाथ बंटा उदाहरण पेश किया . टाटा समूह में रिटायरमेंट योजना को शुरु किया जिससे कि नव युवक आगे आ सकें इसके लिये स्वयं रिटायर हो मिसाल कायम की सोचिये ! अपने ही समूह से खुद रिटायर हो बडी मिसाल पेश की .कर्मचारियों से सीधे संपर्क रखते . इतना ही नहीं समूह से रिटायर लोगों से भी नाता रख उनसे मिलने ,उनके घर जा उनको स्तब्ध करते . ह्यूमन रिसोर्सेस की यह बेहतरीन मिसाल है .टीम वर्क उनकी कार्य शैली का मूल मंत्र था .सफल औद्योगिक समूह ऐसे ही खडे नहीं होते इसके लिये टीम के साथ कंधे से कंधा मिला चलना पडता है. रतन टाटा ने इसे सिद्ध किया . 28 दिसंबर 1937 को मुंबई में जन्मे रतन टाटा अच्छे विचारक ,विश्लेषक और वक्ता थे . उनके कहे कुछ सुवचनों को पढिये . " अगर आप तेज़ी से चलना चाहते हो तो अकेले चलिये ,और अगर आप दूर तक चलना चाहते हो तो साथ चलिये " " अपने बच्चों को अमीर बनने के लिये शिक्षित न करें ,उन्हें खुश रहने के लिये शिक्षित करें ताकि जब वो बडे हो जाएं तो उन्हें चीज़ों की कीमत पता चले , ना कि मूल्य " " ये दुनिया ज़रूरत के हिसाब से चलती है ,सर्दियों में जिस सूरज का इंतज़ार होता है गर्मियों में उसी सूरज का तिरस्कार ,आपकी कीमत तब तक है ,जब तक आपकी ज़रूरत है " और " आपके ऊपर लोगों के द्वारा फेंके गये पत्थरों को इकट्ठा कर लीजिये ,और उन्हीं पत्थरों से एक स्मारक बनाने के लिये उनका इस्तेमाल कीजीये " आदि .

मेहनत काबीलियत के बूते अपनी कंपनियों को साल दर साल उंचाइयों की बुलंदियां दीं उड्डयन , इस्पात , इंफ्रास्ट्रक्चर , ट्रैवल , रिटेल ई कामर्स , तकनालाजी , फ़ूड एंड बेवरेजीस , लाइफ स्टाइल , टेलिकाम एंड मीडीया ,आटोमोटिव , फाइनांस , और ड्यूरेबल्स आदि सेक्टर्स में टाटा समूह की .साख बढायी. केवल बिसनेस मैगनेट नहीं थे . टाटा ट्रस्ट के माध्यम से लोकोपकार के कई काम किये .अपने जीवन काल में 40 से अधिक स्टार्ट – अप में निवेश किया . सन 1962 में समूह के साधारण कर्मचारी के रूप में कैरीयर की शुरुआत कर उस शिखर तक पहुंचे जो लोगों के लिये इंस्पीरेशन है . भारत सरकार द्वारा उनको पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया .

बीती 9 अक्तूबर को जीवन की अंतिम सांस ली लेकिन इस यात्रा को अमर बनाया जिसमें व्यापार , विसन , और विजय के अनोखे पाठ छिपे हैं . इसलिये वह उद्योग जगत के युगदृष्टा के रूप में हमेशा याद रहेंगे ।

# काव्य कुंज

## तुम और मैं


डॉ डी डी देसाई

आसमान का चाँद हो तुम
पूजनीयवंदनीय हो तुम माँ।
मैं जुगनु निशाचर
जीवन भर की अटकन भटकन।
तुम ही मेरा जीवन हो माँ,
दिशा हीन राही मैं पथ का
तेरा आँचल ही मेरा अस्तित्व,
तुम बिन मेरी वसुधा निर्जन हैं।
प्राची का सूरज हो तुम माँ
तेजस्वी अलोकितप्रज्वल
अधजली ढ़िबरी मैं।
फुटकरअस्त व्यस्त
मंद मंदनिस्तेजअनालोकित।
तिनके सम बंजारा सफर
तेरी गोदी ही मेरा बसेरा
तुम बिन मेरा निलय निर्जन हैं।
मेरी सलामती की दुआ हो तुम,
मुसीबतों से निजात मिलता गया।
ठोकरों से निपटता गया..
रोजहर रोज। हर अरदास पूरी हुई।
अस्थिपन्जर में जान आई।
तेरा सर पर हाथ ही मेरी साँसे हैं,
तुम बिन नसें मेरी लहूहीन हैं।
तुम दीपक.. मैं अँधेरा,
तुम मेरी दुनियामैं एक कण बसेरा।
मेरी उम्र भी लग जाए तुम्हें माँ,
अंधकार सा मैंतुम मेरा बसेरा।

## यादों के स्पर्श...


दर्शन सिंह
हैदराबाद

यह क्या आए भी और उठकर चल दिए
जब तलक कुछ समझता,हाथ छुड़ा कर चल दिए
ठीक है गलतफहमी ने कुछ वजह बनाई होगी
है सब कुछ धुंधला ,कुछ अप्रत्यक्ष जगह बनाई होगी
जब भी ख़ामोश होता हूं,
बहुपाश में बंधे होते हो
यादों के स्पर्श बड़े ही अजीब होते हैं
कोई पास ना हो
फिर भी ये फूल करीब होते हैं
याद वे दिन,नदी किनारे घंटों बतियाते थे
गुत्थियां सुलझाते भी, उलझाते भी थे
लहरें बार बार आकर प्यार ओढ़नी ओढ़ा देती थी
अच्छा लगता था, धमनियां तनाव मुक्त कर दी जाती थी
भले ही तुम भूल जाओ,
मेरे सवेरे उसी के संवारने से दीप्त होते हैं
यादों के स्पर्श..
सुबह होती है,शाम होती है, कैनवास कोरा रह जाता है
तुम नहीं तो पास, अंधियारों से भर जाता है
लोग कहते हैं कि किस ख़्वाब में खोए रहते हो
किनारों को बेवजह तड़फाते हो
है तो दो जिस्म एक जान,
सपने में हमसफर होते हैं
यादों के स्पर्श...

## दो आँखें


जे गंगाधर 'गंध'
हैदराबाद


दिखने में होते है यें आँखें
सिखा जाते हैं हमें कई बातें,
जीवन में होते है एक समान,
पति-पत्नी दोनों आँख समान,
दोनों ही सजते है तो जचते है,
जचते है तो दिल जीत लेते है।
दोनों ही एक साथ देखते हैं,
दोनों ही साथ काम करते हैं,
दोनों ही साथ खुलते, बंद होते है,
दोनों ही एक साथ हिल मिलते हैं।
दोनों में एक साथ आँसू आते हैं,
वह खुशी से भी हो दुखी से भी हो,
वह आहट से भी घबराहट से भी हो,
हो तो एक साथ रहते साथ साथ।
दोनों ही एक साथ सो भी जाते हैं,
दोनों ही एक साथ जाग भी जाते हैं,
दोनों ही एक साथ देखें जाते हैं,
आँख चुराना भी दोनों का एक साथ।
आँख दिखाना भी एक साथ होता है,
आँख मिलाना भी एक ही सम होता है,
सुरमा लगाना हो दोनों में लगाना होता है,
चश्मा पहनना उतारना एक साथ होता है।
प्यार जताना हो या क्रोध दिखाना हो,
अपने अपनों से आपनी बात बताना हो,
होठों से कम इशारों में कुछ ख़ास हो,
आँखों ही आँखों से किया जाता है।
आँखें सिखा जाती है हमें तनिक जानों,
पति पत्नी का संबंध अटूट होता है मानो,
दोनों आँखों के बीच कोई खटपट होती नहीं,
दोनों में ऊँचा-नीचा, हठ धर्मिता होती नहीं।
अतः पति पत्नी दोनों एक आँख समान है,
मिलकर रहते और खिलकर हंसते रहते हैं,
आपस में एक ही साथ एक होकर जीते हैं,
मिलकर रहें तो दंपति नहीं तो होती विपत्ति।

## बदल गया इंसान


कुमुद बाला,
हैदराबाद

देख तेरे संसार की हालत
क्या हो गयी भगवान !
कितना बदल गया इंसान।।
धोखा ही लेकर दिल में फिरते ,
लोगों को मूर्ख हैं समझते
कुछ लोगों की लुटिया डुबोते और
कुछ की नैया हैं डुबोते
आदत से लाचार हैं इतने ,
अंधविश्वास का ढोल हैं पीटते
विधर्मी तो इतने हैं ये की धर्म के नाम पे घर तोड़ जाते
भगवान ! को भी चर्बी का लड्डू,चढ़ाते हैं इंसान ,
कहते बदल गया भगवान !!
सनातन धर्म का पहनके चोला,पशुप्रवृति को जागृत रखते
अवसरवादी ये इतने झूठे , भगवान ! को भी हैं धोखा देते
संस्कृति बेचते , धर्म बेचते , ये समय देख ईमान हैं बेचते
इज़्ज़त नहीं माँ और बहन की , पैसा देख हैं उन्हें भी बेचते
जानवर हैं इंसान से अच्छे,सुन लो ना ऐ भगवान !
कितना बदल गया इंसान ।।
ईमान बेच देते पल में ये , पैसे को ईश्वर हैं समझते
घर में ज़ुल्म का शंख बजाते और मंदिर में देवी को पूजते
शक्ति का येआडंबर रचते और भक्ति को बदनाम हैं करते
सीधे- साधे लोगों का जीवन , नरक से ये बदतर हैं बनाते
माता कह कर अपमान हैं करते,कैसे ये इंसान ,
कहते बदल गया भगवान !!

## तेरे मेरे सपने


गीता अग्रवाल
हैदराबाद

अनगिनत सपने लेकर चल पड़ी बारात।
मिलती रही फिर देखो,
खुशियों की सौगात।।
सपने तेरे मेरे थे, चक्रव्यूह के घेरे थे
चक्रव्यूह तोड़ने को लेने कुछ फेरे थे,
हर हाल में सपने पूरे
करना जो मकसद था
तेरे मेरे सपनों का एक सा तो मजहब था,
संजो कर रख रहे सपने,न कोई हो आघात।
अनगिनत सपने लेकर चल पड़ी बारात ।।
नेक तुम,नेक सपने, तकदीर ने साथ दिया,
न जीत हार सपने में तो,न शह मात दिया,
जाल सपनों के सुनहरे दिन रात बुनते रहे,
मेहनतकश हाथों की बारीकियां चुनते रहे,
टूटे हुए सपनों में भी न थी कोई फरियाद।
अनगिनत सपने लेकर चल पड़ी बारात।
मिलती रही फिर देखो खुशियों की सौगात।।

## मेहनत


टी तारासिंह
हैदराबाद

पूछने से ओर मांगने से सब मिल जाये तो
मन की सब मूरादे पूरी हो जाये तो
कौन क्यो दुआ मांगेगा रब से
कोई भी किसीसे कभी नही डरेगा
बस करते रहेगा अपनी मनमानी
मांगने का सिलसिला तो थमेगा नही
बन जायेगा आलसी ओर निर्दयी
अपना जीवन खुद ही बर्बाद करेगा
कुछ पाना हो तो जी जान से मेहनत कर
दिलो जान से उस काम को मुक्कमल कर
तेरी मेहनत रब देख लेगा
तेरी दुआ भी रब सुन लेगा
तेरी मदद भी जरूर करेगा
आगे बढाया है तो कदम पिछे कभी ना हटना
साहसी बनकर कदम आगे बढाता जा
तेरी जीत ही तेरा मुक्कदर होगा
तेरी कामयाबी के गुणगान लोग गायेंगे ।।

## चाय


हेमंत सुराना,
उदयपुर

सुबह हुई तो नींद खुली,
चाय की तब तलब लगी
नुक्कड़ हो या कोई सड़क,
हाथ में प्याली और तर्क वितर्क
कोहरे की चादर,
सर्दियों का मौसम,
एक गर्म चाय की चाहत
चाहे कभी भी पी सकते,
चाय बिन नहीं जी सकते
चाय ना हुई अमृत हुई,
हर मर्ज की दवा हुई चाय रखी है टेबल पर,
किस्से पुराने ले आओ
यार दोस्तों की जमेगी महफिल,
हंसी मजाक तुम ले आओ
थकान मिटाती स्फुर्ति लाती,
हर किसी को चाय ये भाती
मिले जब भी फुर्सत,चलो चाय हम पीते हैं
रिश्तो में आई दरार को,
चलो अब सीते हैं चाय के संग जी को,
चाय के संग जी लो ।

## संकल्प


डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

है संकल्प का कोई विकल्प नहीं,
है ये एक ऐसी पतवार,
जो कभी ना छोड़ती बीच मझधार,
चाहे माझी की हो नाव,
या पर्वतों की चढ़ाई बारम्बार,
संकल्प की डोर पकड़कर,
सभी का होता बेड़ा पार।
संकल्प बढ़ाता आत्मविश्वास,
इच्छाओं का खुलता द्वार,
लक्ष्य प्राप्ति का यह आधार,
प्रेरणा- दृढ़ता का यह भंडार।।
लिए संकल्प की मशाल हाथों में,
आजादी के परवानों ने,
देश को आज़ादी है दिलवाई।
'एडमंड हिलेरी ' की 'एवरेस्ट ' चढ़ाई,
'माउंटेन मेन मांझी ' की पहाड़ो की कटाई,
' इसरो' के पराक्रम ' चंद्रयान ' ने,
संकल्प की है अलख जगाई।
इतिहास साक्षी, इतिहास गवाह,
दृढ़संकल्पों के आगे,
नकारात्मकता होती है धराशाई।।।
संघर्ष- समस्या का हल है संकल्प,
एक समाधान है यह संकल्प,
साहस- हिम्मत पूरक संकल्प,
ब्रम्हांड शक्तियों को एकत्रित कर,
परिमार्जित करता है संकल्प ,
ईश्वरीय शक्ति का ध्योतक है, संकल्प।।

## नारी तुझ पर जग वारी


पूजा महेश
हैदराबाद

जली अखण्ड ज्योति सी
पली तू सीप मोती सी
वेदों की ऋचाओं सी
चमन की लताओं सी
गूंजती रही सदा, फूलती रही सदा।
तिमिर में प्रकाश सी
जिंदगी में आस सी
आरती का दीप सी
एक अधूरी प्यास सी
जलती रही सदा,पलती रही सदा।
तू पतित पावनी
दमकती तू दामिनी
कभी कभी तू फाल्गुनी
है कभी तू श्रावणी
खेलती रही सदा, भीगती रही सदा।
रीत नेह की चला
पींग प्रीति की बढ़ा
नया कारवां तू बना
नया इतिहास भी रचा
चलती रही सदा, रचतीं रहीं सदा।
प्रेम, शक्ति, विश्वास का नाम नारी
हे नारी!तुझ पर जग है वारि।।

## भव्य उजाले का जो उपहार दिया


संजीव ठाकुर,
रायपुर

हमने माटी के दीपों से घर सजा दिया,
बाती की लौ से सारा जग सजा दिया।
दीपों से अंधेरा करता रहा लाख मिन्नते,
दीपों की रोशनी ने तमस को हरा दिया।
अँधेरे की हैसियत ही क्या है जनाब
दीपों ने अंधेरों की हस्ती को मिटा दिया।
बड़े गौरव से समेटों उन दीपों को
भव्य उजाले का जो नजारा दिया।
नमन कीजिये ऊन हाथों का संजीव,
पवित्र मिट्टी से सुनहरा उजाला दिया।
आओ करें वंदन जगत जननी माँ का
अज्ञान से परे ज्ञान का उजाला दिया।

## समोसे की ताकत


संजय एम.
तराणेकर

अब समझ आई समोसे की ताकत,
अधिकारियों की हो गई ना आफत।
हा कीमती है मुख्यमंत्री का समोसा,
फ्रीबीज़ नहीं है ये, ना करो भरोसा।
इससे तो अच्छा खा लेते कोई डोसा,
न होता किसी भी प्रकार का शोशा।
समोसा तो विपक्ष ने भी नहीं खाया,
कैसे सरकार विरोधी सूची में आया।
पुलिसकर्मियों के खिलाफ बैठी जांच,
भला समोसे पर ही आ गई ना आँच।
अरे भाई इसे इतना भी क्यों हैं खाना,
ये नहीं है कोई राजनीति का निवाला।
भले ही विकास का ध्यान ना रखना,
ये छीन सकता है नौकरी याद रखना।
सच, यहीं हैं समोसे की बड़ी ताकत,
अधिकारियों की हो जाती हैं आफत।

## इश्क में


अन्नू प्रिया,
कटिहार, बिहार

इश्क में डूबने की बात करना और है
मरने जीने की बात करना और है
रोज चाहूंगा और रोज मरुंगा
इतनी मोहब्बत करना, और बात हैं।
ख्वाहिशें हर किसी की पूरी हों
यह दर्द कब जार जार हो फूट जाये
कोई अपना होके रहेगा उम्रभर
यह गफलत रखना और बात हैं।
मांगी थी बस मोहब्बत तुमसे
थोड़ी ही सही कद्र कर लीजिए
जो सामने आपके आज हैं
जिंदगी में आना आज का
न जाने कब सांस ही छूट जाये
तो बेकदर और बात है.......

## ये पंछी अभी चरले ज़रा


जीडी बजाज
हैदराबाद

ये पंछी अभी चरले ज़रा
यह खेत कल कट जाएगा
दिन का उजाला अभी बाक़ी हैं
शाम का अन्देरा अभी बाक़ी है
इन इंसानो का कोई भरोसा नहीं
क्या मालूम खेत आज ही कटजाएगा
अपनी संतान के लिए थोड़ा
दाना संजीत कर ले
तेरे पंख का उड़ान जारी रख
ये पंछी अभी चरले ज़रा
यह खेत कल कट जाएगा।

## गुनगुनी धूप का आनंद


डॉ टी महादेव राव

शीत की कंपाती सुबह में बैठ लें
चलो आँगन में बिछी खाट पर लेट लें
लें गुलाबी ठंड में गुनगुनी धूप का आनंद
आओ आसमान को बाहों में समेट लें
पत्तों की चरमराहट कि कोई आया है
मन किसी आवाज़ से भरमाया है
दूर दूर तक नहीं कोई परिंदा भी
शीत ने संसार को सूना सूना बनाया है
एकाकी भरम में निस्तब्धता को लपेट लें
आओ आसमान को बाहों में समेट लें
कहीं दूर से उठता धुआँ कहे कि कोई है
दूर दूर तक प्रकृति सुंदरता सी सोयी है
मन विचर रहा है संसार भर के एकांत में
ओस की बूंदें ज्यों सारी रात रोयी है
पोंछे आंसू धरती के सूरज गगन में बैठ के
आओ आसमान को बाहों में समेट लें
सारी सड़क सुनसान सी सूनी पड़ी है
राह में गहरे धुंध की बड़ी चादर खड़ी है
कुछ कहने लगा है बहती हवा का शोर
धरती सूरज के बीच चल रही आंखलड़ी है
जीवन के सब रंग प्रकृति संग समेट लें
आओ आसमान को बाहों में समेट लें।

## बाल दिवस


रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

बच्चों से संसार,यारा।
बच्चों से घर बार।
बच्चों से चलती दुनिया सारी,
सबको बच्चों से है प्यार।
बच्चो से संसार,यारा।
बिन बच्चों के बेकार।
बिन बच्चों के बेकार।
ये जहान सारा,
बिन बच्चों के बेकार।
बच्चो से बनते त्योहार।
खेल खिलौने और बहार।
बच्चों से है संसार सारा।
बच्चों से नहीं इन्कार।
प्यारे प्यारे बोलते तुतलाते।
ये बच्चे बड़ा हंसाते।
नानी दादी पानी बोलते।
सब हंसते लोटपोट हो जाते।
बच्चों से संसार सारा।
देश का भविष्य ये बच्चे।
संभालो इनको,नहीं तो बिगड़ते बच्चे।
घर खराब होता।
गर नहीं संभलते बच्चे।
दो इनको सुसंस्कार।
बच्चों से है प्यार सबको।
बच्चो से है संसार।

## ढूंढ रहा हूं स्वयं को


कमलेश झा

ढूंढ रहा हू स्वयं को जैसे खो
सा गया हो अपना अस्तित्व।
भावों के इस भाव बबंडर
तलाश रहा खुद का अस्तित्व ।।
बीत गया वो बचपन मौज
मस्ती और खेल के साथ।
वहां कहां पता था अपने
भविष्य का क्या होगा हाल ।।
स्कूल जाना और आना तब मन में बंधे ऊंचे ख्वाब।
कभी हल्का या भरी बस्ता उड़ने का बस मन में ख्वाब।।
अपनों के साथ बिताए कभी खट्टे या मीठे साथ।
प्यार भरी वो थपकी का मिलना या तीखी वो कटु सी बात।।
यादों के झरोखों से जब झांकती प्यार वाली वो अधूरी चाह।
प्रेयसी से मिलने की चाहत झकझोर देती वो पुरानी याद।।
पता नही किस हाल में प्रीयतम याद उसे भी क्या अपना प्यार?
क्या उसके मन में भी जिंदा वर्षो से दबा अधूरा वो प्यार ??
अस्तित्व ढूंढ रहा हूं अपना घर परिवार और समाज के बीच।
क्या इनको भी अपनी जरूरत या घिस रहा यों हीं इनके बीच।।
ढूंढ रहा स्वयं जैसे फंसा मृग हो तपती रेत ।
मृग मरीचिका बना हुआ है रेगिस्तान की जलती रेत।।
मृग कस्तूरी अपने अंदर नाहक क्यों होना परेशान ?
जीवन के उलझे खेल में मन कस्तूरी से चलाना काम !!!
इस जीवन के आपा धापी में मन में कहां भरता संतोष ??
इस जीवन से जितना पाया उससे हीं करते संतोष!!!

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications. Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# मराठवाड़ा में स्कूल-कॉलेज भी जातियों में बंटे

'मनोज जरांगे पाटिल मराठाओं के लिए ओबीसी के हिस्से से आरक्षण मांग रहे हैं। इसने दोनों कम्युनिटी के बीच दूरी बढ़ा दी है। अब ओबीसी दुकानदार से मराठा सामान नहीं खरीद रहे, मराठाओं की दुकानों में ओबीसी नहीं आते। लोगों ने अपने रास्ते बदल लिए हैं। ये लगभग पूरे महाराष्ट्र हो रहा है। अनुज चेपटे मराठावाड़ा के राम गवहान बुदरुक गांव के उपसरपंच हैं। ये गांव महाराष्ट्र के जालना जिले में है। गांव में 880 वोटर हैं, जिनमें आधे ओबीसी कैटेगरी से है। अनुज भी ओबीसी हैं। उनका गांव मराठा आंदोलन का सेंटर बन चुके अंतरवाली सराटी से सटा है। 2500 वोटर वाले अंतरवाली सराटी में करीब 1000 मराठा वोटर हैं। दोनों गांव घनसावंगी विधानसभा सीट में आते हैं, जहां से शरद पवार की पार्टी एनसीपी के राजेश टोपे लगातार तीन बार से चुनाव जीत रहे हैं। इस बार उनका मुकाबला शिवसेना शिंदे गुट के हिकमत उधान से है।

मनोज जरांगे पाटिल ने अंतरवाली सराटी से आंदोलन शुरू किया तो राम गवहान बुदरुक के ओबीसी भी साथ थे। वे पूरे महाराष्ट्र से आने वाले मराठाओं के लिए इंतजाम करते थे। बाहर से आई गाड़ियां खड़ी करने के लिए गांव में 6 एकड़ में पार्किंग बना दी। मनोज जरांगे पाटिल ने मराठाओं के लिए ओबीसी कोटे से आरक्षण मांग लिया, तब दोनों समुदायों में दूरियां बढ़ने लगीं। हालत ऐसी है कि ओबीसी समुदाय के कई लोगों ने कसम खा ली है कि मराठा दुकानदार से सामान नहीं लेंगे। ऐसा ही फैसला मराठाओं ने किया है। महाराष्ट्र की 288 सीटों पर 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। इससे पहले मराठा Vs ओबीसी का मुद्दा गहरा गया है। अब तक मराठवाड़ा में सूखा सबसे बड़ा मुद्दा होता था, अब इसकी जगह मराठा Vs ओबीसी ने ले ली है। मनोज जरांगे पाटिल के नेतृत्व में मराठा समुदाय अपने लिए कुनबी जाति का प्रमाणपत्र मांग रहा है। मराठों को कुनबी का दर्जा देने की मांग इसलिए की गई, क्योंकि ये जाति ओबीसी में आती है। सरकार ने भी मराठाओं की मांग मान ली। इसी बात से ओबीसी समुदाय में गुस्सा फैल गया। इस गुस्से का असर राम गवहान गांव की अदिति सचिन कालुशे बताती हैं। कॉलेज में पढ़ने वालीं अदिति कहती हैं, 'मेरे बहुत से मराठा दोस्त हैं। बचपन से हम साथ पढ़े-लिखे, खेले, स्कूल गए, लेकिन कभी किसी को मराठा या ओबीसी के नजरिए से नहीं देखा।'

अदिति, मनोज जरांगे पाटिल को पसंद नहीं करतीं। उनका मानना है कि मराठा आरक्षण आंदोलन की वजह से जातिवाद को हवा मिली है। वे कहती हैं, 'कॉलेज में मेरे मराठा दोस्त मनोज जरांगे पाटिल का स्टेटस लगाते हैं। आरक्षण की बात करते हैं। मैं ओबीसी समुदाय से हूं और हमारे नेता लक्ष्मण हाके का सपोर्ट करती हूं। उनके बारे में सोशल मीडिया पर लिखती हूं। 46 साल के लक्ष्मण हाके पुणे के फेर फर्ग्यूसन कॉलेज में प्रोफेसर थे। वे मराठा समुदाय को ओबीसी

## दुकानों से सामान खरीदने तक की है पाबंदी

कोटे से आरक्षण देने का विरोध कर रहे हैं। लक्ष्मण हाके धनगर समुदाय से आते हैं और सोलापुर के जुजारपुर गांव के रहने वाले हैं।

बीड जिले से मराठवाड़ा शुरू होता है। यहां सोयाबीन की फसल कट चुकी है। कपास की फसल पक रही है। इस इलाके का सबसे बड़ा पेशा किसानी ही है। यहां 75% आबादी खेती करती है। किसान बरसों से दो मुश्किलें झेलते आए हैं। पहली पानी की किल्लत और दूसरी फसल का वाजिब दाम न मिलना। पानी तो ऐसी समस्या है, जिसका कभी समाधान ही नहीं हो सका।

किसान बताते हैं इस साल सोयाबीन का भी कम भाव मिल रहा है। सरकार ने सोयाबीन की एमएसपी 4,892 रुपए क्विंटल तय की है, लेकिन किसानों को 4 हजार रुपए से कम में सोयाबीन बेचना पड़ रहा है। बीजेपी ने सोयाबीन की एमएसपी बढ़ाकर 6 हजार रुपए करने का वादा किया है। वहीं महाविकास अघाड़ी ने कहा है कि उसकी सरकार किसानों को बोनस देकर 7 हजार रुपए क्विंटल का भाव देगी। फिर भी इस चुनाव में मराठवाड़ा में न तो पानी मुद्दा है और न किसानी। इस बार मुद्दा जाति का है। बीते डेढ़ साल में मराठा आरक्षण आंदोलन ने जोर पकड़ा है। बीड, जालना, लातूर, नांदेड़, हिंगोली, परभणी से लेकर मराठवाड़ा के सबसे बड़े शहर छत्रपति संभाजी

### मराठवाड़ा के बड़े चेहरे

**BJP**



**अशोक चव्हाण**

- महाराष्ट्र के CM रह चुके हैं, मराठा समुदाय के बड़े नेता माने जाते हैं
- नांदेड़ और आसपास के जिलों में असर

**कांग्रेस**



**अमित देशमुख**



**धीरज देशमुख**

- महाराष्ट्र के पूर्व CM विलासराव देशमुख के बेटे हैं
- अमित देशमुख लातूर सिटी और धीरज देशमुख लातूर ग्रामीण सीट से चुनाव लड़ रहे हैं

**शिवसेना (शिंदे गुट)**



**एकनाथ शिंदे**

- मराठवाड़ा शिवसेना का गढ़ रहा है, बालासाहेब ठाकरे की अगुवाई में पार्टी ने यहां मजबूत पहचान बनाई थी
- 2022 में शिंदे के साथ जिन विधायकों ने बगावत की थी, उसमें 5 मराठवाड़ा के थे

नगर (औरंगाबाद) तक इस आंदोलन का असर दिखा। बीड में तो हिंसा भी हुई, जिसमें मराठाओं पर ओबीसी समुदाय के लोगों के घर जलाने के आरोप लगे।

ओबीसी आबादी वाले रामगवहान बुदरुक गांव के ऋषिकेश चेपटे वंजारा समुदाय से हैं। ये समुदाय ओबीसी में आता है। ऋषिकेश कहते हैं, 'गांव में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है। पास में शुगर की एक फैक्ट्री है। उसमें अच्छी नौकरियां मराठाओं को मिलती हैं। गन्ना उठाने, गंदगी साफ करने के लिए हम लोगों को रखते हैं। उपसरपंच अनुज चेपटे कहते हैं, 'मराठा आरक्षण आंदोलन शुरू हुआ था, तब आसपास के गांवों में रहने वाले ओबीसी कैटेगरी के लोगों ने मनोज जरांगे पाटिल का सपोर्ट किया था। वे मराठवाड़ा के मराठाओं के लिए आरक्षण मांग रहे थे। हमने अपनी जमीन आंदोलन के लिए दी है।' 'मैंने मनोज जरांगे पाटील के साथ आंदोलन के शुरुआती दौर में काम किया। उन्होंने अनशन शुरू किया, वहां जुटने वाली भीड़ की व्यवस्था की देखरेख हम ही कर रहे थे। पहले गांव में ओबीसी और मराठा एक-दूसरे की जरूरतों में साथ खड़े होते थे। अब एक-दूसरे के यहां आते-जाते भी नहीं है। बटेंगे तो कटेंगे का नारा लगता है कि ओबीसी के लिए है। अगर हम बंटेंगे, तो ओबीसी का नुकसान होगा।' पड़ोसी गांव में मनोज जरांगे ने आंदोलन तेज किया, तो वहीं मराठा आंदोलन के विरोध में एक प्रोटेस्ट हुआ। जरांगे के प्रोटेस्ट वाली जगह के पास ही लक्ष्मण हाके ने ओबीसी के समर्थन में अनशन शुरू कर दिया। इस प्रोटेस्ट ने ओबीसी बनाम मराठा के मुद्दे को और ज्यादा हवा दे दी। उपसरपंच अनुज भी प्रदर्शन के दौरान लक्ष्मण हाके के साथ काम कर रहे थे। वे बताते हैं कि लक्ष्मण हाके ने कहा था कि हम चुनाव में ओबीसी कैंडिडेट खड़े करेंगे। गनसांगवी, गेवरा, जालना में हमारे कैंडिडेट खड़े हुए हैं। पूरे महाराष्ट्र में हम ओबीसी कैंडिडेट को वोट देंगे। मराठा कैंडिडेट को वोट नहीं देंगे। गांव के ही अनिल डोमाले मराठा समुदाय से आते हैं। शाम के वक्त वे गांव के बीच लगी चौपाल के पास मिल गए। अनिल कहते हैं, 'आंदोलन अभी चल रहा है।

हमारे ओबीसी भाइयों के साथ जो रिश्ता पहले था, आज भी वही है। हमने कहा कि ओबीसी समुदाय के लोग आपके आसपास हैं, क्या इसलिए ऐसा कह रहे हैं? अनिल बोले- 'मनोज जरांगे पाटिल हमारे नेता हैं, जो उन्हें नेता नहीं मानता, उनके बारे में मैं क्या बोलूं।' अशोक साहेबराव गाड़े दलित समुदाय से हैं। वे कहते हैं, 'आरक्षण आंदोलन राजनीति का खेल है।

इसके लिए किसी को दोष देने का फायदा नहीं है। अब हर कोई आरक्षण की बात करने लगेगा तो कैसे आरक्षण मिलेगा। हमारे गांव में अलग-अलग जाति के लोग हैं। ज्यादातर खेती करते हैं। सभी का एक-दूसरे से काम पड़ता रहता है। आरक्षण आंदोलन के बाद मराठा और दूसरी पिछड़ी जातियों के बीच असहजता जरूर आई है। वहीं, विट्ठल भागोजी चपटे अलग ही बात बताते हैं। कहते हैं, 'मैं ओबीसी हूं, लेकिन मराठा कैंडिडेट राजेश टोपे का सपोर्ट कर रहा हूं। इसकी वजह है कि वे हमारा साथ देते हैं। गांव में सड़क की दिक्कत थी।

हमने उनसे मांग की, उन्होंने सड़क बनवा दी। मनोज जरांगे पाटिल का आंदोलन चल रहा था, तब उन्होंने हमारे यहां पानी पिया था। हमने भी उनके आंदोलन का समर्थन किया था। हमारा कहना बस ये है कि आप सरकार से आरक्षण मांगो, ओबीसी का हक मत मारिए।'

बीजेपी के गोपीनाथ मुंडे वंजारी समुदाय के बड़े लीडर बने थे। बीजेपी तब तक ब्राह्मणों की पार्टी कही जाती थी। मराठा शरद पवार के ज्यादा करीब थे। मनोज जरांगे पाटिल की वजह से मराठा फिर एकजुट हुए हैं।

मराठा प्रभावशाली समुदाय है। कभी भी महाराष्ट्र में मराठा और ओबीसी के बीच द्वेष या संघर्ष खुलकर सामने नहीं आया।' मराठा बनाम ओबीसी का असर मराठवाड़ा और पश्चिम महाराष्ट्र में भी दिखता है। हालांकि, पूरे प्रदेश पर इसका असर कम है। मराठवाड़ा में बड़े समुदाय धनगर, वंजारा, माली और कुनबी कांग्रेस की तरफ जाते दिख रहे हैं। बीजेपी के साथ कोई मराठा समुदाय का बड़ा हिस्सा जुड़ता नजर नहीं आता। अगर वोटिंग का ट्रेंड लोकसभा की तरह रहता है, तो जातियों के वोटिंग पैटर्न में बड़ा बदलाव नहीं दिख रहा।

# क्या ट्रंप के डर से दुबका सोना ?

**15 दिन में सोना 5,900 सस्ता हुआ, अभी और कितना गिरेगा**

8 नवंबर 2016 डोनाल्ड ट्रम्प पहली बार अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए। उस वक्त भारत में 10 ग्राम सोने की कीमत 30,010 रुपए थी। इसके बाद कीमतें गिरने लगीं और 30 नवंबर को 28,010 रुपए पर आ गईं। 8 साल बाद डोनाल्ड ट्रम्प दोबारा अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए हैं। सोने की कीमतों ने फिर गोता लगाया है। पिछले 10 दिनों में यह 78,446 रुपए से घटकर 73,739 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, दीपावली से ठीक एक दिन पहले, यानी 30 अक्टूबर 2024 को सोना 79,681 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा। ये भारत में ऑल टाइम हाई रेट था। दिवाली के दिन से सोने में गिरावट होने लगी। शुरुआत में गिरावट की रफ्तार धीमी थी। 5 दिनों में कीमत करीब 1 हजार रुपए गिरी, लेकिन 6 नवंबर 2024 को राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प की जीत के बाद सोने में गिरावट की रफ्तार बढ़ी और ये 73,779 रुपए प्रति 10 ग्राम तक आ पहुंचा है। सोने की कीमत कोई देश खुद तय नहीं करता। इसके रेट इंटरनेशनल लेवल पर भारत से 8 हजार किलोमीटर दूर लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन (एलबीएमए) तय और रेगुलेट करता है। यह बाकी देशों के साथ मिलकर काम करता है। 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का प्रति औंस रेट डॉलर में तय होता है। 28.3 ग्राम का एक औंस होता है।

एलबीएमए में भी 30 अक्टूबर के बाद सोने की कीमतों में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। 30 अक्टूबर 2024 को एलबीएमए में सोने की कीमत 2,784 डॉलर प्रति औंस थी, जो 14 नवंबर तक घटकर 2,548 डॉलर प्रति औंस पर आ गई है। दुनियाभर में सोने की मौजूदा गिरावट के पीछे 4 बड़े फैक्टर्स हैं...

**डॉलर की मजबूती से सोने की मांग घटी**

ट्रम्प के जीतने से डॉलर की कीमतों में उछाल देखा जा रहा है। 10 दिनों में डॉलर इंडेक्स 7% मजबूत हुआ है। डॉलर इंडेक्स में दुनिया की अन्य करेंसियों के मुकाबले डॉलर के एक्सचेंज रेट तय होते हैं। आमतौर पर दुनिया में बड़े स्तर पर लोग सोना या डॉलर में इन्वेस्ट करते हैं। जब अमेरिकी डॉलर मजबूत होता है, तो सोने की कीमत गिरती है। इन्वेस्टर्स का मानना है कि ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने से डॉलर को मजबूती मिलेगी, इसलिए लोग डॉलर में निवेश कर रहे। सोने की डिमांड कम हुई है, इसलिए उसकी कीमतें गिरती जा रही हैं। इसके अलावा अमेरिका में ब्याज दरों को लेकर नीति में बड़ा उलटफेर (V-शेप पॉलिसी चेंज) हुआ है। ब्याज



दर में 2% की बजाय अब सिर्फ 0.75% कटौती की संभावना रह गई है। इसी वजह से डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है।

**2. क्रिप्टो करेंसी की मांग बढ़ने से सोने को नुकसान**

इन दिनों क्रिप्टो मार्केट में भी उछाल है। 14 नवंबर को एक बिटकॉइन की वैल्यू 91,451.60 डॉलर (77.25 लाख रुपए) तक पहुंच गई। सिर्फ 10 दिनों में इसमें 36.40% उछाल आ चुका है। कुछ इन्वेस्टर्स सोने की जगह क्रिप्टोकरेंसी में पैसा लगा रहे हैं।

**3. जियोपॉलिटिकल इश्यूज में कमी**

बीते साल से दुनियाभर में जियोपॉलिटिकल टेंशन बढ़ी हुई थी। दुनिया की उथल-पुथल में सोने को सबसे सुरक्षित निवेश के तौर पर देखा जाता है। रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास जंग की वजह से सोने की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही थी, लेकिन बीते 15 दिनों से कहीं भी नई जंग शुरू नहीं हुई। ये भी बड़ी वजह है कि सोने की कीमतों में गिरावट हो रही है।

**4. मुनाफा वसूली से गोल्ड प्राइस में करेक्शन**

1 जनवरी से 30 अक्टूबर के बीच 2024 के शुरुआती 10 महीनों में सोने की कीमतें 20% बढ़ गई थीं। त्योहारी सीजन ने डिमांड को और बढ़ा दिया। दिवाली के बाद मुनाफा वसूली से मांग घटी है। ये भी कीमतों में गिरावट की एक वजह है।

जानकारों का मानना है कि सोने की कीमत 2-3 हफ्ते और घट सकती है। 24 कैरेट सोना 71 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक आ सकता है। जनवरी के आखिर तक सराफा बाजार में स्थिरता आने की संभावना है, क्योंकि तब तक ट्रम्प की पॉलिसीज को लेकर तस्वीर साफ हो जाएगी। इसके बाद ट्रम्प की स्ट्रैटजी से मार्केट में ट्रेड वॉर शुरू हो सकती है। सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव लगा रह सकता है।

अगले साल यानी 2025 में सोने की कीमतें बढ़ेंगी। 2025 के आखिर तक भारत में 24 कैरेट सोने की कीमत 85,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमत 3,000 डॉलर प्रति औंस हो सकती है। इसकी 3 बड़ी वजहें हैं...।

दुनियाभर के केंद्रीय बैंक सोने की खरीद बढ़ा रहे हैं। यह खरीदारी रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद शुरू हुई। सोने की खरीदारी अब 2022 से पहले के स्तर से लगभग 3 गुना बढ़ गई है, जो लगातार जारी है।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक इंट्रेस्ट रेट में कटौती कर सकता है, जिससे आने वाले समय में सोने की कीमतें बढ़ना लगभग तय है। इंट्रेस्ट रेट बढ़ने से सोने की खरीदारी कम हो जाती है, क्योंकि इससे फायदा कम मिलता है।

डोनाल्ड ट्रम्प ने चुनावी रैलियों में मिडिल ईस्ट वॉर और रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने का वादा किया था। अब राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प से युद्ध खत्म करवाने की उम्मीद की जा रही है, लेकिन मौजूदा हालात के मुताबिक, यह जंग लम्बी चल सकती है। अगर ऐसा हुआ तो 2025 में सोने के भाव तेजी से बढ़ेंगे।

30 अक्टूबर 2024 को चांदी की कीमत 98,340 रुपए प्रति किलोग्राम थी। इसके बाद 31 अक्टूबर को कीमत गिरकर 96,913 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। इसके बाद से लगातार चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। सोने और चांदी के प्रोजेक्शन के लिए दोनों का रेश्यो कम्पैरिजन किया जाता है। यह रेश्यो आमतौर पर 30% से 90% के बीच बना रहता है। नवंबर 2024 में सोने और चांदी का रेश्यो 85% पर स्थिर रहा है। 15 नवंबर 2024 को चांदी की कीमत 87,103 रुपए प्रति किलोग्राम रही। आने वाले समय में रेश्यो नीचे गिरेगा, जिससे चांदी की कीमतों में उछाल आ सकता है। 2025 में चांदी भारतीय बाजार में 1 लाख 30 हजार रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है।

# 'डिजिटल अरेस्ट' की घटना किसी सबक से कम नहीं

रोहिणी में एक 77 वर्षीय रिटायर्ड इंजीनियर को डिजिटल अरेस्ट स्कैम का शिकार बनाकर 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने बताया कि स्कैमर्स ने 19 दिनों तक उन्हें बंधक बनाकर रखा और उनके दिमाग और शरीर पर पूरा कब्जा जमाए रखा।

पीड़ित ने बताया कि 25 सितंबर को उन्हें एक कूरियर कंपनी से कॉल आया और यहीं से उनकी मुसीबतों की शुरुआत हुई। उन्होंने बताया कि मैं आमतौर पर अनजान नंबरों से आने वाले कॉल नहीं उठाता, लेकिन दुर्भाग्य से उस दिन मैंने कॉल उठा लिया। कॉलर ने बताया कि मुंबई से चीन भेजा गया उनका एक पार्सल वापस आ गया है। जब उन्होंने कहा कि उन्होंने ऐसा कोई पार्सल नहीं भेजा है तो कॉलर ने बताया कि पार्सल पर उनके आधार कार्ड की जानकारी दर्ज है। इसके बाद, उन्हें मुंबई पुलिस से बात करने के लिए एक वीडियो कॉल से जोड़ा गया, ताकि वो इस मामले में शिकायत दर्ज करा सकें।

वीडियो कॉल पर बुजुर्ग को एक व्यक्ति मुंबई पुलिस के लोगों के सामने बैठा दिखाई दिया जो खुद को पुलिस अधिकारी बता रहा था। उन्होंने उस व्यक्ति को पूरी घटना बताई जिसके बाद उस व्यक्ति ने कहा कि वो झूठ बोल रहे हैं और उनकी बातों की पुष्टि करने के लिए उनके बैंक की जानकारी चाहिए। इसके बाद कॉल एक अन्य व्यक्ति को ट्रांसफर कर दी गई, जिसने खुद को सीबीआई का वरिष्ठ अधिकारी बताया और रौबदार आवाज में बात की।

**पीड़ित से की पूछताछ**

पीड़ित बुजुर्ग ने बताया कि उसने मुझे किसी सुनसान कमरे में जाने के लिए कहा ताकि कोई हमारी बातें ना सुन सके। उसने मुझसे कई सवाल पूछे। फिर, उसने मुझे कुछ दस्तावेज दिखाए, जिसमें एक पर मेरे आधार की जानकारी थी और दूसरे पर मुझे देश छोड़ने से रोकने का आदेश था। अधिकारी ने उन्हें इस घटना के बारे में अपने बच्चों या किसी और को बताने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई करने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने मुझे कई घंटों तक डिजिटल हाउस अरेस्ट में रखा।

पीड़ित एक पढ़े-लिखे, उच्च योग्यता प्राप्त इंजीनियर हैं, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि वह उस दिन दबाव में आ गए थे। उन्होंने कहा कि उन लोगों ने दावा किया कि मेरा फोन सर्विलांस पर है। अगले दिन, पीड़ित को प्रवर्तन निदेशालय के एक कथित अधिकारी से बात कराई गई। उन्होंने आगे बताया कि उसने मुझे मामले में मदद का आश्वासन दिया। उस समय, मैं पूरी तरह से सम्मोहित था, और उन्होंने मेरे दिमाग और शरीर पर पूरा नियंत्रण कर लिया था।25 सितंबर से 14 अक्टूबर तक, स्कैमर्स ने बुजुर्ग को बताया कि जांच चल रही है। उन्होंने उससे पैसे ट्रांसफर करने को कहा और उसने तीन किश्तों में 10.3 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए।

14 अक्टूबर को, उन्होंने दावा किया कि उनकी जांच के दौरान उनके भाई का नाम सामने आया है। उन्होंने बताया कि उन लोगों ने मुझसे कहा कि मैं अपने भाई को बता दूं, नहीं तो वे उसे हिरासत में ले लेंगे। मैं अपने भाई के पास गया जिसने मुझे यकीन दिलाया कि मेरे साथ धोखाधड़ी हो रही है।उन्होंने रोहिणी जिला पुलिस साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि मेरे पास अपने परिवार और पुलिस के साथ घटना के बारे में बात करने का समय था, लेकिन मैं डरा हुआ रहा। मेरी पत्नी भी डरी हुई थी। उन्होंने कहा कि तब तक बहुत देर हो चुकी थी और उनका सारा निवेश गायब हो चुका था। उन्होंने कहा कि मेरे सारे पैसे चले गए। दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ यूनिट मामले की जांच कर रही है और जल्द ही मामले में बड़ी सफलता मिलने की उम्मीद है।

# क्या दिमाग में चिप लगवाने से आप बच पाएंगे?

पहली बार सुना कि इलॉन मस्क इंसानी दिमाग के भीतर कंप्यूटर चिप्स फिट करना चाहते हैं, तो मुझे लगा कि वह कितने सनकी हैं। अगर मेडिकल रिस्क को दूर कर दिया जाए और चिप से कोई फायदा हो, तो भी क्या इंसान सोचने की अपनी क्षमता और स्वतंत्र इच्छा को छोड़ने के लिए तैयार हो जाएंगे? क्या अपनी भावनाओं और करियर के लिए वे एक चिप पर भरोसा करेंगे? इन सवालों का जवाब है नहीं। हालांकि डैनियल गेलरेंटर का एक आर्टिकल पढ़ने के बाद मेरे विचार बदल गए। डेनियल कंप्यूटेशनल न्यूरोसाइंस एक्सपर्ट और हेज फंड आर.जी. निडेरहोफर के प्रमुख हैं। उनका सवाल है कि अगर दिमाग में लगने वाली चिप आपको दूसरों से आगे कर देती है, तो क्या आप उसका फायदा नहीं उठाना चाहेंगे? अगर आपका जवाब नहीं है, तो फिर आप पर अपने प्रतिद्वंद्वियों से पिछड़ने का खतरा है। फिर इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि आप कितने बुद्धिमान हैं या कितनी कड़ी मेहनत करते हैं, आप पुराने पड़ते जाएंगे।

कुछ दशक पहले तक इंटरनेट और स्मार्टफोन साइंस फिक्शन की चीज लगते थे। अब दोनों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। जिनके पास इंटरनेट और स्मार्टफोन नहीं, वे उन लोगों से पिछड़ जाएंगे जिनके पास ये दोनों हैं। तो क्या ब्रेन चिप्स के साथ भी यही होने जा रहा? क्या स्मार्टफोन की तरह ब्रेन चिप्स भी जरूरी और सामान्य बन जाएंगी? इलॉन मस्क ने ब्रेन चिप्स को उन मरीजों के लिए एक मेडिकल डिवाइस के रूप



में पेश किया है, जिन्हें परंपरागत इलाज से फायदा नहीं हो रहा। उनकी कंपनी न्यूरालिंक ने इस साल की शुरुआत में पहला ह्यूमन इंप्लांट किया था। कंपनी का दावा है कि मरीज का रेस्पॉन्स अच्छा रहा। ब्रेन चिप्स ने दिखा दिया है कि उनकी मदद से इंसान अपने विचारों के जरिये टेक्नॉलजी को कंट्रोल कर सकता है। टेस्टिंग के दौरान लकवे के मरीजों ने रोबॉटिक हाथों को हिलाया या फिर कर्सर को घुमाया। एक मरीज ने तो केवल सोचकर ही विडियो गेम खेल लिया। इन चिप्स का उपयोग अवसाद, डिमेंशिया, schizophrenia और दूसरी मानसिक बीमाारियों के इलाज के लिए किया जा सकता है। अमीर देशों में ये बीमारियां बड़ी समस्या हैं। लेकिन, अगर क्लिनिकल ट्रायल सफल हो जाते हैं, तो भी कोई देश कई बरसों तक ब्रेन चिप्स को मंजूरी नहीं देगा। इसकी वजह है इसके गंभीर नतीजे। हालांकि मंजूरी तो मिलेगी ही। इन चिप्स में मेडिकल फील्ड के लिए बहुत संभावनाएं हैं। अब सवाल है कि क्या ब्रेन चिप्स वहीं रुक जाएंगी? एक बार शुरुआत होने के बाद इन पर लगाम नहीं लगाई जा सकती। सभी को याद है कि एमनियोसेंटेसिस और सोनोग्राफी का आविष्कार इसलिए किया गया था ताकि भ्रूण में किसी तरह के दोष का पता लगाया जा सके, लेकिन एक बार लाइसेंस मिलने के बाद इनका इस्तेमाल कन्या भ्रूण का पता लगाने और गर्भपात में होने लगा। किसी भी तकनीक के उपयोग को सीमित करना बहुत मुश्किल है। अगर नियमों को तोड़ने से मोटा मुनाफा होता है, तब तो नियंत्रण हो ही नहीं सकता। ब्रेन चिप्स के साथ यही खतरा है। इसे केवल मेडिकल डिवाइस के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह दिमाग को नियंत्रित करने वाली डिवाइस है और इस बात से डर लगता है।

प्राइवेट कंपनियां इस सेक्टर में अरबों डॉलर लगाने के लिए तैयार बैठी हैं। डैनियल गेलरेंटर का मानना है कि, 'यह अब दशकों नहीं, कुछ बरसों की ही बात है। इन चिप्स की मार्केटिंग सिर्फ लकवाग्रस्त या मानसिक बीमार लोगों के लिए ही नहीं, सभी के लिए की जाएगी, जैसे कि स्मार्टफोन।' डेनियल के मुताबिक, 'मौजूदा डिवाइस जो काम करती हैं, उसके मुकाबले ब्रेन चिप्स की क्षमता कहीं ज्यादा होगी। हम जो भी देख रहे हैं उसकी फोटो ले सकेंगे। इसके लिए सोचने भर की देर होगी। सोचकर ही दोस्तों को मेसेज भेज देंगे और उनके जवाब अपने दिमाग में सुन सकेंगे। किसी भी भाषा में बोलने में सक्षम होंगे और कुछ भी, कितना भी याद रख सकेंगे।



# गणाधिप संकष्टी चतुर्थी कल

हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि भगवान गणेश को समर्पित है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष चतुर्थी तिथि को गणाधिप संकष्टी चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। इस शुभ असवर पर भगवान गणेश की उपासना की जाती है। साथ ही जीवन के संकटों को दूर करने के लिए व्रत भी किया जाता है। मान्यता है कि गणाधिप संकष्टी चतुर्थी व्रत करने से जातक को गणपति बप्पा की कृपा प्राप्त होती है।

कार्तिक माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 18 नवंबर, शाम 06 बजकर 55 मिनट से शुरू हो रही है, जो अगले दिन यानी 19 नवंबर दोपहर को शाम 05 बजकर 28 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में गणाधिप संकष्टी चतुर्थी का व्रत 18 नवंबर को किया जाएगा। इस दिन शाम के समय चंद्रमा को अर्घ्य दिया जाता है। ऐसे में चन्द्रोदय शाम 07 बजकर 34 मिनट पर होगा।

**ब्रह्म मुहूर्त - सुबह 05 बजे से 05 बजकर 53 मिनट तक**
**विजय मुहूर्त - दोपहर 01 बजकर 53 मिनट से 02 बजकर 35 मिनट तक**
**गोधूलि मुहूर्त - शाम 05 बजकर 26 मिनट से 05 बजकर 53 मिनट तक**

**अशुभ समय**
**राहुकाल - सुबह 08 बजकर 06 मिनट से 09 बजकर 26 मिनट तक।**
**गुलिक काल - सुबह 01 बजकर 29 मिनट से 02 बजकर 46 मिनट तक।**

गणाधिप संकष्टी चतुर्थी के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठें और स्नान करने के बाद मंदिर की सफाई करें। इसके बाद सूर्य देव को अर्घ्य दें। एक चौकी पर कपड़ा बिछाकर भगवान गणेश जी की मूर्ति स्थापित करें। इसके बाद उन्हें पुष्प, गंध और दीप अर्पित करें। दीपक जलाकर आरती करें और मंत्रों-गणेश चालीसा का पाठ करें। गणेश जी को प्रिय मोदक या तिल का लड्डूओं का भोग लगाएं। संध्या के समय चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत का पारण करें। इस दिन दान करना शुभ माना जाता है।

**गणेश मंत्र**
**1. ऊँ वक्रतुण्ड महाकाय सूर्य कोटि समप्रभ ।**
**निर्विघ्नं कुरू मे देव, सर्व कार्येषु सर्वदा ॥**
**2. ॐ एकदंताय विद्महे, वक्रतुण्डाय धीमहि, तन्नो दंती प्रचोदयात ॥**
**ॐ महाकर्णाय विद्महे, वक्रतुण्डाय धीमहि, तन्नो दंती प्रचोदयात॥**
**ॐ गजाननाय विद्महे, वक्रतुण्डाय धीमहि, तन्नो दंती प्रचोदयात ॥**

# वृश्चिक संक्रांति के साथ हेमंत ऋतु की शुरुआत

**इस पर्व पर दिन सूर्य पूजा, जरुरतमंद लोगों को खाना और गर्म कपड़े दान करने की परंपरा**



16 नवंबर को सूर्य राशि बदलकर तुला से वृश्चिक में आ गया है। सूर्य के राशि बदलने वाले दिन का धार्मिक और ज्योतिषीय महत्व है। ये सेहत के नजरिये से भी खास है।

स्नान-दान और सूर्य पूजा के इस पर्व से मौसम बदलने लगता है। इसी दिन से हेमंत ऋतु शुरू हो जाती है, इसलिए संक्रांति पर स्नान, व्रत-उपवास और जरूरतमंद लोगों को दान देने की परंपरा शुरू हुई है।

वृश्चिक संक्रांति से छोटे स्तर पर काम करने वाले लोगों के लिए ये संक्रान्ति अच्छी है। चीजों के दाम और महंगाई सामान्य रहेगी। लोगों को सेहत में गड़बड़ी हो सकती है। बीमारियों का संक्रमण रहेगा। मंगल की राशि में सूर्य के आने से 16 दिसंबर तक कई लोगों के लिए परेशानी वाला समय हो सकता है। भय और चिंता रहेगी। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सूर्य का अच्छा असर दिखेगा। पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में सुधार होगा।

**जरुरतमंद को दान दें**

इस पर्व पर ग्रंथों के मुताबिक वृश्चिक संक्रांति पर जरूरतमंद लोगों को खाना और कपड़ों का दान करने का महत्व है। इस दिन ऊनी कपड़ों के साथ जूते-चप्पल और गुड़-तिल सहित शरीर में गर्माहट देने वाली खाने की चीजों का दान करने की परंपरा है। ग्रंथ कहते हैं कि इस दिन ब्राह्मण को गाय दान करने से महा पुण्य मिलता है।


**सेहत के लिए खास**

दिन सूर्य के राशि परिवर्तन से मौसम बदलता है। इसके वृश्चिक राशि में आने से हेमंत ऋतु शुरू हो जाती है। यानी हल्की ठंड का मौसम बन जाता है। मौसम बदलते ही पहला असर डाइजेशन पर होता है, इसलिए इस दिन व्रत या उपवास करने का विधान है। बीमारियों से बचने और लंबी उम्र के लिए इसी दिन से खान-पान में भी बदलाव शुरू हो जाते हैं।

**वृश्चिक संक्रांति का धार्मिक महत्व**

शनिवार को शुरू होने से इसका महत्व और बढ़ गया है। यह संक्रांति धार्मिक व्यक्तियों, वित्तीय कर्मचारियों, छात्रों व शिक्षकों के लिए बहुत शुभ मानी जाती है। वृश्चिक संक्रांति यानी 16 नवंबर से 15 दिसंबर तक सूर्य पूजा और दान से हर तरह की परेशानियां दूर होती हैं। भगवान सूर्य को अर्घ्य देने से बुद्धि, ज्ञान और सफलता मिलती है।

# रामचरितमानस से जानिए कलियुग के हैरान कर देने वाले रहस्य



कलियुग की आयु करीब पांच लाख वर्षों की बताई गई है। कलियुग का आरंभ कई हजार वर्षों पहले ही हो चुका है लेकिन, क्या आप जानते हैं कलियुग का आने वाला समय और भी भयावह होने वाला है। रामचरितमानस में तुलसीदास जी ने घोर कलयुग से जुड़े कुछ ऐसे रहस्य बताए गए हैं जिन्हें जानकर आप हैरान रह जाएंगे। आइए जानते हैं रामचरितमानस के अनुसार, कलियुग में आगे क्या होगा।

कलियुग के बारे में कई वेदों और पुराणों में वर्णन किया गया है। कलयुग को लेकर भविष्यपुराण से लेकर विष्णुपुराण तक सभी जगह जानकारी दी गई है।

लेकिन, क्या आप जानते हैं रामचरितमानस में भी तुलसी दास जी ने कलयुग का ऐसा वर्णन किया है। जिसे जानकार आप हैरान रह जाएंगे। रामचरितमानस में तुलसीदास ने जिस तरह से कलयुग का वर्णन किया है उसके बारे में आप सोच भी नहीं सकते हैं। कलियुग जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा पाप, घमंड, दुर्राचार जन्म लेगा। आइए जानते हैं रामचरितमानस के अनुसार, कलियुग का आने वाला समय कैसा होगा। क्यों गृहस्थ लोगों को धन की कमी होगी। धन के लिए लोग क्या करेंगे। जानें रामचरित मानस से।

**कलियुग होगा बेहद भयावह**

रामचरित मानस में, तुलसीदास जी ने बताया है कि कलियुग जैसे जैसे आगे बढ़ेगा लोग वही, रास्ता अपनाने लगेंगे जो उन्हें पसंद आएगा। चाहें वह फिर सही हो या गलत। जो लोग अपनी तारीफ खुद करेंगे और जो लोग धर्म की बातों को अपने हिसाब से बताएंगे। वह खुद को पंड़ित कहेंगे। अहंकारी और दंभी लोग भी अपने आप को संत कहने लगेंगे।

**ऐसा होगा पुरुष का आचरण**

तुलसीदास जी ने रामचरित मानस में आगे बाताया है कि उन्होंने कलियुग का ऐसा स्वरुप देखा है कि कलियुग में ऐसे लोगों को ज्ञानी कहलाएंगे जो पराई स्त्री से आसक्त रहेंगे, जो दूसरों के साथ कपट करेंगे। जिसका स्वभाव चतुर होगा।

वही ज्ञानी माना जाएगा। कलियुग में स्त्रियों के साथ बहुत गलत होगा। कुलवती और सती स्त्री को पुरुष घर से निकालने के लिए तत्पर रहेंगे और पतिव्रता को छोड़कर अपने घर में किसी अन्य को ला रखेंगे। कलियुग में पुत्र तब तक अपने माता पिता को मानेगा जबतक की उसकी शादी नहीं हो जाती है। कलियुग में पुत्र को अपने घर से ज्यादा अपना ससुराल प्यारा होगा।

**कलियुग में थोड़ा लाभ के लिए लोग खेलेंगे जान से**

रामचरित मानस के अनुसार, कलियुग में आने वाले समय में स्त्री और पुरुष दोनों ऐसे हो जाएंगे की वह थोड़े से लाभ के लिए ही किसी की भी हत्या करने के लिए तैयार हो जाएंगे। थोड़ा से लाभ के चक्कर में स्त्री और पुरुष ब्राह्मण और गुरु तक की हत्या से नहीं हिचकेंगे।

**ऐसे लोग बनेंगे साधु सन्यासी**

कलियुग में ऐसे साधु संन्यासी होंगे जो स्वयं को महान बताने के लिए बड़ी-बड़ी जटाएं रखेंगे। जिनके बड़े-बड़े नख होंगे। वेद मार्ग को त्यागकर खुद को बड़ा तपस्वी बताएंगे। तुलसीदास जी के अनुसार, कलियुग में उसी के उपकार होगा और उसे ही सम्मान मिलेगा जो मन वचन और कर्म से झूठ बोलने वाला होगा। साथ ही जो जितना झूठ बोलेगा वह उतना बड़ा वक्ता बनेगा। जो दूसरा का अहित करेगा वह ही सम्मान के योग्य माना जाएगा।

**सिर्फ पैसे के पीछे भागेंगे लोग**

कलियुग जैसे जैसे आगे बढ़ेगा वैसे-वैसे लोग धन की तरफ ज्यादा आकर्षित होंगे। धन कमाने के लिए लोग कोई भी मार्ग अपनाएंगे चाहे वह सही हो या गलत। कोई किसी से रिश्ते नाते नहीं निभाएगा। कलयुग में उसी को गुणवान बताया जाएगा जो झूठ बोलेगा। हंसी दिल्लगी करेगा। रामचरित मानस के अनुसार, कलियुग में संन्यासी और तपस्वी भी पैसों के पीछे भागेंगे। वह अपने घरों को खूब धन खर्च करके सजाएंगे। जबकि गृहस्थ लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्हें धन कमाने के लिए काफी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

# तिलक ने गणेशोत्सव के जरिए आजादी का आंदोलन चलाया

## मराठों का इतिहास

लेखक धनंजय कीर अपनी किताब 'डॉ. अंबेडकरः लाइफ एंड मिशन' में लिखते हैं, 'बाबासाहेब मौके पर पहुंचे और उन्होंने स्थिति को नियंत्रित किया।'

इंपीरियल काउंसिल और बॉम्बे हाई कोर्ट भी सत्याग्रह के पक्ष में नहीं थे। अप्रैल 1933 में फिर से सत्याग्रह शुरू करने के प्रस्ताव पर अंबेडकर ने अपनी सहमति नहीं दी। अंबेडकर का मानना था कि उन्हें मूर्तिपूजा में शामिल होने के बजाय शिक्षा और राजनीति पर ध्यान देना चाहिए। कालाराम मंदिर प्रवेश सत्याग्रह के बाद अंबेडकर ने ऐसे किसी आंदोलन में भाग नहीं लिया। भारत को आजादी मिलने के बाद इस मंदिर में अछूतों को प्रवेश मिला।

16 अगस्त 1932 को अंबेडकर की कोशिशों से ब्रिटिश सरकार ने दलितों को अलग निर्वाचन क्षेत्र और 2 वोट का अधिकार दिया। दो वोट का अधिकार यानी दलित एक वोट से अपना प्रतिनिधि चुन सकते थे और दूसरे वोट से वो सामान्य वर्ग के किसी प्रतिनिधि को चुन सकते थे।

महात्मा गांधी इसके खिलाफ थे। उनका मानना था कि इससे एक ही समाज में दलित हिंदुओं से अलग हो जाएंगे। 18 सितंबर 1932 को गांधी ने ऐलान कर दिया कि अगर ये फैसला वापस नहीं हुआ तो मरते दम तक उपवास करेंगे। डॉ. भीमराव अंबेडकर के लिए महात्मा गांधी का ये कदम किसी झटके की तरह था। वो गुस्से से भर उठे। यहां तक कि गांधी के इस कदम को अंबेडकर ने एक चाल बता दिया। कांग्रेस के नेताओं ने अंबेडकर को समझौते के लिए मनाने की कोशिश की। 22 सितंबर 1918 को अंबेडकर गांधी से मिलने पुणे की यरवदा जेल पहुंचे। गांधी के सेक्रेटरी महादेव देसाई के नोट्स के मुताबिक अंबेडकर ने कहा कि वे दलितों के लिए पॉलिटिकल पॉवर चाहते हैं। यह उनकी बराबरी के लिए जरूरी है। दोनों अपनी जिद पर अड़े रहे।अंबेडकर ने अपने दोस्त और तमिल नेता एमसी राजा से इस बारे में बात की। राजा ने अंबेडकर को समझाया। उन्होंने कहा कि देश के लोग दलितों के बारे में हमेशा यही मानसिकता बनाए रखेंगे कि इन लोगों ने गांधीजी की जान के लिए भी समझौता नहीं किया।

आखिरकार 25 सितंबर की शाम 5 बजे पूना पैक्ट साइन हुआ। समझौते में तय हुआ कि दलित भी अपर कास्ट हिंदुओं के साथ ही वोट करेंगे। ब्रिटिश सरकार ने दलितों के लिए 71 सीट्स दी थीं, जिन्हें बढ़ाकर 148 कर दिया गया। सी राजगोपालचारी ने अंबेडकर के साथ



फाउंटेन पेन बदलकर समझौते पर मुहर लगाई। 1857 में अंग्रजों को देश से उखाड़ फेंकने के लिए एक कोशिश की गई, लेकिन ये नाकाम रही। अंग्रेज सैनिकों ने इसे बेरहमी से कुचल दिया। इसी दौरान महाराष्ट्र में एक राष्ट्रवादी नेता का उदय होता है। वो स्वराज यानी स्वयं का शासन चाहते थे। ये नेता थे मराठी पत्रकार, शिक्षक और राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक।

1893 में महाराष्ट्र में तिलक ने पहली बार सार्वजनिक तौर पर गणेशोत्सव मनाने की शुरुआत की। तिलक को महसूस हुआ... इससे पहले गणेशोत्सव परिवार के बीच मनाया जाने वाला उत्सव था, जिसे खास तौर पर मराठी ब्राह्मण मनाते थे। इसे सार्वजनिक स्वरूप देने के पीछे तिलक का मकसद था, 'अंग्रेजों के शासन में भारतीयों के भीतर एकता और राष्ट्रीयता की भावना को बढ़ावा देना।'

लोग तिलक की इस मुहिम से जुड़े। गणेश विसर्जन के दौरान तिलक ने राष्ट्र भक्ति के नारे, गीत और भाषणों के जरिए लोगों में आजादी की मांग को जगाया।

माना जाता है कि महात्मा गांधी से पहले तिलक ही राष्ट्रीय स्तर के नेता थे। खुद गांधी ने तिलक को अपने दौर का सबसे बड़ा जननेता बताया था। 1917 से 1922 तक ब्रिटिश सेक्रेट्री ऑफ स्टेट फॉर इंडिया रहे सैमुअल मोंटेग्यू ने कहा था, 'इस वक्त भारत में शायद तिलक से ज्यादा ताकतवर कोई दूसरा शख्स नहीं था।'

तिलक पर '100 इयर्स ऑफ़ तिलक-जिन्ना पैक्ट' किताब लिखने वाले सुधींद्र कुलकर्णी के मुताबिक, 'तिलक जी अगर कुछ और साल जिंदा रहते तो शायद भारत का बंटवारा नहीं होता। 1916 में हुए तिलक-जिन्ना पैक्ट में बाल गंगाधर तिलक ने हिंदू-मुस्लिम एकता और दोनों समाजों की सत्ता में भागीदारी का फॉर्मूला निकाला था। अगर वह फॉर्मूला अटूट रहता तो आगे चलकर भारत का विभाजन नहीं होता और होता भी तो ये त्रासदी में तब्दील न होता।' **(जारी)**

# करियर में आगे बढ़ने के लिए स्टूडेंट्स इन नियमों का रखें ध्यान

अगर आपके बर्थ चार्ट में अगर राहु खराब है तो नॉर्थ-ईस्ट में नीले रंग का इस्तेमाल न करें। नीला रंग उल्टा आपको भ्रमित करना शुरू कर देगा। साथ में आप चांदी के किसी बर्तन में गंगाजल भर के रखते हैं तो यहां पर चंद्रमा, बुध, बृहस्पति की ऊर्जा प्रभावित होती हैं। आपके घर के अंदर हर एक कोना आपके पढ़ने के शौक को इंडिकेट करता है। आपके घर के साउथ-वेस्ट इन दो दिशाओं के बीच वाला जो एरिया है यहां पर जो भी एक्टिविटी होगी ये आपके फोकस को कंट्रोल करती है। यदि कोई जातक अपने करियर को लेकर कंफ्यूज है तो पहले तो घर के राहु को कंट्रोल करिए। अगर घर में वेंटिलेशन का प्रबंध नहीं है रसोई में काम करते हुए धुआं बहुत इकट्ठा होता है तो उस घर का राहु खराब होगा। घर के अंदर एकदम से बड़ा बल का वातावरण आता है या टॉयलेट के दरवाजे ज्यादातर खुले रहते हैं उस घर का राहु खराब होगा। जिस भी स्टूडेंट का आपको लगता है कि वो भ्रमित है वो अपने लिए सही फैसला नहीं ले पा रहा या अपनी जिम्मेदारियां नहीं समझ पा रहा है तो आप रात भर जौ भिगो के सुबह उसके हाथ से पक्षियों को खिलाना शुरू कर दीजिए। उसके राहु अपने आप सही होने शुरू हो जाएंगे।




स्टूडेंट्स के लिए बुध का सही होना बहुत जरूरी है। जिन भी स्टूडेंट के बुध खराब होते हैं वो मन से पढ़ते हैं लेकिन याद नहीं रख पाते हैं। चीजों को ढंग से कांसेप्ट नहीं समझ पाते हैं। इसको सही करने के लिए चांदी का कड़ा राइट कलाई में पहन के रखिए। इसके अलावा कांसे, ब्रोंज का बर्तन लें और उसमें खाना खाना शुरू करिए। यह बुद्ध को सही करने का स्टूडेंट्स के लिए एक चमत्कारी उपाय है। स्टूडेंट्स को कभी भी बेड पे बैठ के नहीं पढ़ना है। बेड की ऊर्जा 12थ हाउस से जुड़ी हुई ऊर्जा होती है। जब आपकी बुध या गुरु की ऊर्जा से जुड़ती है तो यह कभी भी आपकी पढ़ाई को आपके यूज में नहीं आने देती है। यह पढ़ाई कभी भी आपको कंपटीशन में कोई बहुत अच्छी सफलता नहीं दिला पाएगी। बेड पर बैठ के पढ़ना स्टूडेंट्स के लिए बहुत बुरी तरह से मना है। कुछ स्टूडेंट्स जिनके जुपिटर खराब है उनको यह दिक्कत आती है कि वो किसी भी सुपर स्पेशलिटी वाले फील्ड में सक्सेस नहीं ले पाते हैं। जुपिटर को सही रखने के लिए एक तो थोड़ा बहुत अपनी धार्मिक आस्था बना के रखिए। किसी गुरु को भी आप मान सकते हो या किसी गुरु की शिक्षाओं को मान सकते हो। घर के अंदर हवा का आदान-प्रदान जरूर रखें स्पेशली आपका जो स्टडी रूम है।

बुध, राहु, गुरु इन्हीं की कोई न कोई खराबी स्टूडेंट्स को आगे बढ़ने नहीं देगी। 11 मोर के पंख अपने कमरे में उनको उल्टा करके लटका दीजिए। स्टूडेंट्स की जितनी भी नेगेटिविटी है उनको बहुत अच्छे से दूर कर देते हैं और साथ में 'ॐ सरस्वत्यै नमः मां सरस्वती का पूजन रोज करिए। यह ऊर्जा उनसे कनेक्ट होगी ये आपकी पढ़ाई की कई बाधाओं को दूर करेगी।

# शायद कल मेरा आखिरी दिन हो

## आमिर खान का बयान सुन टेंशन में फैन्स



सुपरस्टार आमिर खान अपनी पिछली फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' के बाद से फिल्मी पर्दे से दूरी बनाए हुए हैं। हालांकि आमिर अपनी अपकमिंग फिल्म पर लगातार काम कर रहे हैं। अब फैन्स को उनकी वापसी का इंतजार है। कमबैक के साथ-साथ आमिर खान अब फिल्में प्रोड्यूस करने पर भी काफी फोकस कर रहे हैं। सनी देओल के साथ आमिर अपनी फिल्म को लेकर भी चर्चा में हैं। लेकिन इसी बीच आमिर खान के एक बयान ने हर किसी को चिंता में डाल दिया है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान आमिर खान ने जिंदगी और मैथ्यू पर बड़ा बयान दिया है। शायद कल मेरा आखिरी दिन हो...आमिर खान के इस बयान ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है।

इतना ही नहीं एक्टर ने अपनी फिल्मों को लेकर भी बड़ा बयान दिया है। इंटरव्यू में आमिर खान ने कहा, 'मैंने अपनी जिंदगी में कभी एक साथ 6 फिल्में नहीं कीं। जब मैंने सिनेमा छोड़ने का फैसला किया तो मेरे मन में यह विचार आया कि मेरे पास काम करने के लिए केवल 10 साल बचे हैं।'

### जीवन पर भरोसा नहीं कर सकते – आमिर खान

अपनी बात पूरी करते हुए आमिर खान ने आगे कहा, 'आप जीवन पर भरोसा नहीं कर सकते। शायद कल मेरा आखिरी दिन होगा... मेरे पास जीने के लिए केवल 10 साल बचे हैं। मैं अभी 59 साल का हूं और अगले 10 साल में 70 साल का हो जाऊंगा... तब तक मैं स्वस्थ रहूंगा या काम कर सकूंगा... इसलिए मुझे लगता है कि मुझे पहले से बेहतर करना होगा...'

### फिल्मों से संन्यास लेना चाहते थे आमिर खान

आमिर खान ने बताया कि मैं बूढ़ा हो रहा हूं... इसलिए मैं मेहनती और टैलेंटेड बच्चों को मौका देना चाहता हूं। इससे पहले कि मैं 70 साल की उम्र में रिटायर हो जाऊं, मैं उन प्रतिभाशाली लोगों के लिए एक मंच बनाना चाहता हूं जिन पर मुझे विश्वास है। इतना नहीं आमिर का तो ये भी कहना है कि अगर बेटा जुनैद और बेटी आयरा खान नहीं होते तो वो एक्टिंग छोड़ चुके होते। आमिर ने 'लाल सिंह चड्ढा' की शूटिंग के दौरान 2022 में फिल्मों से संन्यास लेने की प्लानिंग की थी।

## पलक तिवारी बनेंगी सैफ अली खान के घर की बहू ?



पलक तिवारी को लेकर खबर आ रही है कि वह जल्द ही सैफ अली खान के घर की बहू बनेंगी। इस खबर ने पूरे सोशल मीडिया पर तहलका मचाया हुआ है। फैंस इस खबर को कंफर्म कर रहे हैं। उनका कहना है कि ये फोटोज सच कह रही है।

पलक तिवारी और इब्राहिम अली खान की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं इससे पता चल रहा है कि दोनों साथ में हैं और जल्द पलक तिवारी सोहा अली खान की भाभी बनने वाली है। इन खबरों ने बी-टाउन में खलबली मचा दी है।

### सोशल मीडिया पर फैंस दे रहे पलक और इब्राहिम को बधाई

सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा, "वाकई ये फोटोज सच कह रही है दोनों साथ हैं।" दूसरे ने लिखा, "पलक तुम तो जल्द अब सैफ अली खान और अमृता सिंह की बहू बनने वाली हो बधाई।" तीसरे न यूजर ने लिखा, "पलक तिवारी अब खान बन जाएंगी।" एक अन्य यूजर ने लिखा, "पलक और इब्राहिम तुम दोनों साथ में काफी अच्छे लगते हो।" एक और यूजर ने लिखा, "सैफ जी और श्वेता जी अब तो शादी पक्की समझिए।"

### पलक तिवारी और इब्राहिम जल्द शादी करेंगे ?

पलक तिवारी ने हाल ही में अपने और रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड को लेकर कई खुलासे किए थे। उन्होंने बताया था कि वह और इब्राहिम केवल अच्छे दोस्त है। उन्हे इब्राहिम पसंद हैं क्योंकि वह अच्छे इंसान हैं। अब ऐसे में दोनों की फोटो सामने आई हैं। ये फोटो कही और की नहीं बल्कि मालदीव की है। दोनों ने अलग-अलग पर एक ही जगह से अपनी-अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर की है। दोनों इन दिनों छुट्टियां मनाने के लिए मालदीव में हैं। जैसे ही फैंस ने दोनों की फोटो देखी, अनुमान लगाया कि दोनों एक ही जगह पर हैं। एक ही बीच की फोटो दोनों ने पोस्ट की है। इब्राहिम की एक तस्वीर में, वह एक कैंडल लाइट डिनर सेटअप के सामने पोज दे रहे हैं, जिसके बारे में फैंस का दावा है कि यह समंदर किनारे पलक तिवारी के साथ रोमांटिक डिनर डेट कर रहे हैं।

## डीडीएलजे बनाने में आदित्य चोपड़ा ने खुद लिए सभी फैसले, गलतियां हुईं तो मेरी होंगी

फिल्म निर्माता-निर्देशक आदित्य चोपड़ा अपने एकांतप्रिय स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। वे सार्वजनिक रूप से बहुत कम नजर आते हैं। करियर की बात करें तो उन्होंने 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' फिल्म से बतौर निर्देशक डेब्यू किया। इस फिल्म की मेकिंग के दौरान वे खूब ठसक के साथ काम करते नजर आए। उनका व्यवहार कई बार तानाशाह जैसा रहा। वे अपने हिसाब से सारे फैसले ले रहे थे। एक बार तो ऐसा पल आया कि आदित्य चोपड़ा इस फिल्म से कोरियोग्राफर सरोज खान की छुट्टी करना चाहते थे। हाल ही में यशराज फिल्म्स के यूट्यूब चैनल पर साझा किए गए फिल्म की मेकिंग के वीडियो में दिग्गज दिवंगत कोरियोग्राफर सरोज खान याद करती दिख रही हैं कि आदित्य चोपड़ा ने उन्हें फिल्म से निकाल दिया था। इसकी वजह थी कि वे सेट पर देर से पहुंची थीं। सरोज खान के मुताबिक, 'आदि मुझे पिक्चर से बाहर करने वाले थे। एक दिन मैं सेट पर देर से आई और वे गाने का पहला शॉट लेने वाले थे, जिसमें काजोल काले रंग की गाउन में हैं।

## फरहान अख्तर की 'डॉन 3' को मिल गया विलेन




बॉलीवुड एक्टर विक्रांत मैसी का स्टारडम इन दिनों सातवें आसमान पर है। '12वीं फेल' में उनकी दमदार परफॉर्मेंस की खूब तारीफ हुई। इसके बाद वह 'सेक्टर 36' मूवी में निगेटिव किरदार में छा गए, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। इस बीच खबर आई है कि विक्रांत मैसी को रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म 'डॉन 3' ऑफर हुई है। मेकर्स ने उन्हें मेन विलेन के रोल के लिए अप्रोच किया है। अगर सबकुछ ठीक रहा तो विक्रांत मैसी मूवी का हिस्सा बन सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, विक्रांत मैसी 'डॉन 3' में मेन विलेन की भूमिका के लिए संपर्क किया गया है। इस फिल्म में विक्रांत को रणवीर सिंह के सामने खलनायक के तौर पर पेश किया जाएगा। हालांकि, यह ऑफर जबरदस्त है, लेकिन विक्रांत ने अभी तक इसके लिए अपनी हामी नहीं भरी है। इस फिल्म को फरहान अख्तर बना रहे हैं। फिल्म का बजट 275 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

### पिछले साल हुआ 'डॉन 3' फिल्म का ऐलान

पिछले साल फरहान अख्तर ने 'डॉन 3ः द फाइनल चैप्टर' के टीजर में रणवीर सिंह को नए डॉन के तौर पर पेश किया था। टीजर में रणवीर की आवाज सुनाई दी थी, जो बोलते हैं, 'शेर जो सो रहा है वो जागेगा कब, पूछते हैं ये सब। उनसे कह दो फिर जाग उठा हूं मैं, और फिर सामने जल्द आने को...'। फरहान अख्तर के डायरेक्शन में बन रही इस मूवी में रणवीर सिंह के अपोजिट कियारा आडवाणी नजर आएंगी।

### रिलीज हुई 'साबरमती रिपोर्ट' फिल्म

विक्रांत मैसी के वर्क फ्रंट की बात करें तो आज ही उनकी नई फिल्म 'साबरमती रिपोर्ट' रिलीज हुई है। इस फिल्म की कहानी साल 2002 में गुजरात में हुए गोधरा कांड के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें विक्रांत मैसी ने जर्नलिस्ट की भूमिका है। वहीं, रिद्धि डोगरा और राशि खन्ना भी फिल्म का हिस्सा हैं। 'साबरमती रिपोर्ट' फिल्म की जमकर तारीफ हो रही है। मूवी का डायरेक्शन धीरज सरना ने किया है और प्रोड्यूसर एकता कपूर हैं।

## कैंसर से जंग लड़ रही हिना खान को लगी चोट, पोस्ट में शेयर किया अपना दर्द



फेमस एक्ट्रेस हिना खान इन दिनों मालदीव में छुट्टियां मना रही हैं। कैंसर से जंग लड़ रही हिना खान अपने मन को बहलाने के लिए शायद विदेशी टूर पर गई हैं। यहां से वो अपनी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। यहीं से उन्होंने एक फोटो इंस्टा पर शेयर की। इसमें उनके पैर में चोट का निशान देखने को मिल रहा है। इसे देख हिना खान के फैंस परेशान हो गए और उनकी सलामती दुआ मांगने लगे। दरअसल, इस फोटो में हिना खान के पैर पर चोट का निशान नजर आ रहा है। ये चोट उन्हें वहीं लगी है। इस तस्वीर को इंस्टा स्टोरी पर शेयर करते हुए हिना खान ने लिखा- मालदीव से मिली निशानी। ये फोटो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी। इसी पर लोग उनके जल्द सही हो जाने की दुआ करने लगे। हालांकि, एक्ट्रेस का कहना है कि ये अच्छी निशानी है। मगर इसकी कोई वजह नहीं बताई।

## माधुरी ने साझा किया नब्बे के दशक का किस्सा

### कहा-'श्रीदेवी और मैं एक सेट पर होकर भी एक दूसरे का बहुत सम्मान करते रहे'



श्रीदेवी और माधुरी दीक्षित नब्बे के दशक की ऐसी अभिनेत्रियां रहीं, जिनके नाम पर फिल्में हिट हो जाया करती थीं। दोनों की अपनी अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग रही। उस समय इन दोनों के बीच की राइवलरी की बात भी खूब सुनने को मिलती रही। अब इस बारे में माधुरी ने खुलकर बात की है। साथ ही उन्होंने श्रीदेवी के प्रति अपना प्यार और सम्मान भी जाहिर किया।

### माधुरी ने की श्रीदेवी की तारीफ

हाल ही में माधुरी दीक्षित ने एक इंटरव्यू में दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की खूब तारीफ की। माधुरी ने कहा, 'मैं और श्रीदेवी एक दूसरे का बहुत सम्मान करते रहे। मैं तो बतौर कलाकार उनकी बहुत इज्जत करती हूं। उन्होंने कई भाषाओं में काम किया, साथ ही हर भाषा की फिल्मों में श्रीदेवी जी को सफलता मिली। वह मेरे प्रति बहुत ही अच्छा रवैया रखती थीं।'

### कभी बात करने का मौका नहीं मिला

माधुरी ने श्रीदेवी और बोनी कपूर की बतौर निर्माता एक फिल्म 'पुकार' की थी। इसमें वह मुख्य भूमिका में नजर आईं। इस फिल्म और श्रीदेवी से अपने रिश्ते के बारे में माधुरी कहती हैं कि फिल्म के सेट पर वह अपने रोल पर ध्यान देती थी, वहीं श्रीदेवी जी प्रोडक्शन का काम संभालतीं। ऐसे में इन दोनों को साथ बैठकर बात करने का मौका कम ही मिला। माधुरी बताती हैं, 'हमें फिल्म की शूटिंग के दौरान ज्यादा बात करने का मौका नहीं मिला।' इस फिल्म के बाद माधुरी अमेरिका चली गईं, क्योंकि उनकी डॉक्टर राम नेने से शादी हो गई थी।

### धमाल 4 में नजर आ सकती हैं

दिवाली पर माधुरी दीक्षित फिल्म 'भूल भुलैया 3' में नजर आईं। इस फिल्म में उनके दमदार अभिनय को काफी पसंद किया गया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी कमाई की है। हाल ही में एक खबर और आई है कि माधुरी दीक्षित फिल्म 'धमाल 4' में भी नजर आ सकती हैं।

## दिशा पाटनी के पिता के साथ धोखा, अध्यक्ष बनाने के नाम पर ठग लिए 25 लाख रुपये



बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी एक तरफ अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'कंगुवा' को लेकर लाइमलाइट में बनी हुई हैं। दूसरी तरफ उनके पिता और रिटायर्ड पुलिस ऑफिसर जगदीश पाटनी एक ठगी का शिकार हो गए हैं। अपने साथ हुई ठगी मामले में एक्ट्रेस के पिता ने बरेली थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिशा पाटनी के पिता जगदीश पाटनी के साथ यह ठगी सरकारी आयोग में उच्च पद दिलाने के नाम पर की गई है। घोटालेबाजों के एक समूह ने कथित तौर पर उनसे 25 लाख रुपये ऐंठ लिए हैं।

### शिकायत में 5 लोगों पर आरोप

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बरेली पुलिस ने बताया है कि एक्ट्रेस दिशा पाटनी के पिता और रिटायर पुलिस ऑफिसर जगदीश पाटनी को सरकारी आयोग में उच्च पद दिलाने का वादा किया गया था। इसी सिलसिले में घोटालेबाजों के एक समूह ने कथित तौर पर उनके साथ 25 लाख रुपये की ठगी कर ली है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस ठगी में 5 लोगों पर आरोप लगाया गया है। यह 5 लोग शिवेंद्र प्रताप सिंह, जूना अखाड़े के आचार्य जयप्रकाश, दिवाकर गर्ग, प्रीति गर्ग और एक अज्ञात व्यक्ति है। इन सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## खेसारी लाल यादवः गाना कमरिया लॉलीपॉप ने बनाया नया रिकॉर्ड



सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की नई फिल्म 'राजाराम' का डांस नंबर 'कमरिया लॉलीपॉप' हाल ही में रिलीज हुआ है। यह गाना सारेगामा हम भोजपुरी यूट्यूब चैनल और प्रमुख म्यूजिक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। इस पार्टी ट्रैक को खेसारी लाल यादव और शिल्पी राज ने अपनी आवाज दी है। गाने में खेसारी लाल यादव के साथ डांसिंग क्वीन नम्रता मल्ला अपनी शानदार परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल छू रही हैं। गाने के बोल प्रकाश बारूद ने लिखे हैं, जबकि संगीत विनय विनायक का है। इसके संगीतकार के आर के यादव हैं, निर्देशन सूरज कटोच का है और कोरियोग्राफी गीता टम्टा ने की है। फिल्म 'राजाराम' को टेक्नीशियन फिल्म फैक्ट्री के बैनर तले बनाया गया है, जिसके निर्देशक पराग पाटिल हैं, और निर्माता पराग पाटिल और आर आर प्रिंस हैं।

### कमरिया लॉलीपॉप ने नया रिकॉर्ड बनाया

भोजपुरी गाना कमरिया लॉलीपॉप ने नया रिकॉर्ड बनाया है। इस गाने को 5 मिलियन से अधिक लोग देख चुके हैं। अभी यह गाना खूब सुना जा रहा है। अगर अपने भी अभी तक इस गाने को नहीं देखा और सुना है तो यहां देख सकते हैं।

## सिकंदर का मुकद्दर का मोशन पोस्टर जारी, हैरान-हैरान से दिखे तमन्ना, अविनाश और जिमी शेरगिल

फिल्म 'सिकंदर का मुकद्दर' इसी महीने ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। आज इस फिल्म का मोशन पोस्टर जारी किया गया है। इसमें फिल्म के लीड कलाकार जिमी शेरगिल, तमन्ना भाटिया और अविनाश तिवारी नजर आ रहे हैं। सभी के चेहरे के भाव ऐसे हैं कि सभी हैरान-हैरान से दिख रहे हैं। फिल्म का पोस्टर नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया गया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'इस झूठ के जाल से निकलना, हर किसी के मुकद्दर में नहीं। नेटफ्लिक्स पर देखें फिल्म 'सिकंदर का मुकद्दर । यह फिल्म इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर 29 नवंबर को रिलीज होगी।



### नीरज पांडे ने किया है निर्देशन

फिल्म 'सिकंदर का मुकद्दर' का ट्रेलर जारी हो चुका है। इस फिल्म का निर्देशन नीरज पांडे ने किया है। उनकी पिछली फिल्म 'औरों में कहां दम था' थी, जो बॉक्स ऑफिस पर विफल साबित हुई। अब वे एक नई फिल्म के साथ दर्शकों तक पहुंच रहे हैं। इस बार माध्यम डिजिटल है। फिल्म के ट्रेलर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि 'सिकंदर का मुकद्दर' को लेकर नीरज पांडे ने कहानी पर काफी काम किया है।

### यूजर्स दिखे उत्साहित

आज जारी हुए मोशन पोस्टर पर यूजर्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'हीरो के अंदाज और कहानी के सस्पेंस दोनों ने दिल जीत लिया।' एक यूजर ने लिखा, 'इस फिल्म का तो बेसब्री से इंतजार है। तारीख नोट कर ली है'। एक यूजर ने लिखा, 'जिमी शेरगिल की पिक्चर और उसमें तमन्ना भी हैं, यह कुछ कमाल होगा'।

## स्त्री के बाद अब नागिन बनेंगी श्रद्धा कपूर



भारत में कुल 627.02 करोड़ रू कमाने वाली साल 2024 की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फ़िल्म स्त्री 2 देने के बाद अब श्रद्धा कपूर अपनी नेक्स्ट फ़िल्म की तैयारी में बिजी हो चुकी हैं । स्त्री के बाद अब श्रद्धा कपूर नागिन बनने वाली हैं । प्रोड्यूसर निखिल द्विवेदी ने श्रद्धा कपूर के साथ नागिन लाने पर मुहर लगा दी है । श्रद्धा कपूर अपनी फिल्म नागिन की शूटिंग अगले साल शुरू करेंगी। इंटरव्यू में निखिल द्विवेदी ने खुलासा किया कि श्रद्धा इस किरदार के लिए उनकी पहली पसंद थीं। उन्होंने बताया कि, फ़िल्म की स्क्रिप्ट तैयार हो चुकी है।

इसे कंप्लीट करने में 3 साल का लंबा वक्त लगा है। 3 सालों में इस पर तमाम बदलाव किए गए, लेकिन अब इसे फाइनली पूरा कर लिया गया है। इसी के साथ उन्होंने बताया कि, अब सिर्फ श्रद्धा को लेकर उनका नागिन लुक तैयार किया जा रहा है। निखिल ने कहा कि कास्टिंग शुरू से ही तय हो गई थी क्योंकि श्रद्धा बेहतरीन अभिनेत्री हैं। उन्होंने आगे कहा, "श्रद्धा इसके लिए तैयार हो गईं । वह सबसे पहले इस पर सहमत हुई। मैंने सबसे पहले नागिन के लिए श्रद्धा से संपर्क किया था और वह इसके लिए तैयार हो गईं।

इस फिल्म के लिए बेहद उत्साहित हैं श्रद्धा। अब जब स्क्रिप्ट तैयार है, तो वह शूटिंग शुरू करने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं।" इसी के साथ निखिल द्विवेदी ने यह भी क्लियर किया की, यह पूरी तरह से एक ब्रांड न्यू सब्जेक्ट है, जिसका पुरानी किसी फिल्म या शोज से लेना-देना नहीं होगा । दरअसल इसे बनाने का फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि भारतीय लोक कथाएं काफी रिच हैं और इससे कई नए आइडिया भी मिलते हैं । जब स्पाइडर मैन किसी इंसान को काटता है, तो लोग एक्साइटेड हो जाते हैं। पर जब कोई महिला नागिन बन जाती है, तो इसे अलग तरह से देखा जाता है। इस दौरान उन्होंने लोगों से एक चांस भी मांगा।



# भारत पर दांव का बढ़ा वजन

## चीन पर चल गई कैंची, कैसे अचानक बदले समीकरण?




नई दिल्ली,16 नवंबर (एजेंसियां)। हांगकांग की ब्रोकरेज फर्म सीएलएसए ने चीन में निवेश घटाकर भारत में अपना इन्वेस्टमेंट 20 फीसदी तक बढ़ा दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद उसने ऐसा किया है। यह फैसला अक्टूबर की शुरुआत में लिए गए फैसले के उलट है। तब चीन की ओर से 24 सितंबर को पहली बार प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा के बाद सीएलएसए ने चीन में अपना निवेश बढ़ाया था। चीन ने 8 नवंबर को 1.4 ट्रिलियन डॉलर के पैकेज की दूसरी किस्त की घोषणा की थी। जनवरी 2025 में एक और पैकेज की उम्मीद है। सीएलएसए की ओर से निवेश बढ़ाने का मतलब है कि भारतीय शेयर बाजार दूसरे बाजारों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। सीएलएसए के इस फैसले के पीछे अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध (ट्रेड वॉर) की आशंका को भी वजह माना जा रहा है। ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान अमेरिका में चीन के आयात पर 60 फीसदी तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा था। इसके अलावा, चीनी सरकार की ओर से घोषित प्रोत्साहन पैकेज को भी निवेशकों ने कम उत्साहजनक पाया है।

**भारत पर दांव बढ़ा**

ट्रंप की जीत के बाद ब्रोकरेज फर्म ने अक्टूबर में लिए गए अपने फैसले को बदलते हुए चीन में निवेश को 'समान भार' यानी 'इक्वल वेट' और भारत में 'अधिक भार' (ओवरवेट) कर दिया है। यह ऐसे समय में हुआ है जब अक्टूबर की शुरुआत से ही भारत में विदेशी निवेशकों की ओर से कुल 14.2 अरब डॉलर की बिकवाली दर्ज की गई है।हालांकि, सीएलएसए ने माना है कि भारत में शेयर मार्केट वैल्यूएशन 'महंगा' बना हुआ है। लेकिन, साथ ही यह भी कहा है कि ट्रंप की प्रतिकूल व्यापार नीति से भारत क्षेत्र के अन्य बाजारों की तुलना में सबसे कम प्रभावित होगा। अधिकारियों का मानना है कि राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप का भारत के निर्यात पर उतना प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा जितना कि चीन जैसे अन्य देशों पर पड़ेगा।

**ट्रंप की जीत के बाद चीन पर घटा भरोसा**

लंदन स्थित स्वतंत्र थिंक टैंक ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स को भी उम्मीद है कि अमेरिकी टैरिफ का प्रभाव मध्यम अवधि में चीन और अन्य लक्षित अर्थव्यवस्थाओं से कुल निर्यात को कम करेगा। हालांकि, प्रभाव विशिष्ट क्षेत्रों में केंद्रित होगा। इसके ऑटोमोबाइल और स्टील जैसे प्रभावित उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण नतीजे होंगे। पिछले हफ्ते चीन ने अपनी धीमी आर्थिक ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए 1.4 ट्रिलियन डॉलर के प्रोत्साहन पैकेज को लॉन्च किया। सीएलएसए ने कहा, 'हाल के घटनाक्रमों के प्रकाश में अब हमारे पास 2025 में चीनी शेयरों पर बेंचमार्क एक्सपोजर से ऊपर बनाए रखने के लिए पर्याप्त दृढ़ता नहीं है।'

# देश के सबसे बड़े बैंक से लोन लेना हुआ महंगा

## एसबीआई ने बढ़ाई ब्याज की दरें




नई दिल्ली,16 नवंबर (एजेंसियां)। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने अपनी कर्ज की ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर दी है. देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक ने एमसीएलआर यानी मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स बेस्ड लेंडिंग रेट में 5 बेसिक प्वाइंट की बढ़ोतरी की है. बैंक ने 3 महीने, 6 महीने और 1 साल के लोन की दर को बढ़ा दिया है. इसके कार, होम लोन और पर्सनल लोन महंगा हो जाएगा. एसबीआई ने हाल ही में दूसरी बार एमसीएलआर में बढ़ोतरी की है. हालांकि, बैंक ने ओवरनाइट, एक महीने, दो साल और तीन साल की अवधि के लिए एमसीएलआर में कोई बदलाव नहीं किया है. इन अवधियों में ब्याज की दरें पहले जैसे ही होंगी. एसबीआई की ओर से एमसीएलआर में 5 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी 3 अवधियों वाली ब्याज दरों में हुई हैं, जिनमें 3 महीने के लोन पर ब्याज दर 8.50 से 8.55 फीसदी और 6 महीने के लोन पर ब्याद दर 8.85 से 8.90 फीसदी कर दी गई है. वहीं, एक साल के लोन पर ब्याज दर को 8.95 फीसदी से बढ़ाकर 9 फीसदी कर दिया गया है. एचडीएफसी बैंक ने भी सितंबर महीने में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की थी. बैंक ने एमसीएलआर में वृद्धि की थी. जो कि ओवरनाइट, एक महीने और 3 महीने की अवधि वाले लोन पर लागू है.एमसीएलआर वह न्यूनतम ब्याज दर होती है, जिस पर बैंक उधार यानी लोन देते हैं. इस ब्याज दर से कम पर कोई भी बैंक किसी भी व्यक्ति को होम लोन, पर्सनल लोन या फिर कार लोन नहीं दे सकता है.

साल 2016 में आरबीआई ने बेस रेट सिस्टम की जगह पर इस सिस्टम को लाया गया. हालांकि, जिन लोगों ने 2016 से पहले लोन लिया था वह आज भी बीपीएलआर के अधीन है. अगर बैंक एमसीएलआर रेट में बढ़ोतरी करता है. तो खुद ब खुद लोन की ईएमआई बढ़ जाती है. इसके अलावा एमसीएलआर का संबंध बैंकों की रेपो रेट से भी होता है.

# अब इन जगहों पर नहीं बिकेंगे बिना हॉलमार्किंग वाले सोने के गहने, सरकार ने 11 राज्यों में लागू किया नियम



नई दिल्ली,16 नवंबर (एजेंसियां)। देश में कई जगहों पर अभी भी बिना हॉलमार्किंग वाले सोने के गहने बिक रहे हैं. इसे लेकर गुरुवार को सरकार ने घोषणा की कि अब अलग-अलग राज्यों के 18 और जिलों में सोने के गहने बिना हॉलमार्किंग के नहीं बिकेंगे. आपको बता दें, 23 जून 2021, जब से हॉलमार्किंग का नियम लागू हुआ है, अब तक लगभग 40 करोड़ सोने के गहनों पर हॉलमार्किंग की जा चुकी है. सरकार इसे देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग चरणों में लागू कर रही है.

**इन राज्यों में लागू हुआ नियम**

भारत सरकार अब देश के अलग-अलग हिस्सों में मिलावटी सोने वाली ज्वैलरी से लोगों को बचाने के लिए हॉलमार्किंग वाले गहनों का नियम लागू कर कर रही है. हालांकि, देश में ये नियम 23 जून 2021 को ही बन गया था. लेकिन, इसे अलग-अलग जिलों में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है. गुरुवार को सरकार ने जिन 18 जिलों में इसे लागू करने की घोषणा की है, वो 18 जिले आंध्र प्रदेश, बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, केरल, ओडिशा, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में हैं. इसी के साथ अब देश में 361 ऐसे जिले हो गए हैं, जहां कि ज्वैलरी शॉप पर बिना हॉलमार्किंग वाले गहने और सोने की कलाकृतियां नहीं बिक पाएंगी.

रजिस्टर ज्वैलर्स की संख्या भी बढ़ रही है सरकार अब देश में ज्वैलर्स के रजिस्ट्रेशन पर काम कर रही है. यही वजह है कि देश में अब रजिस्टर ज्वैलर्स की संख्या भी पहले के मुकाबले काफी ज्यादा बढ़ी है. पहले जहां रजिस्टर ज्वैलर्स की संख्या महज 34,647 थी, वो अब बढ़कर 1,94,039 हो गई है. इसके अलावा, हॉलमार्किंग केंद्रों की संख्या भी 945 से बढ़कर 1,622 हो गई है.

**ऐप के जरिए कर सकते हैं हॉलमार्किंग वाले सोने की पहचान**

अगर आपके पास कोई गहना है जिस पर हॉलमार्किंग है, लेकिन आपको शक है कि यह सही हॉलमार्किंग है या नहीं तो आप इसकी पहचान बीआईएस केयर मोबाइल ऐप के जरिए कर सकते हैं. दरअसल, इस ऐप का इस्तेमाल कर के ग्राहक हॉलमार्क वाले गोल्ड के गहनों की प्रामाणिकता को सत्यापित कर सकता है और प्रोडक्ट की क्वालिटी या बीआईएस के निशान के दुरुपयोग के बारे में अपनी शिकायत भी दर्ज करा सकता है।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-25
सूर्यास्त. - 17-36
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत-1955885125

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | वृश्चिक | मे | वृश्चिक- | 06-18 बजे |
| चंद्र- | वृष | मे | धनु---- | 08-36 बजे |
| मंगल | कर्क | मे | मकर... | 10-42 बजे |
| बुध- | वृश्चिक | मे | कुंभ-- | 12-32 बजे |
| गुरु- | वृष | मे | मीन-- | 14-10 बजे |
| शुक्र- | धनु | मे | मेष--- | 15-46 बजे |
| शनि- | कुंभ | मे | वृष--- | 17-31 बजे |
| राहु- | मीन | मे | मिथुन- | 19-31 बजे |
| केतु- | कन्या | मे | कर्क--- | 21-44 बजे |
| | | | सिंह--- | 23-56 बजे |
| | | | कन्या-- | 02-02 बजे |
| | | | तुला--- | 04-12 बजे |

दिशाशूल - पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- द्वितीया 21-05 तक उपरान्त तृतीया
मास - मार्गशीर्ष कृष्ण, रविवार 17 November
नक्षत्र - रोहिणी 17-21 तक उपरान्त मृगशिरा
योग - शिव 20-20 तक उप सिद्ध
करण- तैतिल 10-24 तक उप गर
विशेष:- चतुर्थी व्रत
व्रत -त्योहार - चन्द्रोदय रात्रि 20-18

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 16:14 से 17:39 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:25 - 07:48 | अशुभ | शुभ | 17:36 - 19:14 | शुभ |
| चंचल. | 07:48 - 09:12 | शुभ | अमृत | 19:14 - 20:50 | शुभ |
| लाभ. | 09:12 - 10:37 | शुभ | चंचल | 20:50 - 22:26 | शुभ |
| अमृत | 10:37 - 12:01 | शुभ | रोग | 22:26 - 00:01 | अशुभ |
| काल. | 12:01 - 13:25 | अशुभ | काल | 00:01 - 01:37 | अशुभ |
| शुभ. | 13:25 - 14:50 | शुभ | लाभ | 01:37 - 03:13 | शुभ |
| रोग | 14:50 - 16:14 | अशुभ | उत्पात | 03:13 - 04:48 | अशुभ |
| उत्पात | 16:14 - 17:36 | अशुभ | शुभ | 04:48 - 06:25 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,
जो लोग विलासिता के सामान के व्यवसायों में शामिल हैं, वे लोग आज बहुत लाभ में रहेंगे और साथ ही साथ जो लोग स्वरोजगार में हैं, वे भी अपनी दरों में बढ़ोतरी कर सकते हैं और साथ ही साथ मन वांछित राशि की प्राप्ति कर सकते हैं। उन लोगों पर ध्यान न दें जो लोग आपकी सराहना करने में विफल रहते हैं, बस अपनी विशेषज्ञ कौशल से लाभ प्राप्त करने की इच्छा रखने वालो के महत्व को आप स्वीकार करें।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आपकी वित्तीय स्थिति में लगातार वृद्धि दिख रही है और आगे भी इसमें सुधार की संभावना है, परन्तु आप ऐसा महसूस करेंगे की आपके नियंत्रण से परे स्थितियां आपकी उत्पादकता और काम करने की क्षमता को प्रभावित कर रही है, लेकिन आपका डर निराधार हैं। यहां तक कि आपके वरिष्ठ अधिकारी इस चीज़ को समझते हैं और आपके हालातो के साथ हमदर्दी भी रखते है।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज के दिन अप्रत्याशित धन की प्राप्ति के योग है। आज का दिन लॉटरी और सट्टा बाजार के लिए भी लाभप्रद है परन्तु ये धन लाभ कई तरह की जिम्मेदारियां भी साथ लायेगा जिसे आपको नजरअंदाज नहीं करना है। आपको इस पैसे के संबंध में आज एक महत्वपूर्ण काम का निर्वहन करना पड़ सकता है।

**कर्क** ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,
आप सक्रिय हैं और आज आपकी सक्रिय प्रकृति आपको शीर्ष पर रखेगी। आप सभी गतिविधियों के केंद्र पर हैं। आप बहुत अच्छा कर रहे हैं। बस अपनी गति को बनाए रखने और आगे बढ़ते रहे। अब भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए बहुत कुछ है। आप अपने कार्य क्षेत्र को व्ययवस्थित रखें और समय-समय पर अपने दस्तावेजों को देखते रहे।

**सिंह** मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे,
आज आप पेशेवर आत्मविश्वास से भर जायेंगे। आप अपनी कार्य सम्भंधि चिन्ताओ को सशक्त तरीके से आगे रखेंगे एवं कोई भी मुश्किल आपको बड़ी नहीं लगेगी। कुछ सूक्ष्म संकट कार्यस्थल पर आ सकते है, परन्तु आप उन संकटो से आसानी से आत्मविश्वास के साथ बाहर आयेंगे। आज आपके सहकर्मी आपकी क्षमता से प्रभावित होंगे।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
अपने स्वयं के वित्त एवं धन का नियंत्रण लेना आप के लिए अब बहुत महत्वपूर्ण है और आप इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत से डरते नहीं हैं। आज आप बहुत संगठित और अनुशासित हैं और आप बहुत ही व्यावहारिक तरीके से अपने कार्य क्षेत्र और कैरियर के मुद्दों से निपटने के लिए तैयार हैं।

**तुला** रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,
जब लोहा गर्म हो तो उस पर निशाना लगाये ! यह विशेष रूप से प्रेरक वक्ताओं की भूमिका या इसी तरह की भूमिका वालो के लिए एक महान दिन है। आज आप जनता के साथ बेहतर संवाद करने में सक्षम होंगे और आपको उस के लिए उच्च भुगतान भी किया जा सकता है। तो आप आगे बढे और इस तरह प्रदर्शन करे की लोग आप की बाते सुनने के लिए लालायित रहे।

**वृश्चिक** तो, ना, नी, ने, नू, नो, या, यी, यू,
आपके नए व्यापार विचार जो आपने सुझाये थे वे अब फल देने लगेंगे। आप अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने की सोच सकते है। यह अपने दम पर कुछ करने के लिए सबसे अच्छा समय है। संभावना है कि आप इस समय अपने नए व्यापार के लिए पर्याप्त वित्तपोषण प्राप्त करने में सक्षम होंगे। आपको इस व्यवसाय को स्थापित करने के लिए विदेश में से किसी के साथ साझेदारी में काम करना पड़ सकता है।

**धनु** ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे
हालाँकि आप सावधान और व्यवस्थित है, पर किसी दूसरे के कार्यभार के लिए आप जवाबदेह होंगे। अपने और अपने काम के तरीको पर विश्वास रखे। एक बार में एक काम को सुव्यस्थित तरीके से करे और अगले सप्ताह तक आप चीजों को आकार में वापस पायेंगे। उस समय तक अपने सहकर्मियों के साथ किसी बहस में संलिप्त न हो।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आपका भाग्य आपके वित्तीय उपक्रम को पूरा समर्थन दे रहा है एवं आपकी नौकरी भी काफी अच्छी है परन्तु आपको अपने धन पर ध्यान रखने की जरुरत है जैसे की हम सब जानते है की पैसे पेड पर नहीं उगते है। आपके अपव्यय करने की आदत से आपको अपने निकट के व्यक्तियों से आलोचना सुननी पड़ती है।


**कुंभ** गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज आपके मितव्ययी होने की संभावना हैं, और आप एक असाधारण अवस्था में रहेंगे। आप एक महंगी कला की वस्तु खरीद सकते है क्यों की आप कला के पुजारी है। आप अपने पास के किसी व्यक्ति के लिए एक महंगा उपहार खरीद सकते है जो की उस व्यक्ति को आश्रयचकित कर सकता है। आपके कार्यस्थल में सब कुछ सुचारू रूप से चलेगा।

**मीन** दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची
आज आप एक दार्शनिक मुद्रा में रहेंगे और गहरी सोच वाली ऐसी किसी भी नौकरी में आज आप सफलता को छुएंगे। शिक्षकों, वकीलों, दार्शनिकों, प्रचारकों और राजनेताओ के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। लेकिन आपको सांसारिक एवं जीवन के गहरे सवालों के बीच ध्यान देने की जरूरत है।व्यावहारिक स्थिति से अपना मुख मोड़ना आज आपकी सबसे बड़ी समस्या है।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# भारत के जॉब कल्चर की इस इंजीनियर ने कर डाली स्वीडन से तुलना

## बताया वहां काम करना कितना अलग है



नई दिल्ली,16 नवंबर (एजेंसियां)। भारत में इन दिनों वर्क कल्चर को लेकर काफी बहस जारी है। यह बहस इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति के उस बयान के बाद फिर से शुरू हो गई है जिसमें उन्होंने हफ्ते में 6 दिन काम करने को प्राथमिकता देना बताया है। नारायण मूर्ति ने हाल ही में कहा था कि वह अपने पुराने बयान पर अभी भी कायम हैं जिसमें उन्होंने हफ्ते में 5 दिन के बजाय 6 दिन काम करने के लिए कहा था। भारत के वर्क कल्चर पर एक इंजीनियर ने सवाल उठाए हैं। इस इंजीनियर का नाम अंकुर त्यागी है। लखनऊ के रहने वाले अंकुर अभी स्वीडन में रहते हैं और वहां एक कंपनी में टेक इंजीनियर हैं। अंकुर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आयुषी दोषी नाम की एक वकील की पोस्ट को रीपोस्ट किया है। इस दौरान उन्होंने भारत में वर्क कल्चर को लेकर अपने अनुभव शेयर किए हैं।

**स्वीडन के कल्चर से की भारत की तुलना**

अंकुर ने अपनी पोस्ट में भारत के वर्क कल्चर की तुलना स्वीडन के वर्क कल्चर से की है। इनमें अंकुर ने बताया है कि वर्क कल्चर को लेकर यूरोप के देश भारत के मुकाबले काफी बेहतर हैं। अंकुर त्यागी ने कहा कि स्वीडन जाने पर उन्हें जीवन जीने का एक बहुत ही अलग तरीका देखने को मिला। यहां कंपनियां अपने कर्मचारियों पर सही काम करने का भरोसा करती हैं। साथ ही कंपनियां इस बात को अच्छे से जानती हैं कि संतुलित जीवन से ही कर्मचारी अपना बेस्ट दे सकता है।

**क्या है आयुषी की पोस्ट में?**

आयुषी दोषी एडवोकेट हैं। उनके जूनियर ने उन्हें वॉट्सऐप पर एक मेसेज भेजा था। इसमें जूनियर ने लिखा है कि वह इन दिनों रात 8:30 बजे तक ऑफिस काम कर रहा है। ऐसे में वह कल सुबह 11:30 बजे ऑफिस आएगा। वॉट्सऐप के इस मेसेज के स्क्रीनशॉट को आयुषी ने एक्स पर पोस्ट किया और लिखा, 'मुझे यकीन नहीं हो रहा कि मेरे जूनियर ने मुझे यह भेजा है। आजकल के बच्चे कुछ और ही हैं। वह देर तक रुका रहा, इसलिए अब वह इसकी भरपाई करने के लिए ऑफिस में देर से आएगा। क्या कदम है! मेरे पास शब्द नहीं हैं।'

**क्या लिखा है अंकुर ने?**

आयुषी की इस पोस्ट को अंकुर ने रीपोस्ट करते हुए वर्क कल्चर को लेकर अपने अनुभव लिखे हैं। अंकुर ने लिखा है कि एक तरफ स्वीडन में जहां कर्मचारी की वर्क प्रोडक्टिविटी पर ध्यान दिया जाता है तो वहीं भारत में चीजों को इस तरह से पेश किया जाता है कि ताकि कर्मचारी को लगे कि ओवरटाइम करना सामान्य बात और देर तक काम करना सम्मान की बात लगे।अंकुर ने पोस्ट में भारत में काम करने दौरान अपने अनुभव शेयर करते हुए लिखा है, 'मेरा एक मैनेजर था। वह कभी भी रात 10 बजे से पहले ऑफिस से नहीं जाता था। साथ ही वह हमेशा अगली सुबह ठीक 9 बजे ऑफिस आ जाता था।'

# न चाहते हुए भी आकर रहेगा टाटा संस का आईपीओ!

## रिजर्व बैंक ने कंपनी के आवेदन पर नहीं किया विचार

नई दिल्ली,16 नवंबर (एजेंसियां)। टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस का आईपीओ फिर से चर्चा में है। दरअसल, टाटा संस के लिए स्टॉक एक्सचेंज में सार्वजनिक होने का समय तेजी से गुजर रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अभी तक कोर इन्वेस्टमेंट कंपनी (सीआईसी) के रूप में अपना रजिस्ट्रेशन छोड़ने के आवेदन पर कोई निर्णय नहीं लिया है।

**क्या है पूरा मामला?**

रिजर्व बैंक ने टाटा संस का क्लासिफिकेशन नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनी अपर लेयर में किया है। जो भी कंपनियां इस कैटेगिरी में हैं, उन्हें सितंबर 2025 तक लिस्टिंग कराने का समय मिला है। टाटा संस ने साल 2023-24 में ही अपना 21,813 करोड़ रुपये का पूरा कर्ज चुका दिया है। इसके साथ ही कंपनी ने रिजर्व बैंक के पास आवेदन दिया है कि उसे एनबीएफसी अपर लेयर से डिसक्लासिफाई कर दिया जाए। ऐसा करने से कंपनी अनरजिस्टर्ड कोर इनवेस्टमेंट कंपनी रह जाएगी। फिर उसे लिस्टिंग के लिए बाध्य नहीं किया जा सकेगा। रिजर्व बैंक ने अभी तक इस आवेदन पर फैसला नहीं लिया है।

**रिजर्व बैंक ने ठुकराया था यह प्रस्ताव**

शुरू में टाटा संस ने शेयरों को लिस्टिंग से छूट देने का प्रस्ताव दिया था जिसे रिजर्व बैंक ने ठुकरा दिया था। इसका मतलब है कि टाटा संस को अब सितंबर 2025 तक शेयर बाजार में लिस्ट होना पड़ेगा। रिजर्व बैंक के नियमों के मुताबिक, अपर-लेयर एनबीएफसी के रूप में वर्गीकृत सभी संस्थाओं को सितंबर 2025 तक लिस्ट होना जरूरी है। हालांकि, टाटा ग्रुप ने अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। सूत्रों का कहना है कि टाटा ग्रुप टाटा संस को लिस्ट करने को लेकर अनिच्छुक है। उसने इस साल मार्च में स्वेच्छा से अपने सीआईसी रजिस्ट्रेशन छोड़ने के लिए आवेदन किया है। आठ महीने बीतने के बाद भी रिजर्व बैंक ने इस आवेदन पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है।एक इन्वेस्टर ने टाटा संस के आवेदन के बारे में रिजर्व बैंक से आरटीआई के तहत जवाब मांगा था। रिजर्व बैंक ने जवाब में 14 नवंबर को इस बात की पुष्टि कर दी कि टाटा संस ने 28 मार्च को अपना सीआईसी रजिस्ट्रेशन छोड़ने के लिए आवेदन किया था। रिजर्व बैंक ने कहा कि सीआईसी के रूप में रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट छोड़ने के लिए टाटा संस ने जो आवेदन पेश किया है, उसकी जांच की जा रही है।टाटा संस के लिए आईपीओ लाना इतना आसान दिखाई नहीं दे रहा। मर्चेंट बैंकरों के मुताबिक आईपीओ की तैयारी के लिए टाटा संस को छह से आठ महीने की जरूरत होगी। एक बैंकर के मुताबिक रिजर्व बैंक की ओर से कोई स्पष्टता नहीं होने के चलते टाटा संस मुश्किल में पड़ सकती है क्योंकि यह सूचीबद्ध नहीं होना चाहती है।

# बिहार के तमंचों से महंगा है ये मेवा

## एक ट्रक बेचने पर होता है लाखों का फायदा



नई दिल्ली,16 नवंबर (एजेंसियां)। एक समय था जब बिहार का नाम आते ही अपराध और अवैध हथियारों का जिक्र हुआ करता था, लेकिन वक्त बदलते देर नहीं लगती. अब बीते कई सालों से बिहार में पैदा होने वाली एक मेवा पूरे देश में हाथों-हाथ खरीदी जा रही है. इस साल तो मखाने की कीमत बीते साल के मुकाबले ढ़ाई गुना तक ज्यादा हो गई है. डॉक्टरों के अनुसार मखाने हेल्थ के लिए काफी फायदेमंद होते हैं और ये ब्लड शुगर, दिल की बीमारी और पाचन तंत्र को बेहतर करते हैं. ऐसे में अगर आप एक बेहतर बिजनेस की तलाश कर रहे हैं तो बिहार से सस्ती कीमत पर मखाना खरीदकर देशभर में सप्लाई कर सकते हैं.मखाने की खेती पूरे बिहार में नहीं होती है, क्योंकि मखाने की खेती के हिसाब से पूरे बिहार का मौसम नहीं है. बिहार के दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, पूर्णिया, कटिहार, सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले मखाने की खेती के लिए जाने जाते हैं. अगर आप इन जिलों के किसानों से मखाना खरीदते हैं तो आपको काफी कम कीमत पर मखाना मिल जाएगा.अगर आप बिहार से मखाना खरीदकर देशभर में बेचना चाहते हैं तो आपको 750 रुपए से 1400 रुपए किलो के रेट में अलग-अलग क्वालिटी का मखाना मिल जाएगा.

# 2026 तक एयर टैक्सी शुरू हो सकती है

## जानें क्या है वर्टीपोर्ट जहां से होगी टेकऑफ और लैंडिंग



नई दिल्ली,16 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के बड़े शहरों में रहने वाले लोगों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है. कहा जा रहा है कि 2026 तक इंडिगो देश में एयर टैक्सी शुरू कर सकता है. दरअसल, भारत एयर टैक्सी के लिए तेजी से वर्टीपोर्ट विकसित कर रहा है. वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत तेजी से वर्टीपोर्ट विकसित कर रहा है, जिसकी मदद से देश के बड़े शहरों को एक दूसरे से कनेक्ट किया जा सके. चलिए आपको बताते हैं कि आखिर वर्टीपोर्ट क्या होते हैं और देश के किन बड़े शहरों को सबसे पहले एक दूसरे से जोड़ा जाएगा।

**पहले जानिए वर्टीपोर्ट क्या होते हैं**

वर्टीपोर्ट एक खास प्रकार का हवाई अड्डा होता है जो वर्टिकल टेकऑफ और लैंडिंग एयरक्राफ्ट के लिए डिजाइन किया जाता है. आसान भाषा में कहें तो इसे एयर टैक्सी या ड्रोन जैसी चीजों के लिए तैयार किया जाता है. यानी यहां रनवे नहीं होते, बल्कि यहां से एयर टैक्सी सीधे अपनी जगह से ऊपर उड़ सकते हैं और लैंड हो सकते हैं. वर्टीपोर्ट में इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफ और लैंडिंग एयरक्राफ्ट के लिए चार्जिंग स्टेशन हो भी सकते हैं. इसके अलावा यहां यात्रियों के आने जाने की सुविधा, वेटिंग एरिया जैसी सुविधाएं भी होती हैं।

**किन बड़े शहरों को एक साथ जोड़ा जा रहा है**

भारत में फिलहाल जिन शहरों को एयर टैक्सी की मदद से जोड़ने की बात हो रही है, उनमें दिल्ली एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई जैसे शहर हैं. इन शहरों के बीच वीटोओएल फ्लाइट्स की शुरूआत जल्द ही हो सकती है. अगर ऐसा हो जाता है तो इन कारोबारी शहरों में एक जगह से दूसरी जगह जाना बेहद आसान हो जाएगा.अभी अगर आप दिल्ली से गुरुग्राम जाते हैं तो आपको लगभग 60 से 90 मिनट का समय लगता है. अगर ट्रैफिक ज्यादा मिल जाए तो ये समय और भी बढ़ जाता है. लेकिन, अगर दिल्ली से गुरुग्राम एयर टैक्सी से जाना हो तो ये समय महज 7 से 8 मिनट का होगा. दूसरे शहरों के साथ भी ऐसी ही स्थिति है. जैसे बेंगलुरु को जब इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी से एयर टैक्सी के जरिए जोड़ दिया जाएगा तो इनके बीच की 51 किलोमीटर की दूरी को तय करने में महज 19 मिनट का समय लगेगा।

# नई फसल आते ही घटने लगेगी प्याज की कीमतें




नई दिल्ली,16 नवंबर (एजेंसियां)। प्याज की कीमतें घटने लगी हैं। जी हां, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्याज की औसत खुदरा कीमतों में इस सप्ताह मामूली गिरावट आई है। बीते सोमवार को यह 67 रुपये प्रति किलोग्राम थी। यह शुक्रवार को 63 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। सरकार को उम्मीद है कि अगले 1-2 सप्ताह में कीमतों में और गिरावट आएगी।

**प्याज क्यों होगी और सस्ती**

इस समय राजस्थान के अलवर इलाके में प्याज की फसल लगभग तैयार हो गई है। लेकिन इसे खेतों से उखाड़ने और उसकी कटाई के लिए अभी पर्याप्त मजदूर नहीं मिल रहे हैं। क्योंकि दिवाली-छठ के दौरान ये मजदूर बिहार और झारखंड चले गए थे। अब वे धीरे-धीरे वापस आ रहे हैं। इससे लोकल प्याज की सप्लाई बढ़ेगी।

**सरकारी प्याज की बढ़ रही है सप्लाई**

इस बीच, सरकारी सहकारी समितियों - नैफेड और एनसीसीएफ ने खुदरा और थोक बाजार में प्याज की सप्लाई बढ़ा दी है। सरकार ने इस साल पौने पांच लाख टन प्याज का बफर स्टॉक बनाया है।पहले सरकारी प्याज नासिक से ट्रक के जरिये दिल्ली लाया जाता था। एक ट्रक में अधिकतम 25 टन प्याज आता था। अब इसकी ढुलाई मालगाड़ियों से होने लगी है। इस वजह से एक ही मालगाड़ी से करीब 1400 टन प्याज दिल्ली आ जाता हे। पिछले सप्ताह दो मालगाड़ी प्याज दिल्ली पहुंची थी। एक मालगाड़ी और नासिक से रवाना हो रही है। आजादपुर मंडी में प्याज व्यापारी संघ के अध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा का कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी में प्याज की कीमतों में कमी आने में एक या दो महीने का समय लग सकता है। मिश्रा ने कहा, 'इस साल प्याज की कीमतें असामान्य रूप से ऊंची बनी हुई हैं। हालांकि पिछले महीने कीमतों में मामूली गिरावट आई थी, लेकिन कीमतें फिर से बढ़ गई हैं। हमें उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में खरीफ की फसल आने के साथ ही कीमतें कम होने लगेंगी।'

# अमित शाह का ऐलान- मुखिया का वेतन 5000 करेंगे

## बोले- सरायकेला खां चौक का नाम बदला तो हेमंत सोरेन के पेट में दर्द हो रहा



गिरिडीह, 16 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड में 20 नवंबर को होने वाले दूसरे और आखिरी फेज के चुनाव का प्रचार अंतिम दौर में है। शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुमका, मधुपुर और गिरिडीह के धनवार में जनसभा की। उन्होंने कहा- दिल्ली के सरायकाले खां चौक पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा लगाई, हेमंत सोरेन इसका विरोध कर रहे हैं। उनके पेट में दर्द हो रहा है।

उन्होंने कहा- वो (हेमंत) कहते हैं केवल प्रतिमा लगाने से क्या होगा। हम आज यहां हिसाब देने आए हैं। आदिवासी गौरव दिवस बनाने का काम हमारे नेता नरेंद्र मोदी ने किया। मोदी जी की अध्यक्षता में कमेटी बन रही है, जो आदिवासी गौरव वर्ष के रूप में बनाने का काम करेगी।

उन्होंने कहा- कांग्रेस की सरकार में जब आप झारखंड के लिए संघर्ष कर रहे थे तक आप पर लाठियां बरसाई गईं। कांग्रेस ने आपको आपका हक नहीं दिया। आज सत्ता के लिए उसी कांग्रेस और राजद की गोद में हेमंत सोरेन बैठ गए हैं। झारखंड को बनाने का काम बीजेपी के अटल बिहारी वाजपेयी ने किया और संवारने का काम नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

**हेमंत बाबू की उल्टी गिनती शुरू है**

गृह मंत्री ने कहा- बांग्लादेशियों को शह हेमंत सोरेन और उनकी सरकार दे रही है। हेमंत बाबू की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। आदिवासी बेटियों और ओबीसी भाईयों को कहा रहा हूं कि जिन्होंने जमीन ली है, उसे उलटा लटका कर सीधा कर देंगे। भ्रष्टाचार करने वाले नेता सोचते हैं इनका कुछ नहीं होगा। मैं कहता हूं- खैर मना लो 23 तारीख तक। इनसे एक-एक पाई उगलवार कर झारखंड की तिजोरी में वापस भरा जाएगा।

**मुखिया का वेतन पांच हजार करेंगे**

दुमका की रैली में शाह ने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा- राज्य में विस्थापित परिवारों का पुनर्वास सुनिश्चित किया जाएगा। हमारी सरकार आई तो मुखिया का वेतन पांच हजार करेंगे। हेमंत सरकार के सभी भ्रष्टाचारियों को जेल भेजेंगे। शाह ने कहा कि यूसीसी से आदिवासियों को कोई तकलीफ नहीं होगी। हमारी सरकार बहुत तरीके से इसे लागू करेगी। हमारे रहते हेमंत सोरेन को मुसलमानों को आरक्षण नहीं देने देंगे।

झारखंड समृद्ध है मगर झारखंडी गरीब। यहां कल कारखाने नहीं लगे। मोदी की गारंटी है कि इतने कल कारखाने लगेंगे कि युवाओं को राज्य में नौकरी मिलेगी। पलायन नहीं करना होगा। धनवार में गृहमंत्री ने कहा- यहां आकर लगा कि सभा करने की जरूरत नहीं है। लगाता है अभी चुनाव हो जाए तो सामने वालों की जमानत जब्त हो जाएगी। जब मैं इससे पहले झारखंड धाम आया था तब कहा था कि इसकी दशा और दिशा बदल दूंगा।

आज आपको बता देता हूं पीएम नरेंद्र मोदी ने 285 करोड़ रुपए झारखंड धाम के लिए अलॉट किया है। इसे अब डेवलप किया जाएगा। सावन में शिव कथा होगी। पंडाओं के लिए नए घर बनेगा। यहां पार्क भी बनाया जाएगा। शनिवार को गिरिडीह में अमित शाह की रैली से पहले भाजपा को बड़ी राहत मिली है। धनवार से निर्दलीय प्रत्याशी निरंजन राय मान गए हैं। उन्होंने शाह की रैली में मंच साझा किया और भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल मरांडी को समर्थन दिया। कहा- भाजपा के थे, हैं और रहेंगे।

# भाजपा को बड़ी राहत, मान गए निरंजन राय

## निशिकांत दुबे खुद कार ड्राइव कर अमित शाह के मंच पर ले गए, मरांडी को दिया समर्थन



गिरिडीह, 16 नवंबर (एजेंसियां)। गिरिडीह के धनवार विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी निरंजन राय मान गए। शनिवार को गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे खुद कार ड्राइव कर उनको गृह मंत्री अमित शाह की डोरंडा में होने वाली सभा में मंच पर ले गए। वहां उन्होंने बाबूलाल मरांडी को समर्थन दे दिया। शाह ने शॉल भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान निरंजन राय ने कहा- भाजपा के थे, हैं और रहेंगे। इससे पहले सुबह असम के मुख्यमंत्री और झारखंड चुनाव के सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा और गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने तिसरी स्थित आवास पर निरंजन राय से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने बंद कमरे में लगभग एक घंटे तक बात की। फिर दुबे और सरमा उन्हें अपने साथ हेलिकॉप्टर से लेकर निकल गए थे। धनवार विधानसभा सीट पूरे राज्य की सबसे हॉट सीट है। यहां से भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को उम्मीदवार बनाया है, लेकिन निर्दलीय प्रत्याशी निरंजन राय के मैदान में आने के बाद उनकी और पार्टी की बेचैनी बढ़ गई थी। राय को मनाने के लिए भाजपा लगातार प्रयास कर रही थी। अक्टूबर में निशिकांत दुबे उनको मनाने घर पहुंचे थे, लेकिन वे नहीं माने थे। इस बार दुबे करीब-करीब अपने अभियान में सफल होते दिख रहे हैं। मरांडी का यहां मुकाबला माले नेता सह पूर्व विधायक राजकुमार यादव और जेएमएम नेता सह पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी से है। राजधनवार विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी निरंजन राय के पास कुल 137.36 करोड़ रुपये की संपत्ति है। उनकी उम्र 45 साल है। वह साक्षर हैं। उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनकी सालाना आमदनी 15.05 करोड़ रुपए हैं। उनकी पत्नी की आमदनी 38.29 लाख और एचयूएफ की आमदनी 3.16 लाख रुपये हैं। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 में दाखिल किये गए आयकर रिटर्न में इसका उल्लेख किया है। उनके नाम पर कुल 130.80 करोड़ रुपए की चल व अचल संपत्ति है। वहीं, पत्नी के नाम पर कुल 6.11 करोड़ रुपये की संपत्ति है। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद गिरिडीह जिले की इस सीट पर भाजपा-जेवीएम का कब्जा रहा है। 2000 और 2005 में भाजपा के रवींद्र राय ने भाजपा की झोली में यह सीट डाली। 2009 में झाविमो के निजामुद्दीन अंसारी झाविमो के सिंबल पर जीते। 2014 में भाकपा माले के राजकुमार यादव ने जीत हासिल की थी। वर्तमान में बाबूलाल मरांडी यहां के विधायक हैं। वे जीते तो झाविमो के सिंबल पर थे, पर बाद में अपनी पार्टी का विलय भाजपा में कर दिया। फिर अध्यक्ष भी बने। इस बार भी भाजपा ने मरांडी पर ही दांव खेला है। जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी और सीपीआई-एमएल ने बाबूलाल मरांडी को घेरने की रणनीति तो बनाई है, मगर जेएमएम के साथ माले ने भी प्रत्याशी उतार दिया है। ऐसे में चुनाव रोमांचक हो गया है।

# रवीना टंडन पहुंची बाबा बैद्यनाथ धाम, फैंस की उमड़ी भीड़

## मंदिर में बेटी के साथ की पूजा-अर्चना, फोटो लेते दिखे लोग



देवघर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। बालीबुड की जानी-मानी अभिनेत्री रवीना टंडन शनिवार को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंची। उनके साथ उनकी बेटी राशा थंदानी भी थी। दोनों भगवान भोले नाथ की पूजा की।

इस दौरान रवीना के फैंस की मंदिर परिसर में काफी भीड़ जुट गई। सभी उनकी तस्वीर और खुद के साथ सेल्फी लेने की होड़ में दिखे।

मंदिर प्रबंधक रमेश परिहस्त ने विधि-विधान पूर्वक रवीना टंडन और उनकी बेटी को पूजा अर्चना करवाया। मंदिर परिसर में मां-बेटी की एक झलक पाने के लिए फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा अर्चना के बाद रवीना अपने होटल लौट गई।

शनिवार सुबह में रवीना टंडन बेटी के साथ फ्लाइट से मुंबई से देवघर पहुंची थी। पहले लोगों को लगा कि रवीना टंडन इलेक्शन कैंपेन में किसी पार्टी के लिए देवघर पहुंची है। लेकिन मंदिर में पूजा अर्चना के बाद रवीना सीधे होटल के लिए निकल गई।

# छेड़खानी का विरोध करने पर महिला का हाथ तोड़ा

## बचाने आई नानी पर धारदार हथियार से किया वार, सिर भी फोड़ा, आरोपी फरार

धनबाद, 16 नवंबर (एजेंसियां)। धनबाद में छेड़खानी का विरोध करने पर बदमाशों ने एक महिला की ऐसी पिटाई की कि उसका एक हाथ टूट गया। उसे बचाने आई उसकी नानी पर भी बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। इसमें वो गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

शोर सुन जब लोग जुटे तो बदमाश मौके से भाग निकले। घटना बीती रात जोड़ापोखर थाना क्षेत्र की है।

पीड़ित महिला ने बताया कि वो रात में शौच के लिए जा रही थी। इसी बीच पांच युवकों ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब महिला ने इसका विरोध किया तो उसकी पिटाई कर दी। इससे महिला का हाथ टूट गया। वो चीखने लगी तो महिला की नानी मौके पर पहुंची और छेड़खानी का विरोध किया। युवकों ने बुजुर्ग महिला पर धारदार हथियार से वार कर लहूलुहान कर दिया।

महिला के पैर पर कुल्हाड़ी से वार कर किया गया। साथ ही बदमाशों ने सिर फोड़ दिया। इसके बाद शोर सुनने के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद छेड़खानी कर रहे युवक भाग निकले। वहीं, घायल महिला ने समसेर आलम, हफीजुल, हुन्दा, मुन्ना, धरमिंदर पर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है।

महिला और उसकी नानी को चासनाला से धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी स्थिति गंभीर है। वहीं, पीड़ित परिवार वालों ने जोड़ापोखर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

# महादेव सट्टा ऐप केस, केके से जुड़े तार

रायपुर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। 15 करोड़ की ठगी के आरोपी केके श्रीवास्तव का कनेक्शन महादेव सट्टा ऐप से भी जुड़ रहा है। ईडी ने श्रीवास्तव के खिलाफ 50 करोड़ रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला का केस दर्ज किया है। केके ज्योतिष के नाम से भी जाने जाते हैं। बताया जा रहा है कि, कई बड़े नेता इनसे तांत्रिक पूजा भी करा चुके हैं।

केके श्रीवास्तव के खिलाफ कुछ दिन पहले ही ठगी की शिकायत भी हुई थी। स्मार्ट सिटी में 500 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट दिलाने का झांसा देकर बिल्डर से रुपए ऐंठने का आरोप है। अब प्रवर्तन निदेशालय को महादेव सट्टा ऐप से जुड़े लोगों से पैसे के लेन-देन की जानकारी मिली है। फिलहाल ईडी इसकी जांच कर रही है।

केके श्रीवास्तव को रावत एसोशिएट से जो फंड मिले वो एरोजेट इंटरप्राइजेज को भेजे गए थे। जो कोलकाता स्थित मजेस्टिक कॉमर्शियल से जुड़ा हुआ है और महादेव बैटिंग ऐप से भी संबंधित है। फॉरेंसिक ऑडिट में केके श्रीवास्तव के मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क में जुड़े होने की बात सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी महादेव सट्टा ऐप मामले जेल में बंद आरोपियों से भी केके श्रीवास्तव को लेकर पूछताछ कर सकती है।

# मौसम विभाग ने कड़ाके की ठंड का जारी किया अलर्ट



रायपुर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ मे मौसम का मिजाज बदलने वाला है। राज्य के कई इलाकों में ठंड ने दस्तक दे दी है। कोहरे का असर भी दिखाई देने लगा है। ड्राय हवाओं के कारण तापमान में गिरावट होने लगी है। सरगुजा संभाग में ठंड का असर सबसे ज्यादा दिख रहा है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार, छत्तीसगढ़ में अगले तीन से चार दिन मौसम ड्राई रहेगा। वहीं, शनिवार रात से तापमान में हल्की गिरावट का दौर शुरू होने की संभावना है जिस कारण से राज्य के मौमस में बदलाव देखने को मिलेगा। हालांकि राजधानी रायपुर में अभी भी गर्मी है। विभाग के अनुसार, सरगुजा संभाग में लगातार ड्राई हवाएं चल रही हैं जिस कारण से तापमान में गिरावट होने लगी है। गुरुवार को सबसे ठंडा अंबिकापुर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं सुकमा सबसे गर्म रहा। सुकमा जिले का तापमान 34.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रायपुर के मौसम में भी थोड़ा बदलाव हुआ है। यहां रात का तापमान सामान्य से एक डिग्री ज्यादा रहा। मौसम विभाग के अनुसार, नवंबर के दूसरे सप्ताह के बाद उत्तर से ठंडी हवाओं के आने का सिलसिला शुरू होगा। अभी तचापमान स्थिर है। तापमान में ज्यादा गिरावट और वृद्धि नहीं हो रही है। यही कारण है कि अभी ठंड नहीं पड़ रही है। आने वाले दिनों में राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के दूसरे जिलों में ठंड बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार, नवंबर लास्ट तक पूरे राज्य में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू होगा। सरगुजा संभाग के जिलों में बादल छंटने लगे हैं और मौसम साफ होने लगा है जिस कारण से तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो गया है। सरगुजा के मैनपाट में रात का टेंपरेचर 10 से 12 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। अब यहां दिन में भी हल्की ठंड महसूस हो रही है। ऊंचाई पर होने से यहां का तापमान मैदानी और शहरी इलाके से दो से तीन डिग्री हमेशा कम रहता है। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में ठंड का असर दिखाई देने लगा है।

# कार्टून में भरे 62 लाख रुपए चोरी

रायपुर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। रायपुर में एक घर से कार्टन में भरे 62 लाख रुपए चोरी हो गए। परिवार को पुश्तैनी जमीन बेचकर पैसे मिले थे, जो घर में पलंग के नीचे रखे थे। इसी दौरान किसी ने पैसे चुरा लिए। परिवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने 22 दिन तक एफआईआर दर्ज नहीं की। मामला मुजगहन थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के रवैया से परेशान पीड़ित परिवार ने छत्तीसगढ़ के डीजीपी अशोक जुनेजा से शिकायत की। बालमुकुंद सोनकर ने बताया कि उनके पिता कमलनारायण सोनकर 7 भाई हैं। मुजगहन थाना इलाके के रवेली गांव में उनकी 9 एकड़ जमीन है। इसी जमीन को बेचने के लिए करीब ढाई करोड़ में बेची।

बालमुकुंद ने इसमें से डेढ़ करोड़ के आसपास रुपए 2 कार्टून में और एक बैग में भरकर घर ले आया। उसने रकम को घर के बेडरूम में दीवान के अंदर रख दिया। 2 अक्टूबर को कर्ज चुकान और घरेलू खर्च के लिए जब पैसे निकाले। इस दौरान नोटों से भरे दो कार्टून रखे हुए थे। एक कार्टून में 62 लाख 61 हजार रुपए। दूसरे में 66 लाख रुपए थे।

23 अक्टूबर को घर की महिला ने साफ सफाई के लिए दीवान को खोलकर देखा। उसमें नोटों से भरा एक कार्टून गायब था। चोरी हुए कार्टून में 62 लाख 61 हजार रुपए थे, जिसके बाद परिवार के अन्य लोगों को जानकारी दी गई। बालमुकुंद ने अपने परिवार के सभी लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने पैसे नहीं निकालने की बात कही। बालमुकुंद ने इसके बाद पहली शिकायत 24 अक्टूबर को मुजगहन थाने में की। पुलिस ने वीआईपी ड्यूटी की बात कहते हुए टालमटोल कर दिया। बालमुकुंद तीन से चार बार थाने का चक्कर लगाया, लेकिन दीपावली, राज्योत्सव और केंद्रीय मंत्री की वीआईपी ड्यूटी के बहाने रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई।

# महतारी वंदन योजना की राशि में हो सकती है वृद्धि?

## महाराष्ट्र और एमपी के तर्ज पर पैसे देने की मांग



रायपुर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना की राशि में वृद्धि हो सकती है। छत्तीसगढ़ की सियासत में इस योजना को गेम चेंजर योजना माना जाता है। इस योजना के तहत राज्य की पात्र महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये देती है। छत्तीसगढ़ सरकार के अनुसार, हर महीने 70 लाख महिलाओं के खाते में पैसे ट्रांसफर किए जाते हैं। वहीं, अब इस योजना की राशि को बढ़ाने को लेकर सरकार से मांग की गई है।

**किसने की राशि बढ़ाने की मांग?**

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे ने महतारी वंदन योजना की राशि बढ़ाने की मांग सरकार से की है। जोगी कांग्रेस का कहना है कि महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश और झारखंड में महिलाओं को ज्यादा पैसे दिए जाते हैं। जबकि हमारे राज्य की बहनों को केवल एक हजार रुपये ही दिए जाते हैं। जोगी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लेटर किया है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश की महिलाओं को कम पैसे मिलना उनके साथ सौतेला व्यवहार है।

अमित जोगी ने सीएम को लिखे अपने लेटर में कहा कि आपसे निवेदन है कि छत्तीसगढ़ की आधी आबादी, नारी शक्ति को छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और झारखंड की तर्ज पर छत्तीसगढ़ की लाडली बहनों को महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली राशि 1000 रुपये को बढ़ाकर 500 रुपये किया जाए। बता दें कि छत्तीसगढ़ की महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने हाल ही में कहा था महतारी वंदन योजना के लिए फिर से पोर्टल खोला जाएगा। उन्होंने कहा था कि जो पात्र महिलाएं किसी कारण से इस योजना में शामिल नहीं हो पाईं थी उन्हें शामिल करने के लिए सरकार फिर से पोर्टल खोलेगी। हालांकि उन्होंने इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी थी कि फिर से रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल कब से खोला जाएगा।

बता दें कि छत्तीसगढ़ की मुख्य विपक्षी पार्टी राज्य में महतारी वंदन योजना को लेकर लगातार सवाल उठाती रही है। कांग्रेस का आरोप है कि नियम का हवाला देकर लाखों महिलाओं को योजना से बाहर कर दिया गया है।

# राजनीतिक घरानों के दबदबे की होगी परीक्षा

## गुरुजी के परिवार से सबसे ज्यादा उम्मीदवार मैदान में, 28 सीटों पर इंडिया-एनडीए में टक्कर



रांची, 16 नवंबर (एजेंसियां)। संथाल परगना और कोयलांचल में 20 नवंबर को 38 सीटों पर मतदान होगा। 28 सीटों पर एनडीए-इंडिया में सीधा मुकाबला है। पर, 10 सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति है। इस चुनाव में कई राजनीतिक घरानों के सदस्यों की अग्नि परीक्षा होगी। वहीं, शिबू सोरेन परिवार से बरहेट से बेटे हेमंत सोरेन और दुमका से बेटे बसंत सोरेन चुनाव लड़ रहे हैं। जामताड़ा से भाजपा के टिकट पर बड़ी बहू सीता सोरेन और गांडेय से हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन चुनाव मैदान में है।

दूसरे फेज की 38 सीटों में 18 कोयलांचल और 18 संथाल परगना में हैं। दो सीटें रांची संसदीय क्षेत्र में पड़ती हैं। इनमें 38 विधानसभा क्षेत्रों में पहले मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी से लेकर वर्तमान सीएम हेमंत सोरेन जैसे बड़े राजनेता मैदान में डटे हैं। साथ ही, 5 मंत्रियों ने फिर से अपना दावा पेश किया है। इन मंत्रियों में महगामा से दीपिका पांडेय सिंह, जामताड़ा से इरफान अंसारी, बरहेट से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, डुमरी से बेबी देवी औरर मधुपुर से हफीजुल हसन चुनाव मैदान में हैं। वहीं, दुमका से शिबू सोरेन के छोटे बेटे पूर्व मंत्री बसंत सोरेन चुनाव लड़ रहे हैं। रघुवर सरकार में मंत्री रहीं लुईस मरांडी जामा से झामुमो की टिकट पर लड़ रही हैं। शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन भी जामताड़ा से मैदान में हैं। सीता भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। इसके अलावा पूर्व डिप्टी सीएम स्टीफन मरांडी भी चुनाव मैदान में हैं।

# सीजी-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़, 5 नक्सली ढेर

## एक जवान की जांघ से आर-पार हुई गोली, एक के सिर पर लगी चोट, रायपुर एयरलिफ्ट किए गए



जगदलपुर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर की सरहद से लगे महाराष्ट्र बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने 5 नक्सलियों को मार गिराया है। इनमें 2 महिला और 3 पुरूष हैं। सभी के शव और ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद हुए हैं। कई नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है। वहीं दो जवान भी घायल हुए हैं, जिन्हें रायपुर एयरलिफ्ट किया गया है। डॉक्टर के मुताबिक, एक जवान की जांघ से गोली आर-पार हो गई है। वहीं दूसरे के सिर पर चोट लगी है। फिलहाल दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है।

कांकेर एसपी आईके एलिसेला ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। बस्तर के लगभग सभी जिलों के डीआरजी जवान और महाराष्ट्र के सी-60 कमांडोज ने नक्सल संगठन के सेंट्रल कमेटी मेंबर अभय को घेरने बड़ा ऑपरेशन लॉन्च किया है।

घायल डीआरजी ( डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) जवानों के नाम

1. खिलेश्वर गावड़े
2. हीरामन यादव

खिलेश्वर गावड़े के हाथ और सिर पर चोट के निशान हैं। हीरामन यादव के दोनों पैर पर जख्म हैं।

नारायणपुर और कांकेर से लगे उत्तरी अबूझमाड़ में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी, एसटीएफ, बीएसएफ की संयुक्त टीम को रवाना किया गया था। सुबह 8 बजे से यह मुठभेड़ शुरू हुई थी। कई घंटे रुक-रुककर फायरिंग हुई। वहीं नक्सली इस इलाके से महाराष्ट्र की ओर भाग न जाएं इसके लिए कांकेर जिले से लगे गढ़चिरौली इलाके में सी-60 कमांडो को तैनात किया गया था।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस को पुख्ता सूचना मिली थी कि कांकेर और नारायणपुर जिले की सरहद से लगे महाराष्ट्र बॉर्डर पर नक्सली लीडर अभय समेत बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसके बाद फोर्स को रवाना किया गया था। शनिवार सुबह अबूझमाड़ के जंगल में दोनों राज्यों की पुलिस फोर्स नक्सलियों के ठिकाने पर पहुंची तो नक्सलियों ने जवानों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

एक महीने पहले दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले के बॉर्डर 31 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया था। इसे प्रदेश का सबसे बड़ा एंटी नक्सल ऑपरेशन बताया गया। पुलिस ने 31 नक्सलियों के शव बरामद होने की पुष्टि भी की है।

ओरछा थाना इलाके के नेंदुर और थुलथुली गांव के बीच जंगल में 2 घंटे फायरिंग हुई। फायरिंग रुकने के बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। जवानों ने नक्सलियों के शव के साथ एके-47, एसएलआर जैसे हथियार बरामद किए हैं।

# अजय चंद्राकर बोले- टेस्टोस्टेरोन टेस्ट कराएं भूपेश बघेल

## पूर्व मंत्री ने कहा-मर्दों जैसी राजनीति करें, शराब ऐप पर पूर्व सीएम ने बोला- स्कूल बंद-स्कॉच शुरू



रायपुर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में शराब के सरकारी ऐप 'मनपसंद' लॉन्च के बाद से सियासी बयानबाजी तेज है। अब पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बीच सोशल मीडिया पर जंग छिड़ गई है। चंद्राकर ने यहां तक कह दिया कि, भूपेश बघेल मर्दों वाली राजनीति करें, नहीं तो अपना टेस्ट करवा लें।

सबसे पहले भूपेश बघेल ने अजय चंद्राकर के कुछ वीडियो शेयर किए। इसमें चंद्राकर असली शराब पीने की बातें कहते दिख रहे थे। अजय चंद्राकर ने इसे एडिटेड वीडियो बताया है। आबकारी विभाग ने मनपसंद ऐप जारी किया है। लोगों को इसमें शराब के पसंदीदा ब्रांड की खरीदारी में सहूलियत होगी। इसे लेकर अजय चंद्राकर ने कहा था कि इससे नकली शराब से लोग बचेंगे। भूपेश बघेल ने यही वीडियो पोस्ट किया और बीजेपी के नारे पर तंज कसते हुए लिखा कि, हमने बनाया है, हम ही पिलाएंगे। बघेल की पोस्ट के बाद चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस शासन में अवैध शराब का गोरखधंधा हुआ। किनके खास आदमी कौन-कौन सी जेल में है अभी? इस बारे में तत्कालीन मुख्यमंत्री का स्पष्टिकरण आना चाहिए। पिछली कांग्रेस सरकार शराबी सरकार थी। सोशल मीडिया वार के बीजेपी प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा- बघेल को कम-से-कम अपना गिरेबां तो झांक लेना था। हजारों करोड़ रुपए के घोटाले करने वाली कांग्रेस सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को ऐसी ओछी टिप्पणियां करने पर शर्म महसूस करनी चाहिए। आगे कहा कि, कांग्रेस के शासनकाल में शराब के दो काउंटर चलते थे, एक वैध और दूसरा अवैध। यह सब करके कांग्रेस की भूपेश सरकार सरकारी खजाने तक को लूटकर गई। अब भारतीय जनता पार्टी चाहती है कि सबकुछ वैध हो, पारदर्शी हो, ऑनलाइन हो और किसी भी प्रकार से राजस्व की हानि न हो। इस नेक इरादे से शुरू किए गए ऐप पर बघेल आज प्रलाप कर रहे हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि, जब एक तरफ कोरोना के चलते लोग मर रहे थे, जब जनता को दवा की जरूरत थी, तब बघेल ऐप लॉन्च कर घर-घर शराब पहुंचा रहे थे। गंगाजल की सौगंध खाकर शराबबंदी का वादा किया और उससे मुकर गए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकारी दफ्तर में काम-काज की मॉनिटरिंग का कोई ऐप नहीं है लेकिन शराब की ब्रांड के लिए सरकार ने ऐप बना लिया है।

# खालिस्तानी आतंकी डल्ला के प्रत्यर्पण पर बोलीं कनाडाई विदेश मंत्री

## इस बारे में कुछ नहीं जानती, भारतीय राजनयिकों से बात करूंगी

ओटावा, 16 नवंबर (एजेंसियां)। खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला के प्रत्यर्पण के मामले पर कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। पेरू में 15 नवंबर को एक मीटिंग के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए जोली ने कहा कि वह चल रही जांच पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगी। मेलानी ने कहा कि आप किस बारे में बात कर रहीं है, इसकी उन्हें विशेष जानकारी नहीं हैं, लेकिन अगर गिरफ्तारी को लेकर कोई पूछताछ होती है तो वे भारतीय राजनयिकों से बातचीत करेंगी। इसके अलावा विदेश मंत्रालय स्तर पर बातचीत जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि वे भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ भी संपर्क में थी। गौरतलब है कि खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला भारत में वांटेड है। कनाडा की पुलिस ने डल्ला को 28 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। उसकी गिरफ्तारी के बाद भारत के



विदेश मंत्रालय ने कहा था कि खालिस्तानी आतंकी के भारत प्रत्यर्पण की मांग की जाएगी। मंत्रालय ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि कनाडा उसे भारत को सौंपेगा। भारत 2023 में भी डल्ला की गिरफ्तारी को लेकर कनाडा से मांग कर चुका है। लेकिन कनाडा सरकार ने उस समय इसको खारिज कर दिया था। भारत ने जनवरी 2023 में कनाडा को डल्ला के संदिग्ध पते, भारत में उसके ट्रांजेक्शन, उसकी संपत्तियों और मोबाइल नंबरों की जानकारी दी थी। भारत ने एमएलएटी संधि (पारस्परिक कानूनी सहायता संधि) के तहत कनाडा से इन जानकारियों को वेरीफाई करने के लिए कहा था। दिसंबर 2023 में, कनाडा के न्याय विभाग ने इस मामले पर भारत से अतिरिक्त जानकारी मांगी थी। भारत ने इसका जवाब इस मार्च में दिया था। अर्श खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर का करीबी है और भारत में इस पर 50 से ज्यादा मामले चल रहे हैं। इनमें हत्या, हत्या की कोशिश, जबरन वसूली, आतंकी गतिविधियां और टेरर फंडिंग शामिल है। मई 2022 में भारत सरकार ने अर्श डल्ला के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। इसके बाद साल 2023 में उसे आतंकी घोषित कर दिया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए अर्श पंजाब से फरार होकर कनाडा चला गया और वहीं से अपनी गतिविधियों को अंजाम देने लगा।

# हमास और हिजबुल्लाह के बाद अब दमिश्क पर इजरायल ने बोला भीषण हमला

## ईरानी ऑक्टोपस की एक-एक बांह काटने का प्लान

दमिश्क, 16 नवंबर (एजेंसियां)। गाजा में हमास और लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ बड़े अभियान के बाद इजरायल ने अब एक और मुस्लिम देश के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इजरायली वायु सेना ने ईरान और उसके प्रॉक्सी चरमपंथी संगठनों का गढ़ बने सीरिया में अपने हमले तेज कर दिए हैं। इजरायल इन्हें ईरानी ऑक्टोपस कहता है, जो यहूदी देश को चारों तरफ से घेर रहे हैं। इजरायली मीडिया रिपोर्ट से पता चलता है कि हाल के दिनों में इन हमलों में वृद्धि हुई है। शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन इजरायल ने सीरिया की राजधानी दमिश्क के मेजेह पर हमला किया। इसके पहले गुरुवार को इजरायली सेना ने मेजह और कादिसियाह पर हमला किया था, जिसमें 15 लोग मारे गए थे। रायटर्स की रिपोर्ट के




अनुसार, दमिश्क के इन इलाकों में पहले हमास और इस्लामिक जिहाद के आतंकियों के निवास हुआ करते थे। अब इनका इस्तेमाल ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड और हिजबुल्लाह के प्रतिनिधि करते हैं। इजरायल ने कहा है कि उसने गुरुवार को सैन्य ठिकानों और इस्लामिक जिहाद के मुख्यालय को निशाना बनाया। हालांकि, उसने अभी तक शुक्रवार को हुए हमले पर कोई टिप्पणी नहीं है। इजरायल इन हमलों में ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड और तेहरान के प्रॉक्सी चरमपंथी गुटों के नेताओं को निशाना बना रहा है। आईडीएफ ने एक दिन पहले ही ऐलान किया था कि उसने सीरिया-लेबनान सीमा पर सीरियाई क्रॉसिंग पर हमला किया था। इस क्रॉसिंग का इस्तेमाल हिजबुल्लाह को हथियार भेजने के लिए किया जाता था। आईडीएफ ने बताया कि क्रॉसिंग पर हमले ने हिजबुल्लाह की यूनिट 4400 की क्षमता को नुकसान पहुंचाया है।

# ट्रम्प ने 27 साल की कैरोलिन को प्रेस सेक्रेटरी बनाया

## पद संभालने वाली सबसे युवा, ट्रम्प के कैंपेन में नेशनल प्रेस सेक्रेटरी थीं

वॉशिंगटन, 16 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल के लिए टीम तैयार कर रहे हैं। उन्होंने शनिवार को 27 साल की कैरोलिन लेविट को व्हाइट हाउस प्रेस सेक्रेटरी पद के लिए चुना। कैरोलिन यह पद संभालने वाली सबसे युवा सेक्रेटरी होंगी। इससे पहले 1969 में प्रेसिडेंट रिचर्ड निक्सन ने 29 साल के रोनाल्ड जिग्लर को प्रेस सेक्रेटरी बनाया था। कैरोलिन हाल ही में हुए राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प के कैंपेन की नेशनल प्रेस सेक्रेटरी भी थीं। इसके अलावा उन्होंने ट्रम्प के पिछले कार्यकाल (2017-21) में असिस्टेंट प्रेस सेक्रेटरी का पद भी संभाला था। कैरोलिन लेविट अमेरिका के न्यू हैम्पशायर की रहने वाली हैं। वे व्हाइट हाउस में इंटर्नशिप कर चुकी हैं। ट्रम्प के 2020 राष्ट्रपति चुनाव हारने के



बाद कैरोलिन रिपब्लिकन पॉलिटिशियन एलिस स्टेफनिक के लिए कम्युनिकेशन डायरेक्टर बनी थी। स्टेफनिक को ट्रम्प ने अब यूएन में राजदूत बनाया है। कैरोलिन ने 2022 में न्यू हैम्पशायर से हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव के लिए चुनाव लड़ा। हालांकि जनरल इलेक्शन में डेमोक्रेटिक पार्टी के क्रिस पप्पास से उन्हें हार मिली। इसके बाद वे ट्रम्प के इस साल के राष्ट्रपति चुनाव के कैंपेन का हिस्सा बनीं। फिलहाल कैरोलिन लेविट राष्ट्रपति ट्रम्प की ट्रांजिशन टीम की चीफ स्पोक्सपर्सन हैं।

# अमेरिका में सरकारी नौकरियों में बड़े पैमाने पर कटौती के संकेत

## विवेक रामास्वामी ने बताई सरकार की योजना

वॉशिंगटन, 16 नवंबर (एजेंसियां)। उद्यमी से नेता बने विवेक रामास्वामी, जिन्हें टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के साथ 'डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी' (डीओजीई) का प्रभारी बनाया गया है, ने अमेरिका में संघीय सरकारी नौकरियों में बड़े पैमाने पर कटौती के संकेत दिए हैं।

विवेक रामास्वामी ने फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में एक कार्यक्रम में कहा, एलन मस्क और मैं लाखों अप्रयुक्त सरकारी कर्मचारियों को वॉशिंगटन डीसी की नौकरशाही से हटाने की स्थिति में हैं। इसी तरह हम इस देश को बचाने जा रहे हैं। उन्होंने एलन मस्क की कार्यशैली पर कहा, अगर आप एलन को जानते हैं, तो आप जानते होंगे कि वह छेनी लेकर नहीं आते, वह आरी लेकर आते हैं। हम इस



नौकरशाही को हटाने जा रहे हैं, और यह काफी मजेदार होगा।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में हमें यह महसूस कराया गया है कि अमेरिका एक गिरावट की ओर बढ़ रहा है, जैसे प्राचीन रोम साम्राज्य के आखिरी दिन। लेकिन वह मानते हैं कि अमेरिका के अच्छे दिन अभी बाकी हैं। उन्होंने कहा, हम एक ऐसे देश का निर्माण करेंगे, जहां हमारे बच्चे यह महसूस करेंगे कि मेहनत, प्रतिबद्धता और लगन से ही सफलता मिलेगी। यहां हर किसी को अपनी बात कहने की आजादी होगी और सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति को उनकी योग्यता के आधार पर काम मिलेगा, रंग या पृष्ठभूमि के आधार पर नहीं।

**हर हफ्ते एक लाइव स्ट्रीम करेंगे मस्क और रामास्वामी**

एलन मस्क और विवेक रामास्वामी ने यह भी घोषणा की कि वे हर हफ्ते एक लाइव स्ट्रीम करेंगे, जिसे 'डोजकास्ट' कहा जाएगा, ताकि जनता को उनके विभाग की प्रगति के बारे में जानकारी मिल सके। विवेक रामास्वामी ने कहा, डीओजीई का उद्देश्य सरकार के आकार को छोटा करना और इसे पारदर्शी बनाना है।

उन्होंने कहा कि नौकरशाही के कारण नवाचार कम होता है और लागत बढ़ती है।

# भारत को 1400 से अधिक प्राचीन नायाब वस्तुएं लौटाएगा अमेरिका

वॉशिंगटन, 16 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के मैनहट्टन जिला अटॉर्नी एल्विन एल. ब्रैग जूनियर ने एक बयान जारी कर बताया कि 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य की कम से कम 1,440 प्राचीन धरोहर भारत को लौटाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आपराधिक तस्करी नेटवर्क में चल रही कई जांचों के तहत इस धरोहरों को बरामद किया गया। तस्कर सुभाष कपूर और दोषी तस्कर नैन्सी वीनर से बरामद धरोहरों को भारत के महावाणिज्य दूतावास के मनीष कुल्हारी और होमलैंड के समूह पर्यवेक्षक एलेक्जेंड्रा डीअर्मास के साथ एक समारोह में लौटाया गया।

ब्रैग ने भारत के लोगों को सामूहित रूप से 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य की कम से कम 1,440 प्राचीन धरोहरों को लौटाने की घोषणा की। उन्होंने बयान में कहा, हम भारतीय सांस्कृतिक विरासत को निशाना बनाने वाले कई तस्करी नेटवर्कों की जांच करना जारी रखेंगे। इन प्राचीन धरोहरों में मध्य प्रदेश के एक मंदिर से लूटी गई एक दिव्य नर्तकी को दर्शाती बलुआ पत्थर की मूर्ति, हरे-भूरे रंग की शिस्ट से बनाई गई तनेसर मातृ देवी और राजस्थान के तनेसरा-महादेव गांव से लूटी गई मूर्ति शामिल है।

बयान में बताया गया कि ब्रैग के कार्यकाल में डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी की तस्करी इकाई ने 30 से अधिक देशों से चुराई गई 2,100 से अधिक प्राचीन धरोहरों को बरामद किया। इसकी कुल कीमत लगभग 230 मिलियन अमेरिकी डॉलर बताई गई है। बयान में कहा गया कि भारत से लूटी गई और इस साल की शुरुआत में बरामद की गई 600 से अधिक धरोहरों समेत लगभग एक हजार प्राचीन धरोहरों को आने वाले दिनों में वापस भेजा जाएगा।

# भारत ने ईरान में चाबहार प्लान से एक तीर से किए कई शिकार

## तालिबानी खुश तो दुश्मनों से घिरे इस भारतीय दोस्त की बल्ले-बल्ले

तेहरान, 16 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के प्रतिबंधों के बाद भी भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह को लेकर करीबी बढ़ती जा रही है। कुछ महीने पहले ही भारत ने ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह को लेकर 37 करोड़ डॉलर का समझौता किया था। भारत ने इस पोर्ट के लिए विशाल क्रेनों की भी आपूर्ति कर दी है जिससे इस पोर्ट का संचालन शुरू हो गया है। इस ईरानी पोर्ट के शुरू होने से भारत के दुश्मन पाकिस्तान को दोहरा झटका लगा है। अब पाकिस्तान के कराची बंदरगाह पर बुरी तरह से निर्भर अफगानिस्तान को बड़ी राहत मिली है। वहीं एक अन्य देश है जो भारत का करीबी दोस्त है और जिसे इस बंदरगाह से बहुत फायदा होने जा रहा है। इस देश का नाम आर्मेनिया है और यह पाकिस्तानी दोस्त अजरबैजान के भीषण हमले के डर में जी रहा है।

अफगानिस्तान में तालिबान राज आने के बाद पाकिस्तानी उन्हें ब्लैकमेल करने के लिए कराची से व्यापार को बंद करने की धमकी देते थे। यही नहीं पाकिस्तान ने जमीन से चौतरफा घिरे अफगानिस्तान के लिए व्यापार शुल्क भी बढ़ा दिया था। इसे निपटने के लिए तालिबानी भारत की शरण में आ गए और अब आलम यह है कि तालिबान सरकार ईरान के चाबहार बंदरगाह प्राजेक्ट में बड़ा निवेश करने जा रही है। इससे तालिबान की पाकिस्तान पर से निर्भरता काफी कम हो जाएगी। इससे जहां भारत और ईरान दोनों को बड़ा फायदा होगा, वहीं पाकिस्तान को न केवल पैसे से घाटा होगा बल्कि हजारों पाकिस्तानियों की नौकरी भी चली जाएगी। भारत ईरान के चाबहार पोर्ट के जरिए न केवल मध्य एशिया के देशों बल्कि रूस से सीधे जुड़ गया है। अंतरराष्ट्रीय नार्थ साऊथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर रूस के मास्को शहर को सीधे अब भारत के मुंबई बंदरगाह से जोड़ रहा है। इससे न केवल समय बच रहा है बल्कि पैसा भी कम लग रहा है। इस कॉरिडोर के शुरू होने के बाद अब व्यापार में तेजी आ रही है और आने वाले कुछ वर्षों में यह पूरा इलाका बदल सकता है। भारत को उम्मीद है कि इस पोर्ट से वह न केवल विभिन्न ताकतों के बीच तनाव कम होगा। वहीं इससे पाकिस्तान और चीन के ग्वादर पोर्ट के प्लान को जवाब दिया जा सकेगा। चाबहार पोर्ट भारत के रूस के बीच 7200 किमी लंबे आईएनएसटी कॉरिडोर को कनेक्ट करेगा। इसको लेकर रूस, ईरान और भारत ने साल 2000 में एक समझौता किया था।

अब इसमें तुर्की, अजरबैजान, कजाखस्तान, आर्मेनिया, बेलारूस, ताजिकिस्तान, किर्गिस्तान, ओमान, यूक्रेन और सीरिया भी शामिल हो गए हैं।

# पाकिस्तान की काली करतूत का पर्दाफाश

## पार्क में कसरत करते मुंबई हमले के मास्टरमाइंड का वीडियो वायरल

इस्लामाबाद, 16 नवंबर (एजेंसियां)। मुंबई आतंकी हमलों का मास्टरमाइंड और लश्कर-ए-तैयबा का ऑपरेशन कमांडर जकी-उर-रहमान लखवी पाकिस्तान में खुलेआम घूम रहा है। सोशल मीडिया पर उसके कई वीडियो वायरल हुए है, जिसमें एक वीडियो में वो एक पार्क में आसानी से जिम सेशन में हिस्सा ले रहा है। हालांकि, वीडियो की सही जगह और तारीख के बारे में अभी तक स्पष्ट नहीं है। वहीं जकी-उर-रहमान लखवी को लेकर कई मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया गया है कि उसने अपना लुक बदल लिया है। इससे पहले आतंकी जकी-उर-रहमान लखवी को इस्लामाबाद कोर्ट में देखा गया था, तब उसे लंबी दाढ़ी में देखा गया था। इससे ऐसा माना जा रहा है कि संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका की ओर से आतंकी घोषित लखवी कथित तौर पर पाकिस्तान की जेल से बाहर है। दरअसल करीब तीन साल पहले



उसे लाहौर की एक आतंकवाद-रोधी अदालत ने साल 2021 में आतंकी वित्तपोषण मामले में पांच साल जेल की सजा सुनाई थी और उस पर जुर्माना भी लगाया था। भारत और अमेरिका ने लखवी पर 2008 के मुंबई आतंकी हमले की साजिश रचने का आरोप लगाया था। इस हमले में कम से कम 160 लोग मारे गए थे। हालांकि, पाकिस्तान ने लंबे समय तक लखवी की मुंबई हमलों में संलिप्तता से इनकार किया था। लेकिन वित्तीय संकट और फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे-लिस्ट में शामिल होने के बाद पाकिस्तान को उसे मजबूरन जेल भेजना पड़ा था।

# 26 अक्तूबर के इजरायली हमले में तबाह हुआ ईरान का परमाणु केंद्र?

## मीडिया रिपोर्ट्स में चौंकाने वाला दावा

तेल अवीव, 16 नवंबर (एजेंसियां)। इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हवाई हमले को कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब इस हमले को लेकर चौंकाने वाला दावा किया गया है। दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इजरायली हवाई हमले में ईरान के खुफिया परमाणु केंद्र तबाह हुआ है। इससे ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बड़ा झटका लगा है।

**ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लगा बड़ा झटका**

मीडिया रिपोर्ट्स में अमेरिका के तीन और इजरायल के दो शीर्ष अधिकारियों के हवाले से यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायली हवाई हमले में ईरान का एक सक्रिय परमाणु विकास केंद्र तबाह हुआ है। यह परमाणु केंद्र ईरान के पारचिन इलाके में स्थित था। ईरान द्वारा लगातार अपने परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन अगर रिपोर्ट्स में किया गया दावा सही है तो



फिर यह ईरान के परमाणु कार्यक्रम के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है। इजरायली सेना ने हवाई हमले में ईरानी सेना के एक परिसर को निशाना बनाया था। इस परिसर में कथित तौर पर ईरान द्वारा सैन्य उद्देश्य से परमाणु कार्यक्रम चलाया जा रहा था।


हालांकि यह कार्यक्रम खुफिया तौर पर संचालित हो रहा था क्योंकि ईरान की सरकार इसे नागरिक परमाणु केंद्र के तौर पर दर्शाया था। उल्लेखनीय है कि ईरान के हमले के जवाब में इजरायली सेना ने बीती 26 अक्तूबर को ईरान पर हवाई हमला किया था। इस हमले में ईरान को भारी नुकसान हुआ और उसका अंतरिक्ष केंद्र भी तबाह हुआ था। इजरायली हवाई हमले में चार ईरानी सैनिकों की मौत होने का दावा किया गया था। हमले में ईरान की मिसाइल निर्माण इकाइयों को भी नुकसान हुआ। हालांकि, ईरान ने हमले से होने वाले नुकसान को मामूली बताया था।

अमेरिका ने इजरायल के हवाई हमले को आत्मरक्षा करार दिया था और जवाबी कार्रवाई के लिए ईरान को धमकी दी थी।

# इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में आईं दरारें?

## 50 लीकेज से खतरे में सुनीता विलियम्स समेत कई अंतरिक्षयात्री

वॉशिंगटन, 16 नवंबर (एजेंसियां)। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में पिछले पांच वर्षों से हल्का लीकेज जारी था, इसे लेकर अब नासा चिंता में आ गया है। उन्हें कम से कम 50 जगहों पर लीकेज होने की जानकारी मिली। इसके साथ ही आईएसएस में दरारें भी हैं। नासा की एक रिपोर्ट लीक होने के बाद आईएसएस पर खतरा मंडराने का खुलासा हुआ। इसके साथ ही सुनीता विलियम्स समेत अन्य अंतरिक्षयात्रियों की जान पर भी खतरा मंडराने लगा है। रूस की तरफ से आईएसएस में माइक्रो वाइब्रेशन का भी दावा किया गया है। नासा ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि स्पेस स्टेशन में बड़ी मात्रा में हवा निकल रही है और यहां लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है। बता दें कि स्पेस स्टेशन पर मौजूद यवेज्दा मॉड्यूल से सबसे पहले लीकेज शुरू हुई थी। यह डॉकिंग पोर्ट तक जाने के लिए एक सुरंग है। इसका कंट्रोल



रूप के पास है। इस लीकेज की वजह क्या है, इसे लेकर नासा और रूसी एजेंसी रॉसकोमोस के बीच सहमति नहीं बन पाई है। नासा के अंतरिक्षयात्री बॉब कैबाना ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में लीकेज को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि लीकेज को रोकने के लिए ऑपरेशन चलाने से कुछ समय के लिए राहत मिल सकता है, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है।

अमेरिका ने इसे असुरक्षित बताया है। सबसे पहले लीकेज का पता 2019 में चला था। इसके बाद अप्रैल 2024 से रोज 1.7 किलो हवा लीक होने लगी है। आईएसएस में कम से कम सात से 10 अंतरिक्षयात्री रहते हैं। हालांकि, रूसी इंजीनियरों के माइक्रो वाइब्रेशन का दावा करने के बाद इस खतरे का समाधान निकालने के लिए नासा ने कदम उठाया है। यहां मौजूद अंतरिक्षयात्रियों को भी सावधान रहने की सलाह दी गई है। रूसी टीम भी इसके समाधान पर काम कर रही है।

# राष्ट्रपति दिसानायके की पार्टी की एकतरफा जीत

## सोमवार को नियुक्त करेंगे नए पीएम और मंत्रिमंडल

कोलंबो, 16 नवंबर (एजेंसियां)। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की पार्टी ने श्रीलंका में एकतरफा जीत हासिल की है। राष्ट्रपति दिसानायके सोमवार को देश के नए प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल की नियुक्ति करेंगे। उनकी पार्टी नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) ने शुक्रवार को संसदीय चुनाव में रिकॉर्ड जीत हासिल की। एनपीपी ने शुक्रवार को संसदीय चुनाव में जीत दर्ज करते हुए संसद में दो तिहाई (159) बहुमत हासिल कर लिया और देश के तमिल अल्पसंख्यकों के गढ़ जाफना निर्वाचन क्षेत्र में भी अपना प्रभुत्व स्थापित कर दिया। पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता तिल्विन सिल्वा ने संवाददाताओं से कहा, हम सोमवार को मंत्रिमंडल की नियुक्ति करेंगे।

# चीन को जमीन से समंदर तक नाकाम करेगा टीयू-160

## भारत को क्यों लेना चाहिए रूसी परमाणु बॉम्बर, विशेषज्ञ ने बताई ताकत

मॉस्को, 16 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के पुराने दोस्त रूस ने अपना सबसे शक्तिशाली बमवर्षक टीयू-160 ब्लैकजैक स्ट्रैटेजिक बॉम्बर देने की पेशकश की है। ये एक लंबी दूरी का बमवर्षक है, जो पारंपरिक और परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। इसे दुनिया के सबसे बड़े और भारी बॉम्बर कहा जाता है। भारत के लड़ाकू बेड़े में अभी कोई बमवर्षक विमान नहीं है। विशेषज्ञों का मानना है कि टीयू-160 के आने के भारत की आक्रमण क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। यही वजह है कि रूस के ऑफर के बाद भारतीय रक्षा हलके में इसे लेकर चर्चा तेज हो गई है कि भारत को इस पेशकश को कैसे देखना चाहिए।

रक्षा विशेषज्ञ वाट्सरोहित ने हाल ही में भारत के लड़ाकू बेड़े में टीयू-160 बेड़े में शामिल करने के फायदे और इसकी चुनौतियां पर अपनी राय रखी है। वॉट्सरोहित ने रेंज और पेलोड क्षमता को देखते हुए 10-12 सुपरसोनिक लड़ाकू विमानों की भविष्य में तैनाती को जबर्दस्त बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्फ एक्स पर उन्होंने लिखा कि विशाल रेंज और भारी पेलोड क्षमता के चलते टीयू-160 एक बहुमुखी मिसाइल ट्रक की तरह काम कर सकता है। उन्होंने बताया कि भारत के 10 से 12 टीयू-160 बमवर्षक रखना बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है। टीयू-160 बिना दोबारा ईंधन भरे एक बार में 12000 किलोमीटर की दूरी तय कर सकती है। इस रेंज के साथ यह भारत के विभिन्न लॉन्च पॉइंट से चीन के किसी भी शहर को निशाना बना सकता है। हालांकि, उन्होंने नोट किया कि इसका उपयोग केवल उन मिसाइलों तक सीमित है, जो यह ले जाने में सक्षम है। जमीन के साथ ही यह समुद्र में भी बहुत काम का है। इन बमवर्षकों का एक अन्य उपयोग हिंद महासागर में चीनी बेड़े को रोकने के लिए इस्तेमाल करने में हो सकता है। इसकी जबर्दस्त रेंज और हथियार ले जाने की क्षमता को देखते हुए चीनी बेड़े को हिंद महासागर क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही लंबी दूरी की मिसाइलों के जरिए निशाना बनाया जा सकता है। जबकि सुखोई-30एस से इसी काम को करने के लिए कई बार हवा में ईंधन भरने की जरूरत होगी। भारत के लड़ाकू हवाई बेड़े में रूसी सुपरसोनिक बॉम्बर को शामिल करने का विचार आकर्षक तो है, लेकिन यह महंगी कीमत के साथ आता है। एक टीयू-160 बॉम्बर की अनुमानित कीमत 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर से कम नहीं होगी। ऐसे में 12 बमवर्षक की फ्लीट रखने में 3 अरब डॉलर की लागत आएगी। भारतीय मुद्रा में यह कीमत लगभग 2,53,43,31,74,700 रुपये होगी। इसमें विमान का ऑपरेशनल और लंबे समय तक रखरखाव पर होने वाला खर्च शामिल नहीं है। आईडीआरडब्ल्यू की रिपोर्ट के अनुसार, टीयूवी-4 टर्बो इंजन वाला बड़ा विमान है और एक घंटे में 12000 लीटर ईंधन की खपत करता है।

# पाकिस्तानी सेना फेल, भारी दबाव में आए शी जिनपिंग, पाकिस्तान में तैनात कर सकते हैं चीनी आर्मी

इस्लामाबाद, 16 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान और चीन के बीच बलूचों के हमलों को लेकर तनाव बढ़ता जा रहा है। बलूच वद्रिोही चाइना पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर (सीपीईसी) को बनाने में लगे चीनी इंजीनियरों पर लगातार खूनी हमले कर रहे हैं। यही नहीं चीनी बिजनसमैन को भी पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के अंदर नशिाना बनाया जा रहा है। इससे उनके अंदर दहशत का माहौल है। चीनियों ने साफ तौर पर शी जिनपिंग की सरकार को बोल दिया है कि उन्हें सुरक्षा के लिए अब पाकिस्तानी सैनिकों पर भरोसा नहीं है। हम चीनी सैनिकों को प्राथमिकता देंगे। इन हमलों की वजह से कई चीनी बिजनसमैन पाकिस्तान छोड़ना चाहते हैं और उन्हें पाकिस्तान के अंदर अपना कोई भविष्य नहीं दिख रहा है। इससे राष्ट्रपति जिनपिंग अब चीनी सेना को तैनात करने को लेकर भारी दबाव में हैं। चीन अगर पाकिस्तान में सेना को तैनात करता है तो इसका पाकिस्तान और भारत पर क्या असर होगा? चीन सरकार पर यह दबाव तब बढ़ गया है जब पिछले महीने दोनों चीनी इंजीनियरों की बलूचों के हमले में मौत हो गई। चीन ने सीपीईसी परियोजना पर अब तक 62 अरब डॉलर का निवेश किया है। सीपीईसी चीन के बीआरआई के सबसे बड़े प्राजेक्ट में से एक है। बीआरआई चीनी राष्ट्रपति का ड्रीम प्राजेक्ट है और सीपीईसी को इसका मुखौटा करार दिया जाता है। चीन के इस प्राजेक्ट का बलूचस्तिान में कड़ा विरोध हो रहा है और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने चीनी लोगों को वापस जाने के लिए अल्टीमेटम दे रखा है। चीनी निवेशकों को अब तक पाकिस्तानी सेना और चीन की निजी सुरक्षा एजेंसियों से सुरक्षा मिली हुई है। हालांकि बाद में पाकिस्तान ने विदेशी सुरक्षा एजेंसियों पर प्रतिबंध लगा दिया। बीआरआई मामलों के विशेषज्ञ अलेसांद्रो अरदुइनो ने फाइनेंशियल टाइम्स से कहा कि मैं समझता हूं कि यह मुद्दा अब अहम मोड़ पर पहुंच चुका है और सुरक्षा मुहैया कराने के मुद्दे पर चीन पाकिस्तान से और ज्यादा डिमांड कर रहा है। पाकिस्तान में चीनी सुरक्षा एजेंसियां करेंगी, वह पूरी दुनिया के लिए एक लिटमस टेस्ट होगा। इससे पता चलेगा कि चीन अपने नागरिकों की पूरी दुनिया में कैसे सुरक्षा करेगा। पाकिस्तानी सेना ने चीनियों की सुरक्षा के लिए करीब 15 हजार जवानों को तैनात किया है, इसके अलावा एक नौसैनिक यूनिट को ग्वादर में रखा है जहां चीन नौसैनिक अड्डा बना रहा है।

## भारत को कितना खतरा?



# सीएम भजनलाल का बड़ा ऐलान
# 6019 गांवों में बहेगी विकास की बयार



बांसवाड़ा, 16 नवंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्यस्तरीय जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम में कहा कि राज्य सरकार जनजाति क्षेत्र के विकास के लिए तेजी से काम कर रही है। वागड़ के आदिवासी बलिदानियों का योगदान इतिहास व संस्कृति में महत्वपूर्ण है। सरकार इस क्षेत्र के विकास में कसर नहीं छोड़ेगी। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान में राज्य के 6019 गांवों को विकास के लिए चुना गया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि जनजातीय गौरव दिवस देश के स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र निर्माण में आदिवासी समुदायों के योगदान को स्मरण करने का अवसर है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जनजाति समाज की विशिष्ट प्रतिभाओं को समानित किया। सीएम ने राजीविका सखियों इंदिरा कटारा और कमला कटारा को 114 करोड़ रुपए का चेक सौंपा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गोविन्द गुरु जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजना का शुभारंभ किया। 15 नवबर से 26 नवबर तक प्रदेश में जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया ने राजस्थान में 'कोटे में कोटा' आरक्षण मुद्दे को उठाया, हालांकि मुख्यमंत्री ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी। मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के तहत पुणे में राजस्थानी समाज समेलन को संबोधित किया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस व उसके सहयोगी झूठ व लूट की बात करते हैं। यह महाअघाड़ी गठबंधन नहीं, बल्कि ठगबंधन है, सिने जनता को ठगा है।

# भाजपा के कुछ जिलाध्यक्षों की होगी छुट्टी!
## बीजेपी प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास ने दिया बड़ा बयान



जयपुर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में भाजपा सदस्यता अभियान की धीमी गति को लेकर भाजपा प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल ने नाराजगी जताई है। भाजपा कार्यालय में बैठक में अग्रवाल ने कहा कि जब आपको टारगेट और निर्धारित समय की जानकारी थी तो फिर सदस्य क्यों नहीं बनाए गए। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्षों का ईमानदारी के साथ मूल्यांकन होना चाहिए। जो जिलाध्यक्ष लक्ष्य को पाने में सफल होंगे, उन्हें पुरस्कृत करेंगे। जो सफल नहीं होंगे, उन्हें आराम भी कराया जा सकता है। 15 दिन बाद फिर से बैठेंगे और फैसला करेंगे। बैठक भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की अध्यक्षता में हुई।

प्रभारी अग्रवाल ने कहा कि राजनीति में कुछ भी स्थाई नहीं होता है। बैठक में तय किया गया कि 50 सदस्य बनाने वाले भी सक्रिय सदस्य बन सकेंगे। पहले सक्रिय सदस्य के लिए सौ सदस्य बनाने की अनिवार्यता थी।

सीएम का फोन भी आए तो मना कर देना

प्रभारी अग्रवाल ने जिलाध्यक्षों से कहा कि बूथ और मंडल अध्यक्ष के चुनाव में किसी के दबाव में नहीं आना है। काम पारदर्शी सिस्टम से ही होगा। सीएम का भी फोन आ जाए तो उन्हें भी मना कर देना ।

**'चुनाव आयोग के नियंत्रण में प्रशासन'**

देवली-उनियारा हिंसा पर अग्रवाल ने कहा है कि आचार संहिता के दौरान प्रशासन चुनाव आयोग के नियंत्रण में रहता है। डीजीपी और मुख्य सचिव भी आयोग के ही नियंत्रण में काम करते हैं। जो कुछ हुआ है वह चुनाव के दौरान हुआ।

# केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल का राहुल गांधी पर हमला
## कहा- संविधान का सम्मान करना सीखें

बीकानेर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी ने संविधान को सही तरीके से नहीं पढ़ा है। उन्होंने कहा, ₹राहुल गांधी को संविधान के चैप्टर और आर्टिकल तक का पता नहीं है। उन्होंने सिर्फ संविधान लहराने का काम किया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में संविधान दिवस को गरिमा के साथ मनाया।

मेघवाल ने राहुल गांधी पर संविधान का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा, ₹मोदी जी संविधान का सम्मान करते हैं, लेकिन राहुल गांधी इसे केवल एक औपचारिकता के रूप में देखते हैं। देश का अपमान करना छोड़ें और यदि हमारी आलोचना करनी है, तो तथ्यों के साथ करें।₹ ये बातें मेघवाल ने बीकानेर में भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर इन लाइब्रेरी आडिटोरियम के नवीन भवन का शिलान्यास के दौरान कही।



**देवली थप्पड़ कांड पर बोले मेघवाल**

देवली में उप चुनाव के दौरान एसडीएम को नरेश मीणा द्वारा थप्पड़ मारे जाने की घटना पर मेघवाल ने कहा, यह घटना बेहद दुखद और निंदनीय है। दोषी को सज़ा जरूर मिलेगी। अपराधी को किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा।

**खड़गे के बयान पर टिप्पणी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, खड़गे के बयानों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। जब मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे, तब भी वे सरकार गिराने और अस्थिरता की बातें करेंगे। यह उनकी आदत बन चुकी है।

गहलोत पर भी साधा निशाना

अर्जुनराम मेघवाल ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को लेकर भी इशारों में कहा, सब जानते हैं कि गहलोत किस तरफ इशारा कर रहे हैं। उन्हें भी अपनी जिम्मेदारियों को समझना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष पर तीखे प्रहार करते हुए स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी संविधान और लोकतंत्र के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# मीणा की रिहाई को लेकर जगह-जगह रैलियां
## पोस्टर में भगत सिंह से तुलना; सोशल मीडिया पर हो रहा ट्रेंड

जयपुर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। नरेश मीणा की गिरफ्तारी अब जातिगत गोलबंदी का रूप लेती जा हरी है। उनके समर्थक अब मीणा समाज के नेताओं को फोन कर समर्थन की मांग कर रहे हैं। इसके कई वीडियो और ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहे हैं। वहीं नरेश के समर्थन में मीणा समाज की तरफ से आज देवली-उनियारा सहित कई जगहों पर रैलियां निकाली जा रही हैं।

रैलियों में जो पोस्टर लहराए जा रहे हैं उनमें नरेश मीणा को भगत सिंह की तरह पेश किया जा रहा है। यही नहीं उनके समर्थन में स्थानीय भाषा में गाने भी तैयार किए जा रहे हैं। प्रशासन के लिए अब यह ट्रेंड बड़ी मुश्किल खड़ी कर रहा है। नरेश को उन्हें मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। मजिस्ट्रेट ने नरेश को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

**10 धाराओं में नरेश के खिलाफ केस**

नरेश के खिलाफ पुलिस ने 10 अगल-अलग धाराओं में मुकदमें दर्ज किए हैं। इसके अलावा उनके पूर्व के मुदकमों पर भी अब गिरफ्तारी की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मौजूदा घटनाक्रम में नरेश मीणा के खिलाफ हत्या का प्रयास और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी बड़ी धाराओं में केस दर्ज किए गए हैं। हालांकि सोशल मीडिया पर कई अधिवक्ता अब नरेश के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट तक जाने की बात कह रहे हैं।

**एसडीएम पर भी उठ रहे सवाल**

पूरे घटनाक्रम में एसडीएम की कार्यशैली को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। ऑन कैमरा एसडीएम अमित चौधरी ने यह स्वीकार किया है कि जिला कलेक्टर के कहने पर उन्होंने कुछ लोगों को समरावता में वोट डालने के लिए कहा था। चुनाव से जुड़े विशेषज्ञ कह रहे हैं कि एसडीएम ने चुनावी नियमों के बाहर जाकर यह काम किया है इसके लिए वे दोषी हैं।

# रविंद्र सिंह भाटी ने युवकों को पुलिस जीप से उतारा
## देखते रह गए अधिकारी

जैसलमेर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। ओरण बचाने के लिए जैसलमेर पहुंचे शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी का अलग ही अंदाज देखने को मिला। ओरण बचाओ आंदोलन के दौरान पुलिस ने 2 युवकों को हिरासत लिया तो रविंद्र सिंह भाटी ने रास्ते में ही जीप को रुकवा लिया और दोनों युवकों को पुलिस हिरासत से छुड़वाया। यह देख पुलिस अधिकारी भी दंग रह गए। भाटी ने पुलिस से ऐसे सवाल किए कि पुलिस ठीक से जवाब भी नही दे पाई। रविंद्र सिंह भाटी का ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जनता का साथ देने वाले भाटी के इस जज़्बे की हर तरफ चर्चा हो रही है।



दरअसल, जैसलमेर जिले के झिनझिनयाली थाना क्षेत्र के बईया गांव में निजी सोलर कंपनी की तरफ से एक बार फिर काम शुरू करने के बाद ग्रामीणों ने धरना शुरू किया। ग्रामीणों के समर्थन के लिए शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी भी पहुंचे और ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठे। तभी पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे दो ग्रामीणों को हिरासत में लिया।

सूचना मिलते ही शिव विधायक भाटी पुलिस की गाड़ियों तक गए और दोनों युवकों को रिहा करवाया। उन्होंने पुलिस से तीखे सवाल किए और पूछा कि इन निर्दोष ग्रामीणों को किस जुर्म में गिरफ्तार किया गया? पुलिस की तरफ से जवाब दिया गया कि गिरफ्तार नहीं किया गया है।

तब उन्होंने कहा कि छोड़ो इन्हें और दोनों युवक पुलिस के वाहन से बाहर निकल गए। भाटी ने कहा कि यह आंदोलन सिर्फ बईया गांव तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह पूरे राजस्थान की पर्यावरणीय और सांस्कृतिक धरोहर को बचाने का संघर्ष है।

# नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने देवली-उनियारा की घटना को बताया शर्मनाक
## भाजपा सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

अलवर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने जयपुर के सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में टोंक में हुए घटना की निंदा की। टोंक जिले के देवली-उनियारा की घटना पर बोलते हुए जूली ने इसे शर्मनाक बताया और कहा कि इस प्रकार की घटनाओं का राजस्थान में कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि राज्य में बढ़ती हिंसा और सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग गंभीर चिंता का विषय है। जूली ने सरकार से टोंक घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की और कहा कि हिंसा के लिए राजस्थान में कोई स्थान नहीं होना चाहिए।



नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य की पूर्व कांग्रेस सरकार की कई जनकल्याणकारी योजनाओं को भाजपा ने बंद कर दिया है या उनमें कटौती कर दी है, जिससे आमजन पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। जूली ने कहा कि कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री बीमा योजना के तहत दुर्घटना होने पर 10,000 और बीपीएल परिवार के मुखिया की मृत्यु पर परिवार को 75,000 रुपये की सहायता राशि दी जाती थी, जिसे अब भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है।

टीकाराम जूली ने बताया कि कांग्रेस की चिरंजीवी योजना, इंदिरा आवास योजना, महात्मा गांधी प्रेरक, राजीव गांधी युवा मित्र, और अन्नपूर्णा किट जैसी योजनाओं को या तो बंद कर दिया गया है या इनमें भारी कटौती की गई है। उन्होंने कहा कि लगभग 15 योजनाओं के नाम बदले गए हैं, जबकि शहरी मनरेगा, बच्चों की स्कॉलरशिप और बेरोजगारी भत्ता जैसी योजनाओं को कमजोर किया गया है।

भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए जूली ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय खोले गए नए कॉलेजों और इंग्लिश मीडियम स्कूलों को जारी रखने को लेकर सरकार की कोई स्पष्ट नीति नहीं है। इसके साथ ही, कांग्रेस सरकार के दौरान गरीबों को 500 में दिए गए जमीन के पट्टों की दरें भी बढ़ा दी गई हैं, जिससे गरीब परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

# दुबई जाने वाले प्लेन को चेन्नई भेज दिया
## फ्लाइट के लिए एयरपोर्ट पर 7 घंटे बैठे रहे यात्री; बोले- एयरलाइन कंपनी पर हो कार्रवाई



जयपुर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। जयपुर से दुबई की फ्लाइट के लिए शनिवार को यात्रियों को 7 घंटे इंतजार करना पड़ा। दरअसल, जयपुर से दुबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX-195 अपने निर्धारित वक्त सुबह 6 बजकर 10 मिनट पर दुबई के लिए उड़ान भरने वाली थी। एयरक्राफ्ट नहीं होने की वजह से लगभग 7 घंटे बाद फ्लाइट ने दोपहर 1 बजे दुबई के लिए उड़ान भरी।

दरअसल, एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX-195 रात 12 बजकर 50 मिनट पर जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचती है। इसके बाद फ्लाइट सुबह अपने निर्धारित वक्त 6 बजकर 10 मिनट पर दुबई के लिए उड़ान भरती है। शुक्रवार रात भी फ्लाइट अपने निर्धारित वक्त पर ही जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंची थी। इस दौरान एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से चेन्नई के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट IX-2692 में तकनीकी खराबी आ गई।

शुक्रवार रात 10 बजकर 25 मिनट पर चेन्नई के लिए फ्लाइट उड़ान नहीं भर पाई। रात 12 बजे फ्लाइट में हो रही देरी की वजह से चेन्नई के यात्रियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा शुरू कर दिया। इसे देखते हुए एयर इंडिया एक्सप्रेस एयरलाइंस कंपनी ने दुबई से जयपुर पहुंची फ्लाइट को चेन्नई के लिए रवाना कर दिया।

सूत्रों के अनुसार एयर इंडिया एक्सप्रेस एयरलाइंस कंपनी को उम्मीद थी कि चेन्नई से लौटे विमान की तकनीकी खराबी दूर कर उसे सुबह दुबई के लिए रवाना कर दिया जाएगा। दोपहर लगभग 12 बजे तक विमान ठीक नहीं हुआ। इसकी वजह से दुबई जाने वाले यात्रियों को जयपुर एयरपोर्ट पर घंटों तक परेशान होना पड़ा। इसके बाद दोपहर 1 बजे एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान ने दुबई के लिए उड़ान भरी।

एयर इंडिया एक्सप्रेस एयरलाइंस की ऐसी लापरवाही की वजह से जयपुर एयरपोर्ट पर शनिवार को बड़ी संख्या में यात्रियों को परेशान होना पड़ा। दुबई जाने वाले अनिकेत ने कहा- एयरलाइंस कंपनी ने अल सुबह एयरपोर्ट तो बुला लिया, लेकिन फ्लाइट की व्यवस्था नहीं की गई। इसकी वजह से सैकड़ों यात्रियों को जयपुर एयरपोर्ट पर ही परेशान होना पड़ा है। इस तरह की लापरवाही बरतने वाली एयरलाइंस कंपनियों के खिलाफ सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए।

# वाहनों के टोल पर गए बगैर भी कट रहा पैसा
## एनएचआई को दर्ज कराई शिकायत
## पुलिस ने 3 युवकों को किया पाबंद

कोटा, 16 नवंबर (एजेंसियां)। कोटा सुकेत की बीड़ मंडी टोल प्लाजा पर गत 11 नवंबर से व्यवस्थाओं में बदलाव हुआ है। बदलाव के बाद से नए संवेदक ने वाहनों के सर्वे हेतु अपने कर्मचारियों को सुरेडा सर्विस लाइन पर तैनात किया था। इस दौरान जो वाहन टोल तक नहीं गए उनका भी पैसा उनके फास्टैग से कट गया। वाहन मालिकों ने इसकी शिकायत टोल मैनेजर को दर्ज करवाई है।

नेशनल हाइवे से सुरेडा सर्विस लाइन से वाहन स्टेट हाइवे से होते हुए कस्बे से होकर वापस हाइवे पर चढ़ते हैं। ऐसे वाहनों का नए संवेदक द्वारा सर्वे करवाया जा रहा था। इस दौरान दो वाहनों का बगैर टोल पर गए भी फ़ास्टैग से पैसा कट गया। पैसा कटने का पता वाहन चालकों को मध्यप्रदेश जाने के बाद मैसेज आने पर चला। वाहन चालक ने इसकी शिकायत दर्ज करवाई है। नए संवेदक के कर्मचारी वाहनों का सर्वे कर रहे थे। उसकी शिकायत पुलिस के पास भी पहुंची। पुलिस ने सर्वे कर रहे कर्मचारियों को थाने लाकर पूछताछ की।

गौरतलब है कि सुकेत नगर के वाहनों को कोटा और झालावाड़ जाने के लिए टोल पार करने की आवश्यकता ही नहीं है, क्योंकि टोल प्लाजा नगर से बिल्कुल अलग है और यहां के वाहनों के लिए दोनों स्थानों पर जाने के लिए अलग से मार्ग है। बावजूद इसके टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने सर्वे के बहाने वाहनों के नबर से करीब 50 किलोमीटर आगे निकल जाने के बाद पैसा काट लिया।

वाहन चालकों ने बताया कि टोल प्रबंधक ने सुकेत और जुल्मी ओवर ब्रिज पर अपने कर्मचारी नियुक्त कर रखे हैं। जिनका काम आते जाते वाहनों को रोककर वाहनों को टोल से गुज़रने की बात कह रहे है। वाहन चालक के नहीं मानने पर उनके वाहन के नंबर अंकित कर टोल प्लाजा पर सूचना देकर डिजिटल टोल कटवाया जा रहा है, हालांकि मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इसे 3 युवकों को हिरासत में लिया उसके बाद उनको पाबंद भी किया गया। नगर के समीप बने टोल नाके से टोल बचाने के लिए वाहन चालक अपने वाहनों को नगर से हो कर निकालते है। ऐसे में भारी वाहनों से दुर्घटनाओं का भी अंदेशा बना रहता है।

# दिसंबर से पड़ेगी कड़ाके की सर्दी!
## आईएमडी का लेटेस्ट पूर्वानुमान



सीकर, 16 नवंबर (एजेंसियां)। विंड पैटर्न में बदलाव के साथ मैदानी भागों में सर्दी का जोर बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार दिसंबर में कड़ाके की ठंड पड़ने की पूरी संभावना है। वहीं आगामी दिनों में कई जिलों में घना और कहीं-कहीं अतिघना कोहरा छाने का आसार है। जिसके कारण दिन और रात के तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट आएगी। सीकर में आंशिक कोहरा छाया। नमी बढ़ने के कारण दिन में भी मामूली सर्दी का अहसास हुआ। फतेहपुर में अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री व न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री और सीकर में अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री व न्यूनतम तापमान 13 डिग्री दर्ज किया गया।

# अवैध संबंधों का खूनी अंत, प्रेमी ने पति को मारा
## लाश लेकर मोटरसाइकिल के पीछे बैठी पत्नी



पाली, 16 नवंबर (एजेंसियां)। जैतारण क्षेत्र के निबेड़ा कला सरहद में युवक की गला रेत कर हत्या कर शव फेंकने के मामले का पुलिस ने 24 घंटे में पर्दाफाश किया है। इस हत्या के पीछे मृतक की पत्नी का अन्य युवक के साथ प्रेम प्रसंग सामने आया। पुलिस ने हत्याकाण्ड की गुत्थी सुलझाते हुए मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। जैतारण थाना प्रभारी धोलाराम परिहार ने बताया कि 12 नवबर रात्रि में निबेडा कलां में गोचर भूमि में शव मिलने की सूचना पर पुलिस पहुंची। मृतक की पहचान कचरूराम नायक गांव निबेडा कलां के रूप में हुई। मृतक की मां ने बताया कि उसका पुत्र 12 नवबर से लापता था और सुबह उसकी लाश मिली। कचरूराम के गर्दन पर वार कर उसकी निर्मम हत्या की गई। प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका पर टीम का गठन किया। पाली पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। सूचनाओं का विश्लेषण करने पर पुलिस को मृतक की पत्नी की भूमिका संदिग्ध लगी। टीम ने साक्ष्य जुटाने के पश्चात मृतक की पत्नी व हत्या में उसके सहयोगी भूपेन्द्र सेन उर्फ राजू को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि कचरूराम की हत्या के बाद उसके शव को आरोपी ने मोटरसाइकिल पर रखा तथा उसकी पत्नी उसे पीछे पकड़ कर बैठ गई तथा सूनसान इलाके में फेंक दिया। सुबह शव मिलने पर मृतक की पत्नी ने रोने का नाटक किया। पुलिस ने कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए घटना का पर्दाफाश कर मृतक की पत्नी किरण व भूपेन्द्र सेन उर्फ राजू पुत्र कृष्णलाल उर्फ किशनलाल निवासी निबेड़ाकला को गिरफ्तार किया। टीम में धोलाराम थानाधिकारी जैतारण, राजदीपेन्द्र सिंह थानाधिकारी बर, दीपाराम उनि जैतारण, सोहनसिंह उनि, राजेन्द्र सिंह एचसी, बजरंग त्रिपाठी एचसी, राजाराम कानि, सुरेश कानि, दिलीप कानि सहित पुलिस टीम की भूमिका रही।

# पुलिस ने चर्च प्रबंधन के सदस्यों के साथ जागरूकता बैठक की

## शांति, सुरक्षा, स्वच्छता, सामुदायिक कल्याण पर हुई चर्चा




हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। उत्तरी क्षेत्र पुलिस ने आज उत्तरी क्षेत्र की सीमाओं के भीतर विभिन्न चर्च प्रबंधन के (80) से अधिक प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक का उद्देश्य सुरक्षा, स्वच्छता, सामुदायिक कल्याण और निवारक उपायों से संबंधित चिंताओं को दूर करना था, ताकि मण्डली और आसपास के समुदाय के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित हो सके।

बैठक में पुलिस उपायुक्त, उत्तरी क्षेत्र, हैदराबाद एस. रश्मि पेरुमल प्रमुख रूप से लोगों को संबोधित किया। बैठक में पुलिस ने धार्मिक स्थलों के आसपास सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। इसमें रणनीतिक स्थानों, विशेष रूप से प्रवेश द्वारों और उच्च-यातायात क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना और रखरखाव शामिल है, साथ ही यह सुनिश्चित करना भी शामिल है कि सेवाओं और विशेष धार्मिक आयोजनों जैसे महत्वपूर्ण समय के दौरान एक प्रशिक्षित चौकीदार उपलब्ध हो।

इन उपायों का उद्देश्य किसी भी आपराधिक गतिविधि को रोकना और सेवाओं में भाग लेने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उठाई गई प्रमुख चिंताओं में से एक धार्मिक परिसरों के आसपास खाद्य अपशिष्ट और कचरे का अनुचित निपटान था। चर्च प्रबंधनों को स्वच्छता बनाए रखने और स्वास्थ्य संबंधी खतरों से बचने के लिए कचरा निपटान प्रयासों का समन्वय करने की सलाह दी गई। बैठक में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और युवाओं पर सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभाव के खतरनाक मुद्दे पर भी ध्यान केंद्रित किया गया।

चर्च के नेताओं को मादक द्रव्यों के सेवन के खतरों और हानिकारक व्यवहार को बढ़ावा देने में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समुदाय के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

पुलिस ने चर्च प्रबंधनों से बच्चों और युवाओं को परामर्श देने, उन्हें सकारात्मक विकल्प बनाने और नशीली दवाओं, साइबर अपराधों और हानिकारक ऑनलाइन सामग्री से दूर रहने के बारे में शिक्षित करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। मण्डली के आकार में वृद्धि के साथ, बड़ी धार्मिक सेवाओं के दौरान पार्किंग की समस्या एक चिंता का विषय बन गई है। पुलिस ने यातायात की भीड़ को कम करने और धार्मिक स्थलों तक सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावी रणनीति के रूप में कारपूलिंग का सुझाव दिया। इसके अलावा आपातकालीन स्थितियों के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए, पुलिस ने चर्च प्रबंधन को अपने स्थानीय पुलिस स्टेशनों के स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) और सेक्टर एसआई के संपर्क विवरण को अपडेट रखने के लिए याद दिलाया।

आपातकालीन मामलों में, जनता को तुरंत पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन 100 डायल करने की सलाह दी गई। बैठक का एक महत्वपूर्ण हिस्सा धार्मिक संस्थानों के पास सड़क पर रहने वालों, नशे की लत और बदमाशों की उपस्थिति के बारे में चिंताओं को संबोधित करने के लिए समर्पित था।

पुलिस ने इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए समुदाय की भागीदारी और कानून प्रवर्तन के साथ सहयोग के महत्व को रेखांकित किया। किसी भी संभावित आपराधिक गतिविधियों को रोकने और शांति बनाए रखने के लिए नियमित गश्त, सामुदायिक आउटरीच और समय पर हस्तक्षेप को प्रमुख उपायों के रूप में सुझाया गया।

## बच्चों की मौत पर क्षोभ व्यक्त

हैदराबाद, 16 नवंबर(स्वतंत्र वार्ता)। यूपी के झांसी मेडिकल कॉलेज में हुई अग्निकांड पर बिहार सहयोग समिति तेलंगाना के अध्यक्ष बिनय यादव ने गहरा क्षोभ व्यक्त करते हुए इसकी जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि उक्त हादसे में दस बच्चों की मौत हो गई और कई झुलस चुके हैं। ऐसी घटनाएं बार-बार होने के बावजूद कोई कड़ा सरकारी कदम नहीं उठाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसपर केन्द्र सरकार और राज्य सरकार दोनों को बैठ कर कुछ ऐसे कदम उठाना चाहिए ताकि इस तरह के घटनाएं दोबारा न हों। बिहार सहयोग समिति तेलंगाना के अध्यक्ष बिनय कुमार यादव ने पूरी कार्यकारिणी के साथ बच्चों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें उचित मुआवजा देने की भी मांग की है।

## संयुक्त आदिलाबाद जिले में बाघ की चहलकदमी से हड़कंप



कुमरमभीम आसिफाबाद,16 नवंबर ( स्वतंत्र वार्ता)। संयुक्त आदिलाबाद जिले में बाघों के एक बड़े प्रवास से हड़कंप मच गया है। लोगों का कहना है कि दो दिनों से बाघ की चहलकदमी बढ़ गई है। इससे वहां मौजूद लोगों की दिल की धड़कन बढ़ी हुई है। निर्मल जिले में बाघ को देखने से वहां के लोगों में दहशत है। मंचिरयाल जिले के मंदामरी मंडल के उपनगर शंकर पल्ली में केके-5 खदान के पास घूम रहे एक बड़े बाघ ने हड़कंप मचा दिया है। महाराष्ट्र से कपास चुनने आये प्रवासी मजदूरों ने केके-5 खदान के पास पंप के पास तंबू लगा लिया है। बाघ के प्रवास से प्रवासी मजदूर परेशान हैं।

## नकली पेयजल बनाने वाले तीन जल संयंत्रों पर छापे

### बिना लाइसेंस के कारोबार करने वाले तीन गिरफ्तार



हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। चंद्रायनगुट्टा, संतोष नगर और कंचनबाग पुलिस स्टेशन की सीमा में 3 जल संयंत्रों पर छापे मारे गए। पुलिस को इस दौरान ब्रांडेड कंपनियों के पानी की बोतलों पर लिखे अक्षरों को बदलकर लोकल पानी की बोतल बेची जा रही थी। विश्वसनीय सूचना पर आयुक्त के टास्क फोर्स, दक्षिण-पूर्व क्षेत्र टीम, हैदराबाद के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जीएचएमसी, हैदराबाद और राजस्व अधिकारियों ने तीन जल संयंत्रों पर छापे मारे और ब्रांडेड पालतू पानी की बोतलों को बदलकर बेचने वाले तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में मोहम्मद सज्जाद निवासी, छत्ता बाजार, पुराने सीपी कार्यालय के पास, चारमीनार, हैदराबाद, सैयद सिराज, मसाबटैंक ओवैसीपुरा, हुमायूं नगर, हैदराबाद, सलाम बिन नसेर उन नकीब निवासी, पूलबाग, चंद्रायनगुट्टा, हैदराबाद शामिल हैं। इन लोगों के पास से 23808 बोतलें (500 मिली लीटर), कीमत 238080 रुपये, 4800 बोतलें (1000 मिली लीटर) कीमत 96000 रुपये की बरामद की गई है। बरामद संपत्ति की कुल कीमत 3,34,080 रुपये बताई जा रही है। पुलिस का दावा है कि आरोपी बिना किसी बीआईएस, ट्रेडिंग लाइसेंस और एफएसएसएआई के ब्रांडेड पानी की बोतल के नाम वाली बिसलेरी को बिसलेरी, ब्रिसलेरी, बार्ली और किनले को केनवे के नाम से बदलकर वाटर प्लांट का व्यवसाय चला रहे हैं, जिसमें टीडीएस का स्तर कम है, जो मानव जीवन के लिए हानिकारक है। आरोपी व्यक्तियों और जब्त की गई संपत्ति को आगे की कार्रवाई के लिए सर्कल-08, जीएचएमसी, हैदराबाद खाद्य निरीक्षक को सौंप दिया गया है।

## सत्यम् शिवम् सुंदरम् गौनिवास द्वारा अन्नकूट प्रसादी का आयोजन आज : धर्मराज रांका

हैदराबाद, 16 नवंबर(स्वतंत्र वार्ता)। गौशाला प्रमुख धर्मराज रांका ने कहा कि, भाग्यनगर हैदराबाद के गगन पहाड स्थित सत्यम् शिवम् सुंदरम् गौनिवास द्वारा अन्नकूट प्रसादी का आयोजन आज रविवार किया गया है।

श्री रांका ने एक बताया कि इसके अंतर्गत गौशाला प्रांगण में, रविवार को, प्रातः 10.00 से सायं 06.00 बजे तक, विशाल महालक्ष्मी महायज्ञ, गौपूजन-गोवर्धन पूजन एवं भजन तथा अन्नकूट प्रसादी का आयोजन हो रहा है। उन्होंने बताया कि, प.पू. 1008 श्री सेवाराम (बापजी महाराज) रामनाथ आश्रम के पावन सान्निध्य में, उपरोक्त आयोजन, सत्यम् शिवम् सुन्दरम् गौनिवास, गगन पहाड पर हो रहा हैष पंडित हरिशन्द्र कुलकर्णी के आचार्यत्व में, प्रातः 10.15 से मध्यान्ह 01.31 बजे तक महामंगलकारी महालक्ष्मी पंचकुण्डीय महायज्ञ का आयोजन होगा। साथ ही इस पावन अवसर पर, भजन गायक अनिरुद्ध दूनीवाले(हैदराबाद) द्वारा मध्यान्ह 01.31 से सायं 06.00 बजे तक भजनों का कार्यक्रम होगा। श्री रांका ने भक्तों से अनुरोध किया है कि इस पावन कार्यक्रम में, सभी भक्त अपने सहपरिवार ईष्ट-मित्रों, बंधुओं सहित पधारकर पुण्य के भागी बनें।

## घरेलू सर्वेक्षण की उपेक्षा करने पर प्रधानाध्यापक निलंबित

कोत्तागुडेम, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे व्यापक घरेलू सर्वेक्षण की उपेक्षा करने के आरोप में एक सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया है। कोत्तागुडेम के मेडारा बस्ती स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक फणी भास्कर पर अपने कर्तव्यों की उपेक्षा करने, सर्वेक्षण में शामिल न होने तथा उच्च अधिकारियों को अपनी अनुपस्थिति की पूर्व सूचना न देने का आरोप लगाया गया। प्रधानाध्यापक पर स्कूल से संबंधित अभिलेख जमा न करने तथा उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने का भी आरोप है। जिला शिक्षा अधिकारी एम वेंकटेश्वर चारी ने शनिवार को प्रधानाध्यापक को निलंबित करने के आदेश जारी किए। इस साल जून में भास्कर को ड्यूटी से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने और नशे की हालत में अधिकारिक जांच में शामिल होने के कारण निलंबित कर दिया गया था। तीन महीने बीतने से पहले ही उन्हें दूसरी बार निलंबित कर दिया गया।

## टीजीएमआरईआईएस अध्यक्ष ने लोगों से जनगणना में भाग लेने का आह्वान किया

हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना अल्पसंख्यक आवासीय शैक्षणिक संस्थान सोसायटी (टीजीएमआरईआईएस) के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष मोहम्मद फहीमुद्दीन कुरैशी ने तेलंगाना के लोगों से चल रही राज्यव्यापी एकीकृत जनगणना में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया है। जनगणना का उद्देश्य सभी समुदायों, जातियों और समाज के सभी वर्गों की मौजूदा सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को जानना है। उन्होंने जनगणना शुरू करने के लिए कांग्रेस नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और सर्वेक्षण शुरू करने की व्यवस्था करने के लिए मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तेलंगाना के भीतर हर समुदाय की सामाजिक-आर्थिक स्थिति की सटीक तस्वीर बनाने के लिए सभी नागरिकों की भागीदारी आवश्यक है। फहीम कुरैशी ने कहा, एक बार जनगणना पूरी हो जाने के बाद, सरकार उन क्षेत्रों पर कल्याणकारी उपायों, योजनाओं और अन्य कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बेहतर स्थिति में होगी, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है, जिससे समाज के सभी वर्गों के लिए न्याय और समर्थन सुनिश्चित हो सके। विपक्षी दलों द्वारा उठाई गई चिंताओं पर उन्होंने लोगों से गलत धारणाओं से प्रभावित न होने का आग्रह किया और पुष्टि की कि राज्य मशीनरी निर्धारित समय पर जनगणना पूरी करने के लिए पूरी तरह से जुटी हुई है। उन्होंने नागरिकों से सटीक जानकारी देकर जनगणना कर्मचारियों के साथ सहयोग करने की अपील की। उन्होंने उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुरूप राज्य में पिछड़े वर्ग के नागरिकों के लिए स्थानीय निकायों में पिछड़ेपन कोटा की जांच के लिए एक समर्पित बीसी आयोग की नियुक्ति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इससे एकीकृत जनगणना में एकत्र किए गए डेटा को और मजबूती मिलेगी। कुरैशी ने कहा कि तेलंगाना की जनगणना पहल अन्य राज्यों के लिए एक मॉडल के रूप में काम कर सकती है, जो सामाजिक न्याय और लक्षित विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक जाति जनसांख्यिकी और सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करती है।

# नर्सिंग छात्रा ने इंस्टाग्राम पर उत्पीड़न करने वाले के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एक नर्सिंग छात्रा ने पुलिस से संपर्क कर एक युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है जिसने कथित तौर पर इंस्टाग्राम पर उसे परेशान किया। एक निजी कॉलेज में बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रही शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि संदिग्ध सीएच विजय इंस्टाग्राम पर उसका दोस्त बना और तब से दोनों के बीच अनौपचारिक बातचीत होती रही थी। हाल ही में उसने उसके सामने प्यार का प्रस्ताव रखा, लेकिन उसने इसे ठुकरा दिया। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता द्वारा उसका प्रस्ताव ठुकराए जाने से रंजिश रखते हुए विजय ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया। उसने उसकी निजी तस्वीरें और वीडियो सार्वजनिक करने और उसे तथा उसके परिवार के सदस्यों को बदनाम करने की धमकी दी। उसने पुलिस को बताया कि एक बार जब वह कॉलेज से लौट रही थी, तब विजय ने उसका यौन शोषण किया और उसे एचआईवी युक्त इंजेक्शन लगाने की धमकी दी, जिससे वह इस भयानक बीमारी से संक्रमित हो जाएगी।

उसने कई बार उसके साथ दुर्व्यवहार किया और उसके साथ मारपीट की। 15 नवंबर को विजय शिकायतकर्ता के घर आया और उपद्रव मचाया तथा उसके परिवार के सदस्यों को धमकाया। उसने दावा किया कि उसकी और उसके परिवार की जान को खतरा है और उसने पुलिस सुरक्षा तथा अपराधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। आगे और अधिक उत्पीड़न सहन करने में असमर्थ होकर, उसने हयातनगर पुलिस से संपर्क किया और अपने परिवार के सदस्यों की मदद से शिकायत दर्ज कराई।

हयातनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पता चला है कि विजय के खिलाफ नागार्जुन सागर थाने में पहले भी मामला दर्ज किया जा चुका है। संदिग्ध को जल्द से जल्द पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

## विमान में बम होने का दावा, एयरपोर्ट पर हल्का तनाव

हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आरजीआईए, शमशाबाद हवाई अड्डे पर उस समय हल्का तनाव व्याप्त हो गया जब हैदराबाद से शारजाह जा रही एक उड़ान में सवार एक यात्री ने चिल्लाकर कहा कि विमान में बम है। इस घटना से हवाईअड्डा अधिकारियों में तत्काल चिंता उत्पन्न हो गई तथा सुरक्षाकर्मियों को त्वरित प्रतिक्रिया करनी पड़ी। हवाईअड्डा सुरक्षा अधिकारियों ने यात्री को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है तथा विमान की गहन तलाशी ली गई है। अधिकारियों ने विमान में सवार सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्रवाई की। गहन जांच के बाद कोई विस्फोटक पदार्थ नहीं मिला।

## धान खरीदी केन्द्रों में पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं : जिला कलेक्टर

आसिफाबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिलाधिकारी वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि सरकार को किसानों के कल्याण के लिए जिले में स्थापित धान क्रय केन्द्रों पर किसानों को पूरी सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए। शनिवार को जिला अपर कलेक्टर दीपक तिवारी और कागजनगर उपजिलाधिकारी श्रद्धा शुक्ला ने जिले के कागजनगर मंडल के सीतानगर गांव में स्थापित चावल अनाज खरीद केंद्र का दौरा किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि धान क्रय केन्द्रों पर मुकम्मल व्यवस्था की जाये तथा किसानों की सुविधा हेतु पेयजल, छाया, ओआरएस पैकेट, तिरपाल कवर एवं माइन बैग उपलब्ध कराये जायें। उन्होंने कहा कि तौल एवं नमी मशीनों का प्रयोग कर नियमानुसार गुणवत्तायुक्त अनाज क्रय किया जाये।

उन्होंने कहा कि पतली किस्म के अनाज पर समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 500 रुपये का बोनस दिये जाने से बारीक किस्म के अनाज की अधिक आपूर्ति की संभावना रहती है, इसलिए खरीद के समय अनाज की जांच कर लेनी चाहिए।

# तेलंगाना ने भारतीय खाद्य निगम को बढ़िया चावल की आपूर्ति रोकी

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर केंद्रित किया ध्यान

हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार ने कस्टम मिलिंग प्रोग्राम (सीएमआर) के तहत मिल मालिकों द्वारा भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को बढ़िया चावल की आपूर्ति पर रोक लगा दी है। राज्य नागरिक आपूर्ति आयुक्त डी.एस. चौहान ने घोषणा की कि उत्तम चावल (सन्नबियम) को विशेष रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की जरूरतों को पूरा करने के लिए आवंटित किया जाएगा। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को धान की सुचारू खरीद सुनिश्चित करने तथा आवश्यक मात्रा में बढ़िया चावल प्राप्त करने के लिए मिल-वार आवंटन करने के निर्देश दिए।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए कुल 21 लाख मीट्रिक टन सन्नाबियम की आवश्यकता है, जिसमें से 12.92 लाख मीट्रिक टन केन्द्रीय पूल के लिए और 8.58 लाख मीट्रिक टन राज्य पूल के लिए है। खरीफ विपणन सत्र के दौरान अब तक आठ लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है, जिसमें 'सन्ना रकम' धान की हिस्सेदारी 1.1 लाख मीट्रिक टन से अधिक है। धान को खरीद केंद्रों से सीधे चावल मिलों में ले जाया जा रहा है।

चौहान ने इस बात पर जोर दिया कि मिल मालिकों को केवल फोर्टिफाइड 'सननबियाम' को, बोरों पर उचित ढंग से अंकित करके, विभिन्न योजनाओं के तहत वितरण के लिए निर्धारित समय के भीतर नागरिक आपूर्ति निगम (सीएससी) को निर्दिष्ट डिपो पर पहुंचाना चाहिए। फोर्टिफाइड चावल को फोर्टिफाइड राइस कर्नेल (एफआरके) के साथ मिश्रित करके आवश्यक विटामिन और खनिजों से समृद्ध किया जाता है, जिससे सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी दूर होती है। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने की मांग की कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से उपभोक्ताओं तक केवल गुणवत्ता वाला चावल ही पहुंचे।

दिशा-निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि चावल के वजन के हिसाब से 1 प्रतिशत से अधिक छोटे टूटे हुए दाने नहीं होने चाहिए, तथा खनिज पदार्थ की मात्रा वजन के हिसाब से 0.2 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। पशु मूल की अशुद्धियां वजन के हिसाब से 0.10 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। कच्चे और उबले चावल दोनों को अधिकतम 15 प्रतिशत नमी के साथ खरीदा जा सकता है।

मूल्य कटौती 14 प्रतिशत से 15 प्रतिशत नमी के स्तर के बीच लागू होती है, लेकिन 14 प्रतिशत नमी तक कोई मूल्य कटौती की आवश्यकता नहीं होती है। फोर्टिफाइड चावल का मिश्रण अनुपात भार के अनुसार 0.9 प्रतिशत से 7.2 प्रतिशत तक भिन्न हो सकता है, बशर्ते कि एफआरके के लिए विश्लेषण प्रमाणपत्र (सीओए) के अनुसार निर्धारित सूक्ष्म पोषक तत्व स्तर पूरा हो।

# हिंदी में रक्षा वैज्ञानिक लेखन आत्मगौरव व आत्मनिर्भरता से जुड़ा : प्रो. अन्नपूर्णा

## अखिल भारतीय संयुक्त राजभाषा वैज्ञानिक एवं तकनीकी संगोष्ठी आयोजित



हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से संयुक्त राजभाषा समिति के तत्वावधान में दो-दिवसीय पहली अखिल भारतीय संयुक्त राजभाषा वैज्ञानिक एवं तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन बुधवार व गुरुवार 13 और 14 नवंबर, 2024 को उन्नत प्रणाली केंद्र (सीएएस), कीसरा मंडल स्थित शांतिवनम, डीआरडीओ टाउनशीप, यादगारपल्ली, हैदराबाद में एमएसएस समूह (कलस्टर) की प्रयोगशालाओं (1) उन्नत प्रणाली केंद्र (सीएएस) यादगारपल्ली, हैदराबाद (2) अनुसंधान केंद्र इमारत (आरसीआई), विज्ञान कांचा, हैदराबाद (3) उन्नत प्रणाली प्रयोगशाला (एएसएल), कंचनबाग, हैदराबाद (4) रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन (डीआरडीएल), कंचनबाग, हैदराबाद (5) विशेष परियोजना निदेशालय (डीएसपी), विज्ञान कांचा, हैदराबाद (6) चरम प्राक्षेपिकी अनुसंधान प्रयोगशाला (टीबीआरएल), चंडीगढ़ (7) एकीकृत परीक्षण परिसर (आईटीआर), चांदीपुर, ओडिशा (8) एस एफ कॉम्प्लेक्स, जगदलपुर (छत्तीसगढ़), (9) डीआईसी, पानागढ़ (पश्चिम बंगाल) के संयुक्त तत्वावधान में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस अखिल भारतीय संयुक्त राजभाषा वैज्ञानिक एवं तकनीकी संगोष्ठी के विषय थे : रक्षा के क्षेत्र में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, परीक्षण व मूल्यांकन की आधुनिकतम तकनीकें, कृत्रिमत्ता और भारत में इसका प्रभाव एवं रक्षा क्षेत्र में 5जी तकनीक का उपयोग तथा राजभाषा से संबंधित विचारोत्तेजक विषय रहे। उद्घाटन समारोह कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन, तत्पश्चात वंदना और फिर संयुक्त संगोष्ठी के अध्यक्ष प्रवीण टंडन, वैज्ञानिक-जी ने अपना स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने उपस्थित सभी का स्वागत करते हुए कहा कि संविधान सभा द्वारा 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया। इस वर्ष को संपूर्ण देश में राजभाषा के हीरक जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। हैदराबाद स्थित डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं द्वारा वर्ष 2006 से प्रतिवर्ष अखिल भारतीय संयुक्त संगोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी के लिए देशभर के केंद्रीय सरकारी कार्यालयों से संगोष्ठी के लिए दिये गये विषयों पर 75 शोध-पत्र प्राप्त हुए हैं जिन्हें इस अवसर पर प्रकाशित संस्मारिका में प्रकाशित किया गया है।

## घोष आयोग 20 नवंबर से कालेश्वरम परियोजना की जांच फिर से शुरू करेगा

हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। न्यायमूर्ति पिनाकी चंद्र घोष आयोग 20 नवंबर से मेडिगड्डा, अन्नाराम और सुंडिला बैराज पर ध्यान केंद्रित करते हुए कालेश्वरम परियोजना की जांच फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। इस प्रक्रिया के हिस्से के रूप में, न्यायमूर्ति पी.सी. घोष परियोजना में शामिल आईएएस और पूर्व आईएएस अधिकारियों से जिरह करने के लिए दो सप्ताह के लिए हैदराबाद में रहेंगे। तेलंगाना सरकार ने जांच पूरी करने और अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त समय देने के लिए आयोग की समयसीमा दिसंबर के अंत तक बढ़ा दी है। हालांकि, आवश्यक सरकारी आदेश (जीओ) जारी करने में सरकार की देरी के कारण प्रक्रिया में देरी हुई। अंत में, 13 नवंबर को राज्य सरकार ने आयोग की समय-सीमा बढ़ाते हुए एक सरकारी आदेश जारी किया। सूत्रों से पता चलता है कि न्यायमूर्ति घोष ने आवश्यक सरकारी आदेश के लिए 13 दिन के इंतजार पर असंतोष व्यक्त किया।

## टीटीडी को दान किए 15 ई-वाहन

तिरुपति, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के एक भक्त ने तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को 15 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन दान किए। वेंकट नागराजू ने मंदिर परिसर में आयोजित एक समारोह में मंदिर के एक अधिकारी को चाबियां सौंपीं। मंदिर प्रशासन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि टीटीडी के अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी चौधरी वेंकैया ने वाहनों के लिए आयोजित विशेष पूजा में भाग लिया। दान किए गए 22 लाख रुपये मूल्य के दोपहिया वाहन प्रसिद्ध वेंकटेश्वर मंदिर के संरक्षक टीटीडी के संचालन में सहायता करेंगे।

# मीनू के अनुसार विद्यार्थियों को समय पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए : कलेक्टर



आसिफाबाद, 16 नवंबर ( स्वतंत्र वार्ता)। जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि सरकारी स्कूलों एवं छात्रावासों में विद्यार्थियों को मीनू के अनुसार समय पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। शनिवार को उन्होंने कागजनगर कस्बे में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और कक्षाओं व रजिस्टरों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की स्थिति की समय-समय पर निगरानी कर आवश्यक उपाय किये जाएं तथा आवश्यक दवाएं उपलब्ध करायी जाएं। उन्होंने कहा कि खाना बनाते समय ताजी सब्जियां और गुणवत्तापूर्ण सामान का प्रयोग किया जाना चाहिए। जब छात्रों ने कलेक्टर के संज्ञान में लाया कि गणित पढ़ाने वाले कोई शिक्षक नहीं हैं, तो उन्होंने मंडल शिक्षा अधिकारी को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार सभी सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कदम उठाएगी और छात्रों को इस अवसर का लाभ उठाकर पढ़ाई में उत्कृष्टता हासिल करनी चाहिए।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaartha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# आईपीएल ऑक्शन के लिए 574 खिलाड़ी तय, 366 भारतीय

## पहली बार 13 साल के खिलाड़ी का नाम शामिल, पंत-राहुल की बेस प्राइस 2 करोड़

मुंबई,16 नवंबर (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग ऑक्शन के लिए बीसीसीआई ने 574 खिलाड़ियों की फाइनल लिस्ट रिलीज कर दी। इनमें 366 भारतीय और 208 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। 81 प्लेयर्स की बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए है।

ऑक्शन लिस्ट में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन का नाम शामिल नहीं किया गया है। ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दाह शहर में होगा।

10 टीमों में 204 प्लेयर्स की जगह खाली है, टीमें 70 विदेशी खिलाड़ियों को खरीद सकती हैं।

बिहार के 13 साल के वैभव सूर्यवंशी सबसे युवा तो इंग्लैंड के 42 साल के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। जेम्स की बेस प्राइस 1.25 करोड़ है। वैभव बिहार में घरेलू क्रिकेट खेलते हैं।

**दोपहर 3 बजे शुरू होगा ऑक्शन**

आईपीएल मेगा ऑक्शन 24 नवंबर को दोपहर 3 बजे शुरू होगा। ऑक्शन अगले दिन भी 3 बजे ही शुरू होगा। 574 में से 244 खिलाड़ी कैप्ड हैं, वहीं 330 अनकैप्ड हैं। कैप्ड प्लेयर्स में 48 भारतीय, 193 विदेशी और 3 एसोसिएट देशों के खिलाड़ी रहेंगे। वहीं अनकैप्ड खिलाड़ियों में भारत के 318 और विदेश के 12 प्लेयर्स हैं।

**आर्चर, ग्रीन को लिस्ट में शामिल नहीं किया गया**

लिस्ट में इंग्लिश पेसर जोफ्रा आर्चर और ऑस्ट्रेलियन ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन का नाम शामिल नहीं किया गया है। दोनों प्लेयर्स ने 2-2 करोड़ की बेस प्राइस पर रजिस्ट्रेशन कराया था, लेकिन आईपीएल टीमों ने इन दोनों खिलाडियों में इंटरेस्ट नहीं दिखाया है।

**2 करोड़ की बेस प्राइस में 81 खिलाड़ी**

अनकैप्ड खिलाड़ियों की बेस प्राइस 30 लाख रुपए रखी गई है, जिनमें 320 प्लेयर्स हैं। इस बार भी ऑक्शन में 2 करोड़ रुपए सबसे बड़ी बेस प्राइस हैं, इसमें 81 खिलाड़ियों के नाम हैं। 1.50 करोड़ की बेस प्राइस में 27 प्लेयर्स, 1.25 करोड़ रुपए की बेस प्राइस में 18 खिलाड़ी और 1 करोड़ रुपए की बेस प्राइस में 23 प्लेयर्स हैं।



**पंत और श्रेयस की बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए**

ऑक्शन में मार्की प्लेयर की 2 लिस्ट रहेंगी। पहली लिस्ट में ऋषभ पंत, कगिसो रबाडा, जोस बटलर, श्रेयस अय्यर, अर्शदीप सिंह और मिचेल स्टार्क का नाम शामिल है। दूसरी लिस्ट में युजवेंद्र चहल, लियम लिविंगस्टन, डेविड मिलर, केएल राहुल, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज शामिल हैं।

**10 टीमों ने 46 खिलाड़ी रिटेन किए**

आईपीएल का मेगा ऑक्शन हर 3 साल में एक बार होता है। जिसके लिए इस बार टीमें ज्यादा से ज्यादा 6 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती थीं।

31 अक्टूबर रिटेंशन की आखिरी तारीख थी, इस दिन 10 टीमों ने 46 खिलाड़ियों को रिटेन किया। पंजाब किंग्स ने सबसे कम 2 खिलाड़ी रिटेन किए। वहीं राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स ने सबसे ज्यादा 6-6 प्लेयर्स को अपने साथ रखा।

**किस बेस प्राइस में कितने खिलाड़ी**

| | | |
|---|---|---|
| 02 करोड़ 81 खिलाड़ी | 1.50 करोड़ 27 खिलाड़ी | 1.25 करोड़ 18 खिलाड़ी |
| 1 करोड़ 23 खिलाड़ी | 75 लाख 92 खिलाड़ी | 50 लाख 8 खिलाड़ी |
| 40 लाख 5 खिलाड़ी | 30 लाख 320 खिलाड़ी | |

राशि रुपए में

**पंजाब के पास सबसे ज्यादा पर्स**

2 ही खिलाड़ी रिटेन करने के कारण पंजाब के पास ऑक्शन में 110.50 करोड़ रुपए का पर्स बाकी है।

उनके बाद बेंगलुरु के पास 83 करोड़ रुपए बाकी हैं। राजस्थान के पास सबसे कम 41 करोड़ रुपए बचे हैं। राजस्थान और बेंगलुरु के पास कोई राइट टु मैच कार्ड भी नहीं है। जबकि पंजाब के पास 4 और बेंगलुरु के पास 3 आरटीएम कार्ड बचे हैं।

**राइट टु मैच कार्ड क्या होता है?**

जिन भी टीमों ने 6 से कम प्लेयर्स रिटेन किए हैं, उन्हें ऑक्शन में राइट टु मैच यानी आरटीएम कार्ड मिलेगा। आरटीएम कार्ड से टीमें स्क्वॉड में शामिल पिछले खिलाड़ी को वापस अपने साथ रख पाएंगी।

आरटीएम को उदाहरण से समझते हैं, मान लीजिए पिछले सीजन आरसीबी का हिस्सा रहे ग्लेन मैक्सवेल को ऑक्शन में एमआई ने 7 करोड़ रुपए की बोली लगाकर खरीद लिया। अब आरसीबी चाहे तो आरटीएम कार्ड का इस्तेमाल कर मैक्सवेल को अपने साथ रख सकती है।

हालांकि इस बार एमआई के पास मैक्सवेल के लिए बोली बढ़ाने का ऑप्शन भी रहेगा। आरटीएम का इस्तेमाल करने के बाद एमआई चाहे तो मैक्सवेल पर 10 करोड़ रुपए की बोली भी लगा सकती है।

अब अगर आरसीबी मैक्सवेल को अपने साथ रखना चाहेगी तो उसे 10 करोड़ रुपए देने होंगे। इसी के साथ उसका एक आरटीएम कार्ड इस्तेमाल हो जाएगा। अगर आरसीबी ने मना कर दिया तो मैक्सवेल 10 करोड़ रुपए में एमआई के हो जाएंगे।

# मेगा ऑक्शन से पहले अर्जुन तेंदुलकर ने बढ़ाया अपना बेस प्राइज

## मौजूदा फॉर्म दिला सकती है बड़ी रकम

मुंबई, 16 नवंबर (एजेंसियां)। इस साल मुंबई इंडियंस द्वारा रिलीज किए जाने के बाद युवा क्रिकेटर अर्जुन तेंदुलकर अब मेगा ऑक्शन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्हें 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होने वाले मेगा ऑक्शन के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। चार सीजन से आईपीएल का हिस्सा रहे अर्जुन ने इस साल 30 लाख रुपये के बेस प्राइस के साथ मेगा ऑक्शन में एंट्री ली है। उन्होंने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत मुंबई के साथ की थी, जहां उनका बेस प्राइज 20 लाख रुपये था।

वह आईपीएल 2020 में मुंबई इंडियंस के लिए नेट बॉलर के तौर पर यूएई गए थे। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2022 के मेगा ऑक्शन में अर्जुन को 30 लाख रुपये में फिर से साइन किया।



अर्जुन को 2023 में ही आईपीएल डेब्यू करने का मौका मिला। यहां उन्हें पूरे सीजन में चार मैच खेलने का मौका मिला। वो हालांकि इस साल आईपीएल में सिर्फ एक मैच ही खेल पाए। मुंबई के पास फिलहाल एक राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड बचा है, ऐसे में अर्जुन की फॉर्म को देखते हुए टीम उन्हें फिर से अपने साथ जोड़ सकती है।

**फॉर्म में हैं अर्जुन**

आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले अर्जुन जोरदार फॉर्म में हैं और रणजी ट्रॉफी में गोवा के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में उनकी मौजूदा फॉर्म उन्हें मेगा ऑक्शन में अच्छी रकम दिला सकती है। मुंबई ने इस बार अपने कोर खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। टीम मैनेजमेंट ने जिन खिलाड़ियों को रिटेन किया है, उसमें जसप्रीत बुमराह, रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या, तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव का नाम शामिल है।

**इस बार हार्दिक ही संभालेंगे कमान**

टीम ने इस बार पहले ही कंफर्म कर दिया है कि कप्तानी में कोई बदलाव नहीं होगा और हार्दिक ही आईपीएल 2025 में टीम को लीड रखेंगे। पांच बार की आईपीएल चैंपियंस ने 2024 में हार्दिक के नेतृत्व में अपना सबसे खराब आईपीएल सीजन खेला, जहां वो पॉइंट्स टेबल में सबसे आखिरी नंबर पर रही।

# भारत से हारकर भी साउथ अफ्रीका ने पूरा कर लिया अपना 'मकसद'

## सीरीज गंवाने के बावजूद कमाए करोड़ों रुपए

सेनटूरियन, 16 नवंबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका को हराकर एक बार फिर से टी20 सीरीज पर कब्जा किया. भारतीय टीम ने जोहान्सबर्ग में खेले गए चौथे और आखिरी मैच मुकाबले 135 रन जीत दर्ज की और 4 मैचों की सीरीज को 3-1 से अपने नाम किया. साउथ अफ्रीका की टीम इस मुकाबले में बुरी तरह एक्सपोज हुई. पहले उसके गेंदबाजों ने 20 ओवर में ही 283 रन लुटा दिए. वहीं चेज करते हुए बल्लेबाज बुरी तरह फ्लॉप हो गए. इस सीरीज में फुल स्ट्रेंथ से खेलने के बावजूद सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली नई टीम के सामने एडेन मार्करम के खिलाड़ियों ने घुटने टेक दिए. हालांकि, इस करारी हार के बावजूद साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड का मकसद पूरा हो गया. उसने इस सीरीज से जमकर पैसे छापे.



**टी20 सीरीज से कमाए 238 करोड़**

साउथ अफ्रीका को जोहान्सबर्ग में मिली हार के बाद टी20 में उसके अप्रोच और बैटिंग में उनकी गहराई को लेकर सवाल उठ रहे हैं. वहीं कप्तान एडेन मार्करम की भी खूब आलोचना हो रही है. लेकिन इन सभी के बीच साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने जबरदस्त कमाई है. रिपोर्ट के मुताबिक उसने 4 मैचों की इस टी20 सीरीज से करीब 600 मिलियन रैंड यानि करीब 238 करोड़ की कमाई की. साउथ अफ्रीका के लिए इस सीरीज के जरिए ज्यादा से ज्यादा पैसे कमाना सबसे बड़ा मकसद था, जो पूरी हो चुकी है.

जोहान्सबर्ग में साउथ अफ्रीका की टीम पूरी तरह से भारतीय गेंदबाजों और बल्लेबाजों से सामने बिखर गई. कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था. इसके बाद संजू और अभिषेक पावरप्ले में ही 73 रन ठोक दिए. इसके बाद तिलक वर्मा और संजू सैमसन ने मिलकर सिर्फ 14.1 ओवर की साझेदारी में ही 210 रन जोड़ दिए, जो इस फॉर्मेट के इतिहास में सबसे बड़ी साझेदारी है. दोनों ने शतक जड़ा और जमकर साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों की कुटाई की. पूरी पारी में टीम इंडिया ने रिकॉर्ड 23 छक्के और 17 चौके लगाए. हालांकि, जब साउथ अफ्रीका बैटिंग करने आई तो उसके बल्लेबाजों ने अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या की घातक सीम बॉलिंग के सामने घुटने टेक दिए. सिर्फ 3 ओवर उसने 4 विकेट गंवा दिए. वहीं 19वें ओवर पूरी टीम सिर्फ 148 रन पर ढेर हो गई.

# कोहली को कंधा मारूंगा, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने टेस्ट से पहले दी किंग को 'धमकी'





मेलबोर्न, 16 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय टीम लगातार तीसरी पर ऑस्ट्रेलिया की धरती पर टेस्ट सीरीज जीतने के इरादे से पहुंची है. इसके लिए खिलाड़ी पर्थ में जमकर मेहनत कर रहे हैं. वहीं वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से भी सीरीज काफी अहम होने वाली है. लेकिन विराट कोहली का फॉर्म टीम इंडिया के लिए चिंता का विषय है. वह पिछली 10 पारियों में सिर्फ 20 की औसत से रन बना पाए हैं. इसके बावजूद पर्थ में शुरू होने वाले मैच से पहले विरोधी टीम में कोहली ही चर्चा का विषय बने हुए हैं. कंगारू टीम उन्हें हल्के में नहीं ले रही है. इसके पीछे वजह ऑस्ट्रेलिया में उनका शानदार प्रदर्शन. इसलिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने उन्हें खामोश रखने के लिए कुछ खास प्लान तैयार किए हैं. मिचेल मार्श ने तो कोहली के बल्ले को शांत रखने के लिए धमकी तक दे दी है.

**मार्श ने कोहली को आउट करने का प्लान**

विराट कोहली फिलहाल पिछले कुछ समय से फॉर्म में नहीं हैं. लेकिन ऑस्ट्रेलिया उनके सबसे पसंदीदा जगह और टीमों में से एक रहा है. वहां उन्होंने 13 मैचों में 54.08 की औसत से 1353 रन बनाए हैं, जिसमें 6 शतक और 4 अर्द्धशतक शामिल है. उनके इस रिकॉर्ड को देखते हुए मिचेल मार्श ने उन्हें जल्द आउट करने का प्लान बताया.

# भारतीय टीम ने 3-0 से जीता मैच

## अजेय रहकर सेमीफाइनल में बनाई जगह



नई दिल्ली, 16 नवंबर (एजेंसियां)। भारत ने शनिवार को मौजूदा ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट विजेता चीन को 3-0 से हराकर उलटफेर किया। महिला एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। भारत ने संगीता कुमारी (32वें मिनट) और कप्तान सलीमा टेटे (37वें मिनट) की मदद से दो मैदानी गोल किए जबकि टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर दीपिका (60वें मिनट) ने अंतिम मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। अब दुनिया की नौवें नंबर की टीम भारत चार मैच में आठ अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। चीन चार मैच में छह अंक से दूसरे स्थान पर खिसक गया है। भारत अपना राउंड रॉबिन अभियान रविवार को जापान के खिलाफ खत्म करेगा। छह टीमों के महाद्वीपीय टूर्नामेंट की शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# भारत के आगे झुका पाकिस्तान

## चैंपियंस ट्रॉफी टूर का नया शेड्यूल जारी

## पीओके का अब एक भी शहर नहीं

इस्लामाबाद, 16 नवंबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के कड़े विरोध पर तुरंत अमल करते हुए पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी के प्रदर्शनी दौरे के लिए नए शेड्यूल को जारी किया है। इस नए शेड्यूल में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के किसी भी शहर को शामिल नहीं किया गया है। ट्रॉफी अब खैबर पख्तूनवाला क्षेत्र के एबटाबाद के अलावा कराची, रावलपिंडी और इस्लामाबाद में प्रदर्शित की जाएगी। ट्रॉफी सबसे पहले पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में प्रदर्शित की जाएगी।



इसके बाद वह देश के अन्य शहरों तक्षशिला और खानपुर (17 नवंबर), एबटाबाद (18 नवंबर), मुरी (19 नवंबर) और नाथिया गली (20 नवंबर) की यात्रा करेगी। उसकी इस यात्रा का समापन कराची (22-25 नवंबर) में होगा। ट्रॉफी जिन शहरों से होकर गुजरेगी उनमें अधिकतर शहर पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 14 नवंबर को जिस कार्यक्रम की घोषणा की थी उनमें भारत और पाकिस्तान के बीच विवादित क्षेत्र पीओके के स्कर्दू, हुंजा और मुजफ्फराबाद जैसे शहर भी शामिल थे।

# रोहित शर्मा के घर दूसरी बार गूंजी खुशियों की किलकारी

## पत्नी रितिका ने दिया बेटे को जन्म

मुंबई, 16 नवंबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा को वो खुशखबरी मिल गई है, जिसका उन्हें सबसे ज्यादा इंतजार था. भारतीय कप्तान रोहित दूसरी बार पिता बन गए हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, रोहित की पत्नी रितिका ने बेटे को जन्म दिया है. इस तरह रोहित बेटी के बाद अब एक बेटे के भी पिता बन गए हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक रोहित की पत्नी रितिका ने मुंबई में ही बेटे को जन्म दिया. इस खबर ने रोहित और रितिका के अलावा उनके परिवार और उनके सभी फैंस को खुशियों से भर दिया. इसके अलावा इस अच्छी खबर ने टीम इंडिया के फैं को भी खुश कर दिया है क्योंकि टीम इंडिया के कप्तान के ऑस्ट्रेलिया सीरीज में शुरू से खेलने की संभावना बढ़ गई है. पिछले कुछ हफ्तों से लगातार इसको लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं कि रोहित जल्द ही पिता बनने वाले हैं. बस इंतजार इस बात का था कि ये खुशखबरी मिलेगी कब. ये इंतजार भी आखिर खत्म हो गया. भारतीय कप्तान ने दिसंबर 2015 में रितिका के साथ शादी की थी. इसके बाद दिसंबर 2018 में उनकी बेटी समायरा का जन्म हुआ था. अब नवंबर 2024 में भारतीय कप्तान के परिवार में एक और सदस्य जुड़ गया है और बेटी समायरा को एक छोटा भाई मिल गया है.



रोहित और उनके परिवार के साथ ही ये टीम इंडिया के लिए भी अच्छी खबर है. बच्चे के जन्म के इंतजार में रोहित अपने साथी खिलाड़ियों के साथ टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना नहीं हो सके थे. भारतीय कप्तान को लेकर लगातार ये अटकलें लगाई जा रही थीं कि वो पहले टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे जबकि दूसरे टेस्ट में खेलने को लेकर भी स्थिति साफ नहीं थी. हालांकि अब इन सब संदेह के दूर होने की उम्मीद जग गई है. बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा. जाहिर तौर पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड अपने कप्तान पर किसी भी तरह का दबाव नहीं डालेगा और ऐसे में अभी भी ये संभव है कि रोहित शायद पहला टेस्ट नहीं खेलें. हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया है कि बोर्ड ने उन्हें तुरंत ऑस्ट्रेलिया भेजने के लिए तैयारियां की हुई हैं.

# माइक टायसन के क्रेज से नेटफ्लिक्स डाउन


## 19 साल के बाद रिंग में उतरे थे अमेरिकी मुक्केबाज, 6 घंटे ठप रही स्ट्रीमिंग सर्विस

खेल डेस्क, 16 नवंबर (एजेंसियां)। दुनिया के ऑल टाइम ग्रेट मुक्केबाजों में गिने जाने वाले माइक टायसन का क्रेज 58 साल की उम्र में भी कायम है। टायसन ने 19 साल के बाद प्रोफेशनल बॉक्सिंग में वापसी की। टेक्सास में शनिवार को टायसन ने अपने ही देश के जैक पॉल से मुकाबला किया।

यह बाउट नेटफ्लिक्स पर लाइव चल रहा था। मुकाबले को देखने के लिए फैंस इतनी बड़ी संख्या में आए कि नेटफ्लिक्स की स्ट्रीमिंग सर्विस ही ठप हो गई। शनिवार को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक नेटफ्लिक्स का सर्वर डाउन रहा।

दो राउंड में बढ़त बनाने के बाद पिछड़े टायसन

2005 के बाद पहली बार प्रोफेशनल बाउट खेल रहे टायसन ने जैक के खिलाफ पहले दो राउंड में बढ़त बना ली थी। इसके बाद वे अगले चार राउंड में पिछड़ गए। जैक ने बाउट 78-74 से जीत ली। दोनों प्रतिद्वंद्वी की उम्र के बीच में 31 साल का अंतर है।



2005 में केविन मैकब्राइड के खिलाफ उतरे थे टायसन

जैक पॉल के साथ बाउट से पहले टायसन ने अपना आखिरी प्रोफेशनल मुकाबला 2005 में आयरलैंड के केविन मैकब्राइड के खिलाफ खेला था। उन्हें हार के साथ अपना 20 साल का करियर समाप्त करना पड़ा था।

टायसन के नाम सबसे युवा चैंपियन होने का रिकॉर्ड

टायसन ने 1986 में 20 साल की उम्र में ट्रेवर बेबरिक का रिकॉर्ड तोड़ दुनिया का सबसे युवा हैवीवेट चैंपियन होने का रिकॉर्ड दर्ज कराया था। यह रिकॉर्ड आज भी कायम है।

टायसन करियर में केवल 7 मैच हारे

टायसन ने इस मुकाबले को लेकर 59 बाउट लड़े। एक प्रोफेशनल बॉक्सर के रूप में 50 मैच जीते हैं। जबकि, उन्हें केवल 7 में हार मिली। खास बात यह है कि टायसन ने 44 मुकाबले नॉकआउट के जरिए जीते।

जैक पॉल यूट्यूबर से प्रोफेशनल बॉक्सर बने

27 साल के जैक पॉल यूट्यूबर से प्रोफेशनल बॉक्सर बने हैं। उन्होंने साल 2020 में प्रोफेशनल बॉक्सिंग शुरू की। पॉल ने इस मुकाबले को मिलाकर 12 में से 11 मैच जीते हैं।

टायसन ने पॉल को थप्पड़ मारा

इस मुकाबले से एक दिन पहले दोनों खिलाड़ियों का फेस-ऑफ हुआ था। जहां टायसन ने जैक पॉल को थप्पड़ जड़ दिया था। टायसन के इस थप्पड़ ने मुकाबले का रोमांच चरम पर पहुंचा दिया था।

नेटफ्लिक्स के 27 करोड़ से ज्यादा यूजर

यूजरडाउन डिटेक्टर डॉट कॉम के अनुसार भारत में यूजर्स को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक नेटफ्लिक्स चलाने में समस्या आई। वहीं सुबह करीब 9.15 बजे 1,296 लोगों को नेटफ्लिक्स चलाने में दिक्कत आई। वहीं, दूसरी ओर अमेरिका में भारतीय समयानुसार सुबह 9.15 बजे 95,324 लोगों को स्ट्रीमिंग में दिक्कत का सामना करना पड़ा। भारत में नेटफ्लिक्स के लगभग 10 मिलियन यानी 1 करोड़ से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। वहीं दुनियाभर के 190 देशों में नेटफ्लिक्स के 27 करोड़ से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं।

## कांग्रेस को वोट देने से बर्बादी की हुई शुरूआत : केटीआर



हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस सरकार की जनता से की गई प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफलता को उजागर करते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी के झूठे वादों के बहकावे में आकर उसे वोट देने से केवल बर्बादी ही हाथ लगेगी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर रामा राव ने कहा कि कांग्रेस सरकार के 420 वादों के बावजूद 15,000 रुपये के रैतु भरोसा समर्थन, 2 लाख रुपये के कर्ज माफी समेत प्रमुख पहलों को लागू नहीं किया गया। उन्होंने सरकार पर इन वादों को पूरा न करके किसानों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस सरकार अच्छी गुणवत्ता वाले धान के लिए प्रति क्विंटल 500 रुपये का बोनस देने में विफल रही है, जो किसानों से किए गए प्रमुख वादों में से एक था। उन्होंने चेतावनी दी कि झूठे वादों पर विश्वास करके कांग्रेस को वोट देने से निराशा और विश्वासघात होगा।

# बीआरएस सरकार लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल रही : महेश गौड



वारंगल, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने पिछली बीआरएस सरकार पर पिछले दस वर्षों के दौरान तेलंगाना के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम नहीं होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में दस वर्षों में कोई विकास नहीं हुआ है। केवल लूट हुई है। लेकिन, मौजूदा सरकार पिछली सरकार की तुलना में लोगों को बेहतर शासन प्रदान कर रही है। शनिवार को हनमकोंडा में मीडिया से बात करते हुए, टीपीसीसी अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बीआरएस पार्टी एक विपक्षी दल के रूप में काम करने में पूरी तरह से विफल रही है और बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव अधीरता से बोल रहे हैं कि उन्होंने सत्ता खो दी है। महेश कुमार गौड़ ने कहा, कांग्रेस सरकार ने एक साल में इतनी नौकरियां दी हैं, जितनी पिछली बीआरएस सरकार ने दस साल में नहीं दी थीं। अब पूरा देश तेलंगाना की ओर देख रहा है, क्योंकि वह अभिनव योजनाएं लागू कर रहा है। दूसरे राज्यों के लोग अपने-अपने राज्यों में तेलंगाना जैसी योजनाओं की मांग कर रहे हैं। जाति जनगणना के साथ तेलंगाना को पूरे देश के लिए आदर्श बताते हुए टीपीसीसी प्रमुख ने बीआरएस नेताओं को कल्याण और विकास कार्यक्रमों पर बहस करने की चुनौती दी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी के एक साल पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे तेलंगाना राज्य में बड़े पैमाने पर प्रजा विजयोत्सवम बैठकें आयोजित करने और उन्हें सफल बनाने का आग्रह किया।

## जगतियाल में नशे में धुत्त व्यक्ति ट्रांसफार्मर के पास सोया, झुलसा

जगतियाल, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जगतियाल पुरानी बस के पास एक नशे में धुत व्यक्ति ट्रांसफार्मर के संपर्क में आने से घायल हो गया। नशे की हालत में वह व्यक्ति ट्रांसफार्मर के पास सो रहा था और बिजली के तार के संपर्क में आने से वह झुलस गया। स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस बुलाकर उसे अस्पताल पहुंचाया।

## तेलंगाना पिछड़ा वर्ग आयोग की जन सुनवाई कल से

हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना पिछड़ा वर्ग आयोग 18 नवंबर से 26 नवंबर तक जिलों में जन सुनवाई का दूसरा दौर आयोजित करेगा। राज्य में सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों की स्थिति पर अध्ययन के हिस्से के रूप में, आयोग जनता और जाति संगठनों से प्रतिनिधित्व और सुझाव आमंत्रित कर रहा है। आयोग ने पुराने संयुक्त जिला केंद्रों में जन सुनवाई करने का फैसला किया है।

हालांकि, आयोग पहले ही 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक पहले दौर में आदिलाबाद, निजामाबाद, संगारेड्डी, करीमनगर और हनमाकोंडा का दौरा कर चुका है और नवीनतम यह है कि आयोग इस महीने की 18 से 26 तारीख तक शेष 5 पूर्ववर्ती जिला मुख्यालयों में जन सुनवाई करेगा। ये कार्यक्रम 18 तारीख को नलगोंडा, 19 को खम्मम, 21 को रंगारेड्डी, 22 को महबूबनगर और 23 को हैदराबाद में आयोजित किए जाएंगे। जो लोग जिला मुख्यालय पर आयोजित जन सुनवाई में शामिल नहीं हो पाते हैं, वे इस महीने की 25 और 26 तारीख को खैरताबाद स्थित आयोग कार्यालय में होने वाली जन सुनवाई में शामिल हो सकते हैं।

# लागाचेरला घटना के सिलसिले में 8 और गिरफ्तार

विकाराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। लागाचेरला में फार्मा विलेज की स्थापना के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में पुलिस ने ग्रामीणों को गिरफ्तार करना जारी रखा है। पहले से हिरासत में लिए गए 17 लोगों के अलावा शनिवार को पुलिस ने आठ और लोगों को गिरफ्तार किया। रिपोर्ट के अनुसार सभी 8 लोगों को पारिगी पुलिस थाने में स्थानांतरित कर दिया गया है और स्वास्थ्य जांच के बाद गिरफ्तार लोगों को अदालत में पेश किया जाएगा।



रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तारी के डर से कई ग्रामीण लागाचेरला से पलायन कर रहे हैं और अन्य गांवों में अपने रिश्तेदारों और मित्रों के यहां शरण ले रहे हैं। इस घटना में 17 लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें से 16 लोगों को पारिगी जेल से संगारेड्डी जेल में स्थानांतरित कर दिया गया है। कोडंगल के पूर्व विधायक पटनम महेंद्र रेड्डी को भी गिरफ्तार किया गया है और वे फिलहाल चेरलापल्ली जेल में हैं। इस बीच, अतिरिक्त महानिदेशक महेश भागवत ने घटना की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने यहां जिला पुलिस कार्यालय में जिला पुलिस के साथ बैठक की और एसपी नारायण रेड्डी के साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इसमें शामिल हुए। यह भी पता चला है कि अतिरिक्त महानिदेशक ने कलेक्टर प्रतीक जैन से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली है। घटना में शामिल फरार लोगों की धरपकड़ के लिए गठित विशेष टीमें अपनी जांच तेज कर रही हैं।

# विवादों से घिरे अवैध ढांचों को किया गया ध्वस्त

मंचेरियल, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सड़कों को चौड़ा करने के लिए मंचेरियल नगरपालिका द्वारा हाल ही में शुरू किया गया अवैध ढांचों को ध्वस्त करने का अभियान विवादों में घिर गया है। पिछले कुछ महीनों से शहर के कई व्यवसाय मंदी का सामना कर रहे हैं। व्यवसायियों को उम्मीद थी कि वे वार्षिक दशहरा और दिवाली त्योहारों के समय कपड़ों, आभूषणों और घरेलू उपकरणों की तेज बिक्री से मुनाफ़ा कमा पाएंगे। लेकिन, उनकी उम्मीदें तब धराशायी हो गईं जब नगर निगम के अधिकारियों ने सड़कों को चौड़ा करने के लिए अवैध ढांचों को गिराना शुरू कर दिया।

एक आभूषण स्टोर के मालिक ने कहा कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों ने अनुमान लगाया था कि दशहरा और दिवाली के त्योहारों पर स्थिति में सुधार होगा, जो कपड़ों और आभूषणों की खरीदारी के लिए मशहूर हैं। कुछ अवैध संरचनाओं को गिराए जाने से व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर असर पड़ा क्योंकि ग्राहकों ने आधी-अधूरी इमारतों में जाने में रुचि नहीं दिखाई। प्रतिष्ठानों ने दिसंबर में होने वाली शादियों के आगामी सीजन पर बहुत उम्मीदें लगाई हुई थीं।

कुछ व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के मालिकों ने नोटिस दिए बिना संरचनाओं को ढहाने के लिए अधिकारियों पर आपत्ति जताई। उनमें से कुछ ने तोड़फोड़ रोकने के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया। उन्हें उम्मीद थी कि जल्द ही उनके पक्ष में फैसला आएगा। हालांकि, तोड़फोड़ का विरोध करने पर उन्हें अज्ञात व्यक्तियों से धमकियां मिल रही थीं। इस बीच, अर्चना टेक्स-वैभवम शॉपिंग मॉल के बीच व्यस्त सड़क के किनारे 100 मीटर लंबी, चार मीटर गहरी और 1.5 मीटर चौड़ी खाई खोदकर साइड ड्रेन का निर्माण किया गया। इससे सड़क के एक तरफ स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में ग्राहकों का आना-जाना बंद हो रहा है, जिससे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का कारोबार प्रभावित हो रहा है।

हैरानी की बात यह है कि टेंडर आमंत्रित किए बिना ही साइड ड्रेन का काम शुरू कर दिया गया। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि मंचेरियल नगरपालिका ने 5 लाख रुपये की अनुमानित लागत से काम के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक सप्ताह में टेंडर आमंत्रित करके साइड ड्रेन का निर्माण किया जाएगा। स्थानीय लोगों को आश्चर्य है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी किए बिना काम कैसे शुरू किया जा सकता है।

पूछे जाने पर, मंचेरियल आयुक्त ए मारुति प्रसाद ने कहा कि सड़कों को चौड़ा करने के लिए किसी भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान को ध्वस्त नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के मालिक स्वेच्छा से अपने अवैध ढांचों को गिरा रहे हैं। याद रहे कि स्थानीय विधायक के प्रेमसागर राव ने हाल ही में बाजार का दौरा किया था और मालिकों से अनुरोध किया था कि वे सड़कों को चौड़ा करने के लिए अनधिकृत ढांचों को ध्वस्त करने में अधिकारियों के साथ सहयोग करें।

## सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

करीमनगर, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। थिम्मापुर मंडल के कोथापल्ली के निकट राजीव राहदारी पर शुक्रवार रात हुई सड़क दुर्घटना में बिहार के दो श्रमिकों सहित तीन लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। यह घटना उस समय घटी जब एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पर चल रहे मजदूरों को टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार, कोथापल्ली के बाहरी इलाके में स्थित एक चावल मिल में काम करने वाले मजदूर धीरज कुमार, सिकंदर मंडला और लक्ष्मण कुमार शाम को कोथापल्ली स्टेज पर गए थे। जब वे घर लौट रहे थे, तभी पीछे से तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। धीरज कुमार (23) और सिकंदर मंडला (25) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि लक्ष्मण कुमार घायल हो गए।

मजदूरों को टक्कर मारने के बाद कार सड़क के डिवाइडर से टकराकर पलट गई। नतीजतन, कार चला रहे थड्डगु वेंकट रेड्डी (53) गाड़ी से उछलकर सड़क किनारे रेलिंग पर गिर गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें करीमनगर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वेंकट रेड्डी सिद्दीपेट जिले के बेजेंकी मंडल के लक्ष्मीपुर के मूल निवासी हैं। घटना की जानकारी मिलते ही एलएमडी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आवासीय स्कूल में कक्षा 9 की छात्रा ने की आत्महत्या

संगारेड्डी, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। संगारेड्डी मंडल के कोथलापुर स्थित बीसी वेलफेयर रेजीडेंशियल स्कूल में 14 वर्षीय एक लड़की ने आत्महत्या कर ली। कक्षा 9 में पढ़ने वाली लड़की की पहचान लिंगमपल्ली की रहने वाली स्वाति के रूप में हुई है। शनिवार सुबह उसे हॉस्टल के कमरे में छत से लटका हुआ पाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और शव को सनाग्रेड्डी के सरकारी अस्पताल में भेज दिया गया है। उसके इस कदम के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

## गोल्डन ओरियोल अपार्टमेंट परिसर में आग

हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार सुबह मणिकोंडा के पास पुप्पलगुडा इलाके में एक अपार्टमेंट परिसर में आग लग गई, जिससे हड़कंप मच गया। आग लगने की घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। दमकलकर्मियों ने एक घंटे से अधिक समय तक आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत की। शुरूआती रिपोर्टों से पता चला है कि रसोई गैस सिलेंडर में विस्फोट हुआ, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि विस्फोट आग लगने के बाद हुआ या विस्फोट के कारण गोल्डन ओरियोल अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स के ए1 ब्लॉक की पांचवीं मंजिल पर स्थित अपार्टमेंट में आग लग गई। घर में आग की लपटें फैल जाने के कारण घर के लोग भागने में सफल रहे।

अन्य मंजिलों और अन्य ब्लॉकों में स्थित अपार्टमेंटों में रहने वाले घबराये हुए निवासी बाहर की ओर भागे, क्योंकि आग की लपटें तेजी से पूरे अपार्टमेंट को अपनी चपेट में ले रही थीं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचे अग्निशमन वाहनों को गोल्डन ओरियोल परिसर में जाने में कठिनाई हुई, क्योंकि अग्निशमन ट्रकों के लिए ज्यादा रास्ता नहीं था, जो कि अनिवार्य है। अंततः अग्निशमन कर्मियों ने अपने वाहन पड़ोसी अपार्टमेंट परिसर में तैनात किए और आग बुझाई।

## जीएसटी के शीर्ष अधिकारियों के साथ बातचीत कार्यक्रम कल

हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफटीसीसीआई) की जीएसटी और सीमा शुल्क समिति जीएसटी, सीमा शुल्क राजस्व और वाणिज्यिक करों के शीर्ष अधिकारियों के साथ एक अनूठा बातचीत कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रही है। 18 नवंबर को दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक एफटीसीसीआई में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में, एफटीसीसीआई एक ओपन हाउस आयोजित करेगा जो जीएसटी पर अपने प्रधान मुख्य आयुक्त, जीएसटी और सीमा शुल्क, हैदराबाद क्षेत्र और प्रधान सचिव राजस्व (सीटी और उत्पाद शुल्क) और वाणिज्यिक कर आयुक्त, तेलंगाना सरकार के साथ एक इंटरैक्टिव बैठक होगी। शहर में जारी एक प्रेस नोट में, एफटीसीसीआई की जीएसटी और सीमा शुल्क समिति के अध्यक्ष इरशाद अहमद ने कहा कि संदीप प्रकाश, आईआरएस, प्रधान मुख्य आयुक्त, सीजीएसटी और सीमा शुल्क, हैदराबाद क्षेत्र: सैयद अली मुर्तुजा रिजवी, आईएएस, प्रमुख सचिव, राजस्व (सीटी और उत्पाद शुल्क) और वाणिज्यिक कर आयुक्त, तेलंगाना सरकार और साहिल इनामदार, आईआरएस, केंद्रीय कर के अतिरिक्त आयुक्त, मेडचल जीएसटी आयुक्तालय ने भाग लेने के लिए सहमति व्यक्त की है। कई संघों, व्यापार निकायों और संस्थानों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इरशाद ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य कानूनों में नवीनतम परिवर्तनों के बारे में जानकारी हासिल करने और स्पष्टीकरण प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना है, यदि कोई हो।

## भाजपा नेताओं ने सीएम रेवंत रेड्डी की चुनौती स्वीकार की



हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी द्वारा मूसी नदी के किनारे निवासियों के साथ रहकर उनकी दुर्दशा को समझने की चुनौती को स्वीकार करते हुए, भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष और केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी और साथी नेताओं ने शनिवार रात को 13 विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले 20 इलाकों में नदी के पार रहने वाले लोगों के बीच रहने का फैसला किया है।

पार्टी के करीब 20 वरिष्ठ नेता शनिवार को मूसी नदी से सटे 20 बस्तियों में लोगों के साथ भोजन करेंगे और वहीं सोएंगे। किशन रेड्डी के साथ पार्टी के राज्यसभा सदस्य के लक्ष्मण, पार्टी सांसद कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी, इटेला राजेंद्र, आधिकारिक प्रवक्ता एन रामचंदर राव और पार्टी के वरिष्ठ नेता चाडा सुरेश रेड्डी, केएस रत्नम, बीबी पाटिल, सीताराम नाइक, येंडाला लक्ष्मीनारायण, वेंकट रमना रेड्डी, गुज्जुला प्रेमेंद्र रेड्डी और एनवीएसएस प्रभाकर समेत अन्य लोग मूसी नदी के किनारे वाले इलाके में रहेंगे। इस पूरी कवायद का उद्देश्य मूसी पुनरुद्धार परियोजना में गरीबों के घरों को ध्वस्त करने के खिलाफ राज्य सरकार को एक कड़ा संदेश देना और लोगों का आत्मविश्वास बढ़ाना है।

## बासर मंदिर में पुलिस-एबीवीपी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प से तनाव

निर्मल, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार को श्री ज्ञान सरस्वती देवस्थानम-बासर परिसर में एबीवीपी कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ बहस के कारण हल्का तनाव व्याप्त हो गया। लगभग 120 कार्यकर्ता मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी का ध्यान आरजीयूकेटी-बसार के छात्रों की आत्महत्या की ओर आकर्षित करने के लिए मंदिर पहुंचे, जो मंदिर का दौरा करने वाले थे। मंत्री के बसर दौरे के मद्देनजर मंदिर में तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया। उन्होंने मंदिर में जाते समय पुलिस द्वारा उन्हें हिरासत में लेने पर आपत्ति जताई।

कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें मंदिर में जाने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने पूछा कि पुलिस ने उन्हें एहतियातन हिरासत में क्यों रखा है? कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी बहस हुई। हालांकि, कार्यकर्ताओं को लोकेश्वरम, बसर, मुधोल और भैंसा पुलिस थानों में स्थानांतरित कर दिया गया।

## मेडचल में निजी बस में लगी आग

हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के बाहरी इलाके मेडचल में शनिवार को एक निजी बस में आग लग गई। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह घटना तब हुई जब इंजन से आग निकली और जल्द ही लपटों ने बस को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें देखकर सतर्क बस चालक ने वाहन रोक दिया और सुरक्षित स्थान पर भाग गया। दमकल की एक गाड़ी तुरंत मौके पर भेजी गई। हालांकि, बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। हालांकि, आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन आशंका है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से यह हादसा हुआ।











# सचिवालय में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हैदराबाद, 16 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्नि सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने और कर्मियों को आग की रोकथाम और प्रतिक्रिया पर शिक्षित करने के प्रयास में, अग्निशमन सेवा विभाग ने शनिवार को यहां डॉ.बी.आर. अंबेडकर तेलंगाना राज्य सचिवालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से एसपीएफ (विशेष सुरक्षा बल) कर्मियों को लक्षित किया गया, जिन्होंने हाल ही में तेलंगाना विशेष पुलिस से सचिवालय की सुरक्षा जिम्मेदारियां संभाली हैं। सहायक जिला अग्निशमन अधिकारी जी.वी. प्रसाद ने स्टेशन अग्निशमन अधिकारियों जन्या और ए. यादय्या के साथ सत्र का नेतृत्व किया। उन्होंने बुनियादी अग्निशमन तकनीकों पर विस्तृत निर्देश दिए और अग्निशामक यंत्रों और निश्चित अग्नि प्रतिष्ठानों के उपयोग का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में आपातकाल की स्थिति में अग्नि रोकथाम रणनीतियों और निकासी प्रोटोकॉल पर मार्गदर्शन भी शामिल था। अधिकारियों ने छत से व्यक्तियों को निकालने के लिए ब्रोंटो स्काई लिफ्ट (बीएसएल) का उपयोग करके बचाव तकनीकों का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, उन्होंने आपातकालीन स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए श्वास व्यायाम और कृत्रिम श्वसन विधियों पर व्यावहारिक प्रदर्शन भी किए। सचिवालय के मुख्य सुरक्षा अधिकारी देवदास ने एसपीएफ कर्मियों के साथ कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे यह एक संवादात्मक और जानकारीपूर्ण सत्र बन गया।






Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.